# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 20 अक्टूबर 2024





### पीडब्ल्यूडी और आईआरसी के सेमिनार में शामिल होने भोपाल आए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इंजीनियरों की खूब चुटकी ली

# डीपीआर बनाने वालों को मिलने चाहिए पद्म पुरस्कार, बनाते वे हैं...लोग हमें 'ठोकते' हैं



गडकरी बोले- अच्छे कार्यों के क्रेडिट के साथ जब सड़कों पर गड्ढे होते हैं, तो मिलता है डिस्क्रेडिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

आईआरसी के दो दिनी सेमीनार का शुभारंभ करने आए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इंजीनियरों की खूब चुटकी ली। उन्होंने गलत डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि डीपीआर वाले भी महान लोग हैं, एक-एक को पद्मश्री और पद्म विभूषण मिलना चाहिए।

यदि इंजीनियरिंग के प्वॉइंट ऑफ व्यू से देखें तो कई बार ऐसी-ऐसी डीपीआर बनाते हैं कि रोड को मंदिर-मस्जिद तक ले आकर वहीं छोड़ देते हैं। घर पर बैठकर गूगल से काम कर लेते हैं। ऐसी ▶▶शेष पेज 4 पर

**गडकरी ने कहा कि यदि इंजीनियरिंग के प्वॉइंट ऑफ व्यू से देखें तो कई बार ऐसी-ऐसी डीपीआर बनाते हैं कि रोड को मंदिर-मस्जिद तक ले आकर वहीं छोड़ देते हैं। घर पर बैठकर गूगल से काम कर लेते हैं।**

**गडकरी ने मुख्यमंत्री यादव से कहा कि वे इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्रों से कहें कि इस तरह की डीपीआर को चेक करें उनका अनुभव भी बढ़ेगा और क्रॉस चेक भी होगा**



### केंद्रीय मंत्री गडकरी के सुझाव

- ▶▶ थ्री लेयर, फोर लेयर रोड बने। नागपुर में उन्होंने ऐसा किया
- ▶▶ नीचे सड़क, ऊपर सड़क व उसके ऊपर मेट्रो रूट बना है
- ▶▶ विश्व की बेहतर तकनीक का उपयोग करके अच्छी सड़क का निर्माण कर सकते हैं

### गांवों को जोड़ने का कार्य सबसे पहले पटवा जी ने किया था

गडकरी ने कहा कि गांवों का जोड़ने का कार्य सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री रहे सुंदरलाल पटवा ने की थी। हालांकि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब साढ़े तीन लाख गांवों को जोड़ने का काम अटल बिहारी बाजपेयी सरकार में हुआ। पर शुरूआत पटवा जी ने की थी। उन्होंने निर्माण कार्यों में वैकल्पिक ईंधन का उपयोग कर लागत को कम करने, खेतों से निकलने वाली अनुपयोगी सामग्री का वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत के रूप में उपयोग करने आदि का भी सुझाव दिया। ▶▶पढ़ें पेज 06 भी

### टॉवर को थोड़ा सरका देते तो 400 करोड़ बच जाते

गडकरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक बार वे बेंगलुरू से चेन्नई एक्सप्रेस-वे का हवाई निरीक्षण कर रहे थे। उनके साथ सतना के एक पांडे इंजीनियर थे। उनसे मैंने कहा कि पांडे जी आपने आईआईटी पास किया है, क्या समझ में नहीं आता कि टॉवर को थोड़ा सरका देते तो 400 करोड़ बच जाते। इस पर पांडे ने सहमति जताई और कहा कि साहब आप सही हैं, यह डीपीआर बनाने वालों की गलती है। उन्होंने कहा कि माफ करना यदि डीपीआर बनाने वालों में से कोई यहां बैठा हो, पर डीपीआर में ऐसा नहीं होना चाहिए।

### इंजीनियर सड़कों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सड़कों की स्थिति और निर्माण प्रक्रिया में सुधार के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने उपस्थित इंजीनियर्स को भी जागरूक किया कि उनकी जिम्मेदारी सिर्फ काम करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी भूमिका को समझना भी है। उनका उद्देश्य केवल सड़कों का निर्माण करना नहीं, बल्कि उस निर्माण की गुणवत्ता को भी सुनिश्चित करना है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखे कि क्वालिटी के साथ कंप्रोमाइज नहीं हो, चूंकि यह अपने देश की संपत्ति है।

## प्राचीन विधा, नवीन व प्रभावी तकनीक पर गौर करना जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़कों तथा अधोसंरचना के निर्माण में प्रयुक्त हो रही नवीन तकनीक पर विचार-विमर्श करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में हुए निर्माण कार्यों में प्रयुक्त प्रभावी तकनीक पर गौर करना तथा उनसे प्रेरणा लेना भी आवश्यक है। राजा भोज की ओर से एक हजार साल पहले बनाया गया भोपाल का बड़ा ताल मितव्ययता के साथ प्रभावी जल प्रबंधन का अनूठा उदाहरण है। सम्राट अशोक और सम्राट विक्रमादित्य के काल के सिक्कों पर बने मार्गों के चिन्ह उस काल में सड़कों की महत्ता को ▶▶शेष पेज 4 पर




### 25 हजार करोड़ की सौगात देने पर आभार जताया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 3,589 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भोपाल-कानपुर फोर लेन को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी का आभार माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गडकरी शीघ्र ही अधोसंरचना निर्माण के लिए प्रदेश को 25 हजार करोड़ रुपए की सौगात देने वाले हैं। यह सभी प्रदेशवासियों के लिए प्रसन्नता का विषय है। इसके लिए भी उन्होने गडकरी का आभार जताया।

### उड़ान 3 घंटे लेट थी, इसलिए दिया गया था नाश्ता

## इंडिगो की फ्लाइट में यात्रियों को खिला दिए एक्सपायरी बिस्किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

इंडिगो फ्लाइट में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां नागपुर से इंदौर आ रहे यात्रियों को इंडिगो की फ्लाइट में यात्रियों को नाश्ते में एक्सपायरी बिस्किट देने से विवाद हो गया। जिसके चलते यात्रियों ने एयरपोर्ट में हंगामा शुरू कर दिया। नागपुर से इंदौर के लिए सुबह आ रही इंडिगो की फ्लाइट तीन घंटे लेट हो गई। इंडिगो फ्लाइट के उड़ान भरने का समय सुबह 8 बजकर 45 मिनट है। शनिवार को ये फ्लाइट दोपहर 12 बजे रवाना हुई। जिसको देखते हुए इंडिगो

**■ चॉकलेट तक एक्सपायरी डेट की थीं**




कंपनी ने यात्रियों के लिए नाश्ते में बिस्किट का इंतजाम किया था। जो कि एक्सपायरी डेट वाले निकले। इसके चलते यात्रियों ने फ्लाइट में हंगामा शुरू कर दिया।

यात्रियों को दिए गए बिस्किट के पैकेट पर जब यात्री की नजर पड़ी तो उसने देखा कि बिस्किट एक्सपायरी हैं। इसे देखकर यात्री भड़क गए और स्टाफ से इसकी शिकायत कर दी। तब तक कई ▶▶शेष पेज 4 पर

### 9 साल की बच्ची से बस स्टैंड पर रेप

## फल लेने गए थे दादा-दादी, लौटने पर खून से सनी मिली 'वो मासूम'

जिस बुजुर्ग के पास बच्ची छोड़ी, वे कम सुनते हैं, इसलिए बच्ची की चीख नहीं सुन सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶शिवपुरी

यहां के अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर 9 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। बच्ची अपने दादा-दादी के साथ अहमदाबाद से भितरवार के गांव जा रही थी।

शुक्रवार रात सवारी वाहन न मिलने के चलते वह दादा-दादी और 5 साल के भाई के साथ बस स्टैंड पर ही रुक गई। बच्ची के दादा ने बताया कि रात होने के चलते गांव के लिए बस नहीं मिली। सभी बस स्टैंड के आखिरी छोर पर कोटा बस स्टॉपेज के परिसर में



आराम करने लगे। बच्चे फल खाना चाहते थे, इसलिए पत्नी के साथ फल लेने बस स्टैंड से बाहर चला गया। दोनों बच्चों को बुजुर्ग के पास छोड़ गए थे। लौटे तो पोती खून से लथपथ थी। पूछने पर उसने बताया कि एक शख्स ने उसे डराया और गलत काम किया। इसके बाद भाग गया। बुजुर्ग दंपती बच्ची को लेकर ▶▶शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी आज रीवा के हवाई अड्डे का करेंगे वर्चुअल शुभारंभ

# विंध्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगा यह एयरपोर्ट

भोपाल, जबलपुर, खजुराहो, इंदौर और ग्वालियर के बाद रीवा प्रदेश का 6वां एयरपोर्ट

इस एयरपोर्ट पर उड़ानें शुरू होने से प्रदेश के 65 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र के एक बड़े हिस्से के लिए यह अच्छी खबर है कि डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने रीवा एयरपोर्ट को लाइसेंस दे दिया है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विंध्य क्षेत्र को एयरपोर्ट की सौगात देने जा रहे हैं। रविवार 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे।

◆ अब यहां से एयरक्राफ्ट आसानी से उड़ान भर सकेंगे






इस एयरपोर्ट पर एटीआर 72 विमान संचालित किया जा सकता है

रीवा एयरपोर्ट पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए गेम चेंजर साबित होगा, इससे रीवा अंचल में पर्यटन के साथ निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रीवा की सीमा से लगे उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ के लोगों को भी राहत मिलेगी। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने एयरपोर्ट की सौगात देने पर प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है। रीवा एयरपोर्ट को अगले 50 सालों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### यह जिले सीधे जुड़ जाएंगे

इस एयरपोर्ट के शुरू हो जाने से रीवा से मऊगंज, सीधी, सतना, मैहर जिले सीधे रूप से जुड़ जाएंगे। रीवा की आबादी करीब 15 लाख, मऊगंज की 8 लाख, सीधी की 12 लाख, सिंगरौली की 12 लाख और सतना जिले की आबादी 18 लाख है। इन जिलों की जनता को रीवा एयरपोर्ट बनने से सीधा फायदा होगा। ▶▶पढ़ें पेज 06 भी




## हवाई सेवाओं का विस्तार
## मध्यप्रदेश विकास की नई उड़ान को तैयार



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### ₹450 करोड़ लागत के

# रीवा एयरपोर्ट
का
# लोकार्पण

प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति
## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**20 अक्टूबर, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे**




**मध्यप्रदेश में निरंतर बढ़तीं वायु सेवाएं**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 विमानतल | 25 हवाई पट्टियां | हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण | पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा | पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा | पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा |

D-11087/24

सीधा प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #RewaTakesFlight

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

भोपाल
रविवार, 20 अक्टूबर 2024
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष : 03
वर्ष : 11, अंक : 207
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 23
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

काला हिरण मारने के आरोप पर बोले सलीम खान

## सलमान बिश्नोई समाज के मंदिर में नहीं मांगेंगे माफी



**मुंबई।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की धमकियों के बीच पिता सलीम खान से साफ-साफ कहा है कि उनका बेटा सलमान खान कभी माफी नहीं मांगेगा। न वह बिश्नोई समाज के मंदिर में माथा टेकेगा। उन्होंने कहा कि सलमान ने कभी जानवरों का शिकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सलमान को मिल रही धमकियां सिर्फ उगाही के लिए हैं। सलमान ने कभी साधारण कॉकरोच को भी नहीं मारा। हम हिंसा में विश्वास नहीं रखते हैं। सलीम खान ने कहा कि शेष पेज 4 पर

पुलिस की मनमानी पर हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला- सभी थानों के हर रूम में लगें ऑडियो वाले सीसीटीवी कैमरे

# पुलिसकर्मियों ने थाने में खुद वर्दी फाड़ी, युवक पर केस लादा हाईकोर्ट ने डीजीपी से कहा-इन सबको 900 किमी दूर फेंकिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

पुलिस हिरासत में युवक से मारपीट और फर्जी केस लादने के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। पीड़ित युवक अखिलेश पांडेय की याचिका पर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है।

अनूपपुर के भालूमाड़ा पुलिस थाने में फर्जी केस लादकर युवक के साथ मारपीट की गई थी। पुलिसकर्मियों ने खुद अपनी वर्दी फाड़कर युवक पर वर्दी फाड़ने का केस दर्ज किया था। सूचना के अधिकार में मिले सीसीटीवी फुटेज देखकर हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। इसके साथ ही कोर्ट ने भालूमाड़ा थाने के टीआई सहित 6 आरोपी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के आदेश दिए हैं। आरोपी पुलिसकर्मियों को उनके स्थान से 9 सौ किमी दूर ट्रांसफर करने के आदेश दिए हैं। इतना ही नहीं आरोपी पुलिसकर्मियों से 1.20 लाख रुपए मुआवजा वसूलकर पीड़ित को देने के आदेश दिए हैं।

**आदेश में यह भी**

1. भालूमाड़ा थाने के टीआई सहित 6 आरोपी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर हो
2. पुलिसकर्मियों से 1.20 लाख रुपए मुआवजा वसूलकर पीड़ित को दिया जाए



### आदेश का पालन नहीं तो अवमानना का केस

कोर्ट ने मध्यप्रदेश के डीजीपी को यह आदेश दिया है कि प्रदेश के सभी थानों के सभी कमरों में ऑडियो वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। गौर हो कि हाईकोर्ट ने डीजीपी को फैसले का पालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। यदि इस आदेश का पालन नहीं हुआ तो डीजीपी के खिलाफ कंटेम्पट ऑफ कोर्ट की कार्रवाई की जाएगी।

### जज ने महाभारत का भी दिया उदाहरण

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के जज जीएस अहलूवालिया ने फैसले में महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर से कहा था दुनिया में अराजकता से बुरा और कुछ नहीं' है। 5 हजार रुपए की रिश्वत न देने पर भालूमाड़ा थाने में मारपीट की गई थी। पीड़ित अखिलेश पांडेय अनूपपुर में एक निजी कंपनी का मैनेजर था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नेतन्याहू के निजी आवास पर हमला



**तेल अवीव।** हिजबुल्लाह ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निजी आवास को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया है। इजराइली मीडिया में बताया गया है कि हाइफा के सीजेरिया इलाके में शनिवार सुबह विस्फोट की आवाज सुनी गई, जहां पीएम का निजी आवास है। लेबनान से लॉन्च किया गया ड्रोन एक इमारत से टकराया है।

### नई पार्टी बनाएंगे आरसीपी सिंह



**पटना।** बिहार में साल 2025 में विधानसभा चुनाव होने है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने शनिवार को बिहार में नई पार्टी बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने भाजपा छोड़ नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा और जेडीयू के कई नेता उनके संपर्क में हैं। पटना में समर्थकों ने पोस्टर भी लगाए हैं।

### 1 दुर्घटना का शिकार दूसरे की करंट से मौत



**बालाघाट।** जिले में दो तेंदुओं की मौत होने की खबर है। एक की मौत सड़क हादसे में हुई तो दूसरा करंट की चपेट में आने से मृत पाया गया। जानकारी के अनुसार गश्ती पर निकले वन विभाग के अमले को मृत तेंदुआ मिला। उसकी मौत करंट लगने से हुई है। जिसकी वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई जिसके पश्चात वनपरिक्षेत्र अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे।

शनिवार को भी 30 बम धमकी कॉल्स मिलीं, जिनमें इंडिगो की 5 फ्लाइट्स, एयर इंडिया एक्सप्रेस की 3, अकासा की 15 और विस्तारा की 7 फ्लाइट्स शामिल हैं

**14** अक्टूबर से अब तक करीब 50 विमानों में बम होने की धमकी मिल चुकी

# हर फेक धमकी से एयरलाइंस के 3 करोड़ से ज्यादा रुपए बर्बाद! बढ़ा वित्तीय संकट

एयरलाइंस के वरिष्ठ अधिकारी इन फर्जी बम धमकियों को 'वित्तीय आतंकवाद' मानते हैं

सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत, बम धमकियों को उनके गंभीरता के आधार पर अलग-अलग रंगों में वर्गीकृत किया जाता है।

- विदेश मंत्रालय ने कहा कि विमानों को मिल रही धमकियों के बारे में जानकारी अमेरिका के साथ साझा की गई है
- लंदन और जर्मनी के आईपी एड्रेस का भी खुलासा हुआ है



विशेष खबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हवाई उड़ानों को बम से उड़ाने की फर्जी धमकियों का सिलसिला जारी है, जिससे एयरलाइंस की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। हर बार की बम धमकी चाहे फर्जी ही क्यों न हो, एयरलाइंस के लिए यह सिर्फ सुरक्षा का सवाल नहीं होता, बल्कि भारी आर्थिक नुकसान का भी कारण बनती है। सुरक्षा को लेकर ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के महानिदेशक जुल्फिकार शेष पेज 4 पर

### पुलिस को किसी गहरी साजिश का अंदेशा

एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, हाल ही में एयरलाइंस को बम होने की धमकी ज्यादातर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी जा रही हैं। जांच में सामने आया कि कुछ धमकी भरे पोस्ट्स का आईपी एड्रेस लंदन और जर्मनी के सर्वरों से निकला, जबकि कुछ आईपी एड्रेस भारत के भी पाए गए। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को ऐसे अकाउंट्स को डिलीट करने के लिए लिखा है लेकिन इसके बावजूद धमकी भरे पोस्ट लगातार आ रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि इस सबके पीछे किसी बड़ी साजिश का हाथ हो सकता है। धमकी देने वाले लोग वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) और डार्क वेब ब्राउजर का इस्तेमाल करके कई अकाउंट्स बनाते हैं और फिर उनसे ये पोस्ट किए जाते हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार से अब तक 10 से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट्स को डिलीट करवाया है, जिनमें से अधिकतर एक्स पर थे।

### एयर इंडिया को 15-20 करोड़ का घाटा

15 अक्टूबर को एयर इंडिया की बी 777 (वीटी-एएलएम) फ्लाइट, जो दिल्ली से शिकागो जा रही थी, बम की धमकी के बाद कनाडा के एक छोटे शहर इकालुइट में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए मजबूर हो गई। विमान में 200 से ज्यादा यात्री सवार थे, जिन्हें कनाडाई वायु सेना की फ्लाइट से शिकागो ले जाया गया। विमान खुद बाद में बिना यात्रियों के शिकागो पहुंचा। इस पूरी घटना से एयर इंडिया को 15-20 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

### इंडिगो की 5 फ्लाइट्स में बम की धमकी मिली

इंडिगो एयरलाइंस ने बताया कि उनकी दिल्ली से इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट 6ई में बम रखा होने की धमकी मिली थी। इंडिगो एयरलाइंस की मुंबई-इस्तांबुल के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट 6ई 17 को भी धमकी मिली है। साथ ही जोधपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट 6ई 184 को भी बम की धमकी शेष पेज 4 पर

### डायवर्जन की महंगी कीमत, कई टन ईंधन का खर्च

एयरलाइनों को सिर्फ बम की धमकियों के कारण इमरजेंसी लैंडिंग ही नहीं, बल्कि उड़ानों के डायवर्ट होने पर भी भारी खर्च का सामना करना पड़ता है। डायवर्जन के दौरान कई टन ईंधन खर्च होता है, जो करोड़ों का अतिरिक्त बोझ डालता है। जैसे- एक बी 777 विमान हर घंटे 7-8 टन ईंधन जलाता है, शेष पेज 4 पर



पटाखे बनाते समय हादसे की आशंका

# बारूद से मकान में विस्फोट मलबे में दब गई मां और बेटी

- पास के मकानों को भी नुकसान, रेस्क्यू में जुटी टीम
- दो मकान ध्वस्त उसमें रखा था दो पेटी बारूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

मुरैना में एक मकान में विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि मकान भरभराकर गिर गया। आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। मलबे में मां और बेटी दब गई। जिसे बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

बताया जा रहा है कि यहां पटाखे बनाने का काम होता था। घटना इस्लामपुरा में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे की है। रेस्क्यू टीम ने एक घायल महिला को मलबे से सुरक्षित निकाला और अस्पताल पहुंचाया। रेस्क्यू के चलते बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। जिस मकान में विस्फोट हुआ वह गजराज शेष पेज 4 पर

### अपर कलेक्टर ने कहा-बारूद की गंध नहीं आ रही

मुरैना के अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद ने कहा था कि बारूद की गंध नहीं आ रही है। अगर बारूद होता तो आग भी फैलती। प्रथम दृष्टया सिलेंडर विस्फोट लग रहा है। मलबे में दो से तीन लोगों के दबे होने की आशंका है। उन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू चल रहा है। इस्लामनगर के जिस मकान में विस्फोट हुआ है उसके पड़ोस में रहने वाले धर्मेंद्र गुर्जर का कहना है कि लल्ला राठौर, निरंजन राठौर और उसके पिताजी एकसाथ पटाखे बनाने का काम करते थे। पटाखों के बारूद में विस्फोट हो गया। चार मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसमें मेरा भी मकान क्षतिग्रस्त हुआ है।

भाजपा ने की उप चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा

# बुदनी से रमाकांत व विजयपुर से राम निवास को भाजपा का टिकट

रावत का सिंगल नाम था, बुदनी पर तीन नामों का पैनल था

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा नेतृत्व ने प्रदेश की बुदनी एवं विजयपुर विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उप चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के इस्तीफे से खाली हुई सीट पर पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव को टिकट मिला है जबकि विजयपुर सीट से कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए राम निवास रावत को प्रत्याशी बनाया गया है। रावत प्रदेश सरकार में वन मंत्री हैं और रावत के इस्तीफे के कारण ही विजयपुर सीट के लिए उप चुनाव हो रहा है। प्रदेश भाजपा ने उनका सिंगल नाम केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा था जबकि बुदनी के लिए तीन नामों का पैनल भेजा गया था।

### कार्तिकेय के कारण था अटकलों का दौर



रमाकांत भार्गव | रामनिवास रावत

बुदनी सीट के लिए दावदारों के पैनल में रमाकांत भार्गव, रघुनाथ भाटी और रवि मालवीय के नाम भेजे गए थे हालांकि चर्चा थी कि पैनल में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के बेटे कार्तिकेय का नाम भी भेजा गया था। पार्टी में एक वर्ग कार्तिकेय को टिकट मिलने का दावा कर रहा था। इधर पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव का प्रचार रथ तक तैयार हो चुका था। रमाकांत का टिकट काट कर ही विदिशा लोकसभा से शिवराज को प्रत्याशी बनाया गया था। वे शिवराज के खास भी हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी जिम्मेदारी

# राष्ट्रीय महिला आयोग की नई अध्यक्ष होंगी विजया रहाटकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विजया रहाटकर राष्ट्रीय महिला आयोग की नई अध्यक्ष नियुक्त की गई हैं। रहाटकर इससे पहले 2016 से 2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सामाजिक कार्यों में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, अर्चना मजूमदार को राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग का मकसद महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना, उनके खिलाफ हो रहे भेदभाव और हिंसा को समाप्त करना और उन्हें सभी क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान करना है। शेष पेज 4 पर



- अर्चना मजूमदार की सदस्य के रूप में नियुक्ति

### नवाचार के लिए जानी जाती हैं रहाटकर

रहाटकर इस पद पर तीन साल या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) के लिए नियुक्त किया गया है। वह आयोग की नौवीं अध्यक्ष होंगी। महाराष्ट्र महिला आयोग में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सक्षमा (तेजाबी हमलों के पीड़ितों की मदद के लिए), प्रज्ज्वला (स्वयं सहायता समूहों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए) और सुहिता (महिलाओं के लिए 24गुणा7 हेल्पलाइन सेवा) जैसी कल्याणकारी पहलों की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी दीवाली की शुभकामनाएं

# सरकारी कर्मचारियों को मुख्यमंत्री का तोहफा, 28 को मिलेगा वेतन



सीएम ने कहा कि त्यौहार पूर्व वेतन भुगतान होने से निश्चित ही दीपोत्सव अधिक आनंददायक होगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकारी कर्मचारियों को त्यौहार से पहले ही दीपावली का तोहफा दे दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि 28 अक्टूबर को ही सभी कर्मचारियों के खाते में अक्टूबर माह की तनख्वाह आ जाएगी। कर्मचारी धूमधाम से दीवाली मना सकें, इसलिए सरकार ने यह फैसला किया है। बता दें कि हर महीने की पहली तारीख को पैसे अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं, लेकिन 31 अक्टूबर को त्यौहार होने की वजह से दीवाली फीकी न रहे, इस वजह से यह निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसकी जानकारी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। उन्होंने लिखा- दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सभी शासकीय सेवकों के 1 नवंबर को देय अक्टूबर माह का वेतन 28 अक्टूबर की स्थिति में आहरण करने हेतु संबंधित सभी विभागों को आदेशित किया है। उन्होंने लिखा है-समस्त शेष पेज 4 पर

शनिवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया उपवास

पीसीसी ने इस कार्यक्रम में हर जिलाध्यक्ष को सौ-सौ कार्यकर्ता लाने का टार्गेट दिया था

# महिला अपराध को लेकर नाथ, दिग्विजय सहित एक साथ दिग्गजों ने रखा 'उपवास'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला अपराधों को लेकर राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर पीसीसी द्वारा प्रदेश स्तरीय सामूहिक उपवास कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और जीतू पटवारी सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर से पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए। पीसीसी ने इस कार्यक्रम में हर जिलाध्यक्ष को सौ-सौ कार्यकर्ता लाने का टार्गेट दिया था।

इस दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में हर 17 मिनट में किसी बेटी के साथ रेप की घटना सामने आती है। रोजाना अलग अलग जगह से इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। शेष पेज 4 पर




रोशनपुरा चौराहे पर उपवास पर बैठे कांग्रेस के दिग्गज नेता

### नाथ ने सरकार को घेरा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम कमलनाथ ने सरकार को जमकर घेरा। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश दिन प्रतिदिन महिलाओं और बच्चियों के लिए असुरक्षित प्रदेश बनता जा रहा है। विगत 24 सितंबर के प्रदेश के चार शहर जबलपुर, रीवा, मैहर और दतिया में एक साथ दुष्कर्म की घटनाएं सामने आई थी। इस तरह से देखा जाए तो प्रदेश महिला अत्याचार का गढ़ बन गया है। उन्होंने कहा देश का नौजवान हो या किसान सब परेशान हैं।



मेट्रो स्टेशन और डिपो के काम निपटाने की एमडी मेट्रो ने दी हिदायत

मेट्रो कारपोरेशन के प्रबंध संचालक ने किया रूट का निरीक्षण


## डीआरएम और सेंट्रल स्कूल स्टेशन के सामने से जल्द हटेगी बेरिकेडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डीआरएम स्टेशन और केंद्रीय विद्यालय स्टेशन के आसपास बेरिकेडिंग की वजह से वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है। त्यौहार की वजह से इन जगहों पर वाहनों का मूवमेंट भी बढ़ा हुआ है। जिसको देखते हुए यहां से बेरिकेडिंग हटाई जाए। स्टेशन और डिपो का काम भी टाइम लिमिट में खत्म करना जरूरी है। यह हिदायत शनिवार को मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने दी। उन्होंने शनिवार को एम्स, अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस स्टेशन के साथ-साथ सुभाष नगर डिपो का जायजा लिया।

### सबसे पहले पहुंचे एम्स स्टेशन

प्रबंध संचालक चैतन्य ने सबसे पहले एम्स स्टेशन का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने टीम के साथ एम्स अस्पताल की ओर बन रहे एंट्री-एक्सिट गेट का निरीक्षण किया। उसके बाद कॉन्कोर्स लेवल पर मेट्रो परिचालन के सिस्टम रूम्स, टेलीकॉम ईक्विपमेंट रूम, सिगनलिंग रूम, स्टेशन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस मौके पर निदेशक शोभित टंडन, अजय गुप्ता, महाप्रबंधक संजय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



मैनिट रोड पर शाम 4.49 बजे के आसपास का नजारा।

### खबर संक्षेप

## स्कूल शिक्षा विभाग तैयार कराएगा बच्चों के आय-जाति प्रमाण-पत्र

**भोपाल।** जनजातीय कार्य विभाग की तर्ज पर अब स्कूल शिक्षा विभाग भी विशेष अभियान चलाकर स्कूली बच्चों के आय, जाति प्रमाण पत्र तैयार कराएगा। 89 जनजातीय विकासखंडों के बेहतर परिणामों को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने भी सामान्य विकासखंडों में ऐसा ही अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के 89 विकासखंडों में इस वर्ग के सभी विद्यार्थियों के आय, जाति प्रमाण-पत्र, बायोमेट्रिक ई-केवाईसी बनवाने, समग्र पोर्टल पर अपडेशन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में संकुल स्तर पर एमपी ऑनलाइन की सेवायें ली जा रही हैं। एमपी आनलाइन के वेंडर की ओर से नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा विद्यार्थियों के जरूरी प्रमाण-पत्रों के अपडेशन करने या नया प्रमाण-पत्र बनाने के लिये प्रक्रिया की जा रही है। इसके लिए जरूरी शुल्क राशि जनजातीय कार्य विभाग की ओर से वहन की जा रही है। इससे प्रदेश के जनजातीय वर्ग के सभी विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभ प्राप्त हो सकेंगे।

## 5वीं-8वीं के स्टूडेंट की होगी मुख्य परीक्षा की डिजिटल अंकसूची

**भोपाल।** प्रदेश के 5वीं-8वीं के विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा की डिजिटल प्रिंटिंग अंकसूची दी जाएगी। इसका लाभ प्रदेश के करीब 25 लाख विद्यार्थियों को मिलेगा। इसके साथ ही नकली अंकसूची से बचने भी राज्य शिक्षा केंद्र ने व्यवस्था की है। इसके लिए अंकसूची पर हॉलमार्क लगाया जाएगा। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम जारी होने के चार से पांच दिन बाद ही अंकसूची प्रदान कर दी जाएगी। दरअसल, अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र जिलों के स्कूलों में अंकसूची का प्रोफार्मा तैयार कर स्कूलों में भेजता था। इससे कई जिलों में डुप्लीकेट अंकसूची के मामले भी सामने आए हैं। साथ ही अंकसूची एक-दो साल की देरी से मिलती थी, लेकिन अब 10वीं 12वीं की तर्ज पर बदलाव किए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 से 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची को डिजिटल प्रिंटिंग की पूरी तैयारी कर ली है। पांचवीं व आठवीं की अंकसूची पर दो जगहों पर हॉलमार्क रहेगा।

अस्थाई बाजारों में दस-दस फीट दूरी पर लगेंगी दुकानें

## इस बार 100 किलो स्टॉक की 11 सौ दुकानों से बिकेंगे पटाखे

*बीस दिन के लिए जारी किए जाएंगे लाइसेंस*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली नजदीक आते ही पटाखा बाजार में रौनक बढ़ गई है। शहर की थोक दुकानों पर छोटे पटाखा कारोबारियों की भीड़ देखी जा रही है। जिसको देखते हुए थोक की 20 और पांच सौ किलो की 14 दुकानों को पटाखे बेचने की परमिशन दी गई है। जबकि बीस दिनों के लिए अस्थाई तौर पर लगने वाली 1114 दुकानों को भी लाइसेंस दिए जा रहे हैं। इन दुकानों को अस्थाई बाजारों में लगाया जाएगा, जहां पर आग से बचाव के इंतजाम भी करना जरूरी होंगे।

दिवाली पर पटाखा बेचने के लिए जिले में 1114 अस्थाई दुकानें लगेंगी। इसके लिए व्यापारियों ने जिला प्रशासन को अस्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन किए हैं।

आग से बचाव के करना पड़ेंगे इंतजाम, फायर दमकल रहेगी तैनात



### 500 किलो की 14 और 100 किलो की 20 दुकानों के लिए जारी होंगे लाइसेंस

ये लाइसेंस 20 दिनों के लिए सशर्त जारी किए जाएगे, इनमें थोक की 20, 500 किलो की 14 और 100 किलो तक के पटाखों की 1100 दुकानें लगेंगी। सबसे ज्यादा 200 दुकानें बैरसिया में लगाई जाएंगी। शनिवार तक भोपाल जिले से 1 हजार 114 लाइसेंस के लिए आवेदन मिले हैं। इनमें 500 किलो और 100 किलो के पटाखों की दुकानों के लिए सिर्फ 20 दिनों की सशर्त अनुमति के साथ लाइसेंस जारी किए जाएंगे। 500 किलो के पटाखों की जिले में 20 आवदेन आए हैं। इनमें होशंगाबाद रोड 11, करोंद 2 और भानपुर की एक दुकान शामिल है। वहीं, थोक कारोबारियों के लिए साल भर का लाइसेंस लेना होगा। भोपाल जिले में ऐसी 20 दुकानें हैं। इनमें हलालपुरा 15, होशंगाबाद रोड, रेलवे फाटक करोंद, बैरसिया रोड करोंद में 1-1 और बैरसिया में दो दुकानें होंगी।

### कहां लगेंगी कितनी दुकानें

- बैरसिया 200, गोविंदपुरा में 170, कोलार 165, हुजूर 80, टीटी नगर में 85, बैरागढ़ में 80, सिटी 120, एमपी नगर 2

### आग से बचाव के यह करना पड़ेंगे इंतजाम

- टीन शेड में बिकेंगे पटाखे
- दुकान में रखना पड़ेगा फायर एक्सटिंगुशर
- रखना पड़ेंगी रेत की बाल्टियां
- दो अस्थाई दुकानों में कम-से-कम 3 मीटर की दूरी रहेगी
- आतिशबाजी की दुकानें आमने-सामने नहीं होनी चाहिए
- तेल लैम्प, गैस लैंप और खुली बिजली बत्तियों पर रोक रहेगी
- बिजली के तारों को दीवार या छत पर लगाएं

### अस्थाई पटाखा बाजारों में रहेंगे सुरक्षा के इंतजाम

एसडीएम क्षेत्र में लगाए जाने वाले अस्थाई पटाखा बाजारों में आग से बचाव के इंतजाम करने होंगे। एसडीएम निगरानी रखेंगे।
**कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर, भोपाल

### फिर बदलेगा मौसम

## कल तक बादल-बूंदाबांदी के आसार, फिर बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में रविवार से सोमवार के बीच बादलों का असर बढ़ेगा। कुछ हिस्सों में बारिश, बौछारें पड़ने के आसार हैं। अरब सागर में बने सिस्टम से कुछ नमी मिलने के कारण प्रदेश में मौसम का मिजाज सोमवार तक बदला रहेगा। शनिवार को शहर के तापमान में करीब एक-1 डिग्री की बढ़त रही, इसके बावजूद देर शाम से हवाओं में हल्की ठंडक घुलने लगी है।

उत्तरी और उत्तर पूर्वी हवाओं के बीच नमी बढ़ने के साथ ही हवाओं में हल्की सर्दी बढ़ रही है। यह क्रम अभी जारी रहेगा। बारिश के बाद मंगलवार बुधवार से तापमान में गिरावट होने की उम्मीद है। शनिवार को भोपाल में दिन का पारा दशमलव 3 डिग्री बढ़कर 33 और रात का एक डिग्री बढ़कर 22 डिग्री रहा।

शहर में 33 डिग्री पर पारा, फिर भी शाम से हवाओं में घुल रही ठंडक

### यहां शाम तक बारिश हुई

शनिवार को राजधानी में दोपहर बाद से बादल छाए, जबकि आधा दर्जन जिलों में बौछारें पड़ीं। बैतूल, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ीं। वहीं, हरदा, बालाघाट, अलीराजपुर धार, इंदौर, उज्जैन में हल्की आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, धार, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला आदि जिलों में बादल, बौछारों की उम्मीद है।

### अभी सिस्टम अरब सागर में

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी मध्यम पूर्वी और इससे लगे पश्चिमी मध्य अरब सागर में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। कुछ नमी आने से भोपाल में भी एक दो दिन में बादलों के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि, अभी हवा में नमी सुबह 80 और शाम को 50 फीसदी तक है, इससे हवाओं में ठंडक घुल रही है। तापमान में भले ही बढ़ोतरी दर्ज हो रही हो।

पिस्तौल मिलने के बाद से नीलेश है फरार

## हिंगोरानी का फरार बेटा ले रहा था 1 लाख का मोबाइल

- दुकान पर पहुंचा फोन लेने, फिर भी किसी ने नहीं देखा
- दुकानदार ने किया कमेंट–ये हैं 90 करोड़ के आसामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आय से अधिक संपत्ति के मामले में जूनियर ऑडिटर रमेश हिंगोरानी के बेटे नीलेश हिंगोरानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह एक लाख रुपए का मोबाइल लेते हुए बताया गया। लोकायुक्त की छापे में नीलेश से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई थी, जिसका मामला गांधीनगर थाने में दर्ज है। इस मामले में नीलेश फरार है।

बावजूद वह बैरागढ़ की एक मोबाइल शॉप पर मोबाइल लेते हुए दिख गया। मोबाइल शॉप के ऑनर ने नीलेश का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही शॉप की ओनर ने वीडियो में कहा भी कि ये हैं 90 करोड़ के आसामी। बाद में जब वीडियो को लेकर वह हल्ला मचा तो उसने वीडियो को डिलीट कर दिया।

इधर, पुलिस का कहना है कि आर्म्स एक्ट के मामले में नीलेश फरार है। गौरतलब है कि लोकायुक्त पुलिस ने हिंगोरानी के आधा दर्जन ठिकाना पर छापा मारकर 50 करोड़ से अधिक की संपत्ति का खुलासा किया था।

नवंबर माह के पहले सप्ताह में हो सकता है ट्रांसप्लांट, चल रहा मरीज का वर्कअप

## हमीदिया में 8वें किडनी ट्रांसप्लांट की तैयारी, पहला सरकारी अस्पताल, जहां आधा दर्जन प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के हमीदिया अस्पताल में दीपावली के बाद दो मरीजों का किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। यह हमीदिया अस्पताल में आठवां किडनी ट्रांसप्लांट होगा। मालूम हो कि हमीदिया अस्पताल प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल है जहां सात किडनी ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभाग के डॉ. अमित जैन ने बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट की तैयारी की जा रही है, इसके लिए अंगदान समिति ने ट्रांसप्लांट की मंजूरी दे दी है। किडनी ट्रांसप्लांट में लगभग दो से तीन सप्ताह लग सकते हैं। हालांकि मरीज की मेडिकल रिपोर्ट बाद ही ट्रांसप्लांट की तारीख तय होगी। खास यह कि किडनी ट्रांसप्लांट की सर्जरी लेप्रोस्कोपिक पद्धति से की जाती है। इसमें मरीज को बड़ा चीरा नहीं लगाना पड़ता।




### जल्द ही बोन मैरो ट्रांसप्लांट भी

किडनी ट्रांसप्लांट के बाद अब यहां बोनमैरो ट्रांसप्लांट की तैयारियां भी की जा रही हैं। संभवतः अगले महीने पहला बोनमैरो ट्रांसप्लांट भी हो सकता है। इंदौर के बाद हमीदिया प्रदेश का दूसरा सरकारी अस्पताल होगा जहां बोन मैरो ट्रांसप्लांट होगा।
**डॉ. कविता एन सिंह,** डीन, जीएमसी

### चौथी मंजिल में 12 कमरे अलॉट किए गए

बोन मैरा ट्रांसप्लांट के लिए हमीदिया की एच-1 ब्लॉक में चौथी मंजिल में इसके लिए 12 कमरे अलॉट किए गए हैं। इस पूरी यूनिट के सेटअप पर करीब 16 करोड़ खर्च होंगे। निजी अस्पतालों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट पर करीब 24 लाख रुपए तक खर्च करने होते हैं। यहां इसका खर्च करीब 5 लाख रुपए तक आएगा। अमेरिकी कोलंबिया यूनिवर्सिटी के बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक्सपर्ट डॉ. प्रकाश सतवानी से एमओयू भी हो गया है।

कलेक्टोरेट और टीटी नगर में 117 से 157 के बीच रहा

## धूल, धुएं के बीच प्रदूषण मॉडरेट लेबल पर, बौछारें पड़ीं तो होगा कुछ कंट्रोल

शहर में बारिश थमते ही एयर पॉल्यूशन का ग्राफ फिर से चढ़ने लगा है। जमकर उड़ रही धूल और धुएं के बीच शनिवार शाम करीब 7 बजे शहर के विभिन्न हिस्सों में एयर पॉल्यूशन फिलहाल मॉडरेट स्तर पर रहा है।

मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम में दर्ज आंकड़ों के अनुसार कलेक्टोरेट, पर्यावरण परिसर तथा टीटी नगर इलाके में पीएम 10 की मात्रा 117 से 157 के बीच रही। इससे लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा। अगले एक दो दिन में बारिश या बौछारें नहीं पड़ने की स्थिति में प्रदूषण का स्तर और बढ़ सकता है। वहीं, बारिश होने पर यह तेजी से कम होगा।

### शहर में कहां कितना लेबल

शनिवार शाम करीब 7 बजे टीटी नगर में पीएम 10 की मात्रा 140.50, कलेक्टोरेट क्षेत्र में 117.73 और पर्यावरण परिसर इलाके में यह 157.82 रही। इस दौरान टीटी नगर में एक्यूआई 127, कलेक्टोरेट में 112 और पर्यावरण परिसर इलाके में 139 पर दर्ज हुआ है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार हवा में धूल अधिक होने से एयर पॉल्यूशन अभी मॉडरेट लेबल पर है। यदि बौछारें पड़ीं तो एक दो दिन में यह कुछ कम हो जाएगा। हालांकि, दीपावली पर प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए ग्रीन पटाखे जलाने की बात कही गई है।

## कार की टक्कर से राजभवन सुरक्षा अधिकारी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीटी नगर स्थित नानके पेट्रोल पंप पर राजभवन के मुख्य सुरक्षा अधिकारी के वाहन को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सामने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है, जबकि मुख्य सुरक्षा अधिकारी को बाएं पैर, गर्दन और सीने में चोट लगी है। हादसा शुक्रवार सुबह राजभवन जाते समय हुआ। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार इंद्रजीत सिंह चावड़ा (49) तुलसी नगर में रहते हैं और सहायक सेनानी, उपपुलिस अधीक्षक मुख्य सुरक्षा अधिकारी राजभवन में पदस्थ हैं। सुबह वह शासकीय वाहन से राजभवन ड्यूटी पर जा रहे थे। वे अंकुर स्कूल के सामने पहुंचे, तभी नानके पैट्रोल पंप के ओर से आ रहे वरना कार के चालक ने उनके शासकीय वाहन में सामने बाएं तरफ से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शासकीय वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। हादसे में उन्हें बाएं पैर, गर्दन व सीने पर मुंदी चोट पहुंची है। वहां मौजूद लोग कार चालक को थाने लेकर पहुंचे थे, वहां चावड़ा की शिकायत पर कार चालक सुरेन्द्र राय पर प्रकरण दर्ज किया गया।

एम्स के डॉ. दानिश जावेद ने किया नवाचार, अमेरिका से मिला पेटेंट

## दूर करें संक्रमण की चिंता, दस्ताना बताएगा कहां हैं रोगाणु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दूर करें संक्रमण की चिंता, क्योंकि अब ऐसा दस्ताना आ गया है, जो आपको संक्रमण से पहले ही आगाह कर देगा। जी हां। एम्स के डॉ. दानिश जावेद ने नवाचार करते हुए एक ऐसा दस्ताना ही तैयार किया है और इसे यूके इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी ऑफिस ने मान्यता दी है। पिछले दिनों इसे पेटेंट भी प्रदान किया गया। इस नवाचार को रियल-टाइम माइक्रोबियल डिटेक्शन ग्लब्स नाम दिया है। इस दस्ताने को स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा और हानिकारक रोगाणुओं की पहचान के लिए डिजाइन किया गया है। इसे हॉलीवुड फिल्मों में इस्तेमाल किए जाने वाले दस्ताने की तरह ही डिजाइन किया गया है। यह पेटेंट अंतरराष्ट्रीय डिजाइन वर्गीकरण के क्लास 2, सबक्लास 6 के तहत आता है, जो वस्त्र और परिधान से संबंधित है।

### अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मिला सहयोग

इन ग्लब्स के विकास में कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का सहयोग शामिल है, जिनमें सऊदी अरब के डॉ. राजी कलियापेरूमल, थाईलैंड के प्रो डॉ. पोंगकिट एकवितायावेचनुकुल और भोपाल से डॉ. दानिश जावेद, लोवलेश गुप्ता, डॉ. राहुल तिवारी, डॉ. हिना दीक्षित तिवारी और बिमल देबबर्मा शामिल हैं।



प्रतीकात्मक चित्र

### दस्ताना ऐसे करेगा काम

इस दस्ताने को विशेष प्रकार की वस्तु से तैयार किया जाएगा, जिसमें सेंसर लगे होंगे। यह उन रोगाणुओं की पहचान करेगा, जिन्हें हम अपनी आंखों से देख नहीं सकते। जिन्हें देखने या पहचान करने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता होती है। ऐसे में इस दस्ताने की मदद से उस संक्रमण को पहचाना जा सकेगा। जहां संक्रमण होगा, दस्ताना बीप करेगा। जिससे संक्रमण वाली जगह की पहचान हो सकेगी।

यह उपलब्धि एम्स के डाक्टरों की चिकित्सा नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का प्रमाण है। रियल-टाइम माइक्रोबियल डिटेक्शन ग्लब्स न केवल स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को बढ़ाते हैं, बल्कि संक्रमण नियंत्रण उपायों में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें उम्मीद है कि यह तकनीक चिकित्सा क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डालेगी।
**डॉ. अजय सिंह,** कार्यपालक निदेशक, एम्स भोपाल

### कारगर होगा दस्ताना



डॉ. दानिश जावेद ने बताया कि अस्पतालों में स्वच्छता का अहम योगदान होता है। हमारे स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल की साफ-सफाई करते हैं, जिससे वे कई प्रकार के संक्रमण से ग्रसित हो जाते हैं। अब इस दस्ताने की मदद से उन्हें भी संक्रमण से बचाया जा सकता है। साथ ही दस्ताने का उपयोग का उपयोग लैब तकनीशियन और घरों में भी उपयोग किया जा सकेगा।




सीबीएसई पीपुल्स नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता

# अंडर-19 में ममता स्कूल दिल्ली ने एमेनिटी रुद्रपुर को हराकर किया खिताब पर कब्जा



भोपाल। पीपुल्स पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल फुटबॉल अंडर 19 बॉयज का फाइनल मुकाबला शनिवार को पीपुल्स पब्लिक स्कूल मैदान पर एमेनिटी स्कूल रुद्रपुर एवं ममता मॉडर्न स्कूल दिल्ली के बीच खेला गया। इस शानदार मुकाबले में ममता मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने एमेनिटी पब्लिक स्कूल रुद्रपुर को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच में ममता मॉडर्न की ओर से आदित्य अधिकारी ने शानदार दो गोल किए। इसके अलावा दीपक ने एक गोल दागा। इन तीन गोल के आगे एमेनिटी स्कूल की टीम संघर्ष करते हुए नजर आई। मैच समाप्ति के पश्चात प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण ज्वॉइन डायरेक्टर एजुकेशन डिपार्मेंट अरविंद एवं असिस्टेंट डायरेक्टर एवं डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफीसर नरेंद्र कुमार अहिरवार, स्कूल प्राचार्य आशीर्वाद बाजी, सीबीएसई ऑब्जर्वर अमित चौधरी, टेक्निकल डेलीगेट विनोद पाटिल एवं सागर रैकवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ कोचेस मैनेजर्स एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में दिए गए ये विशेष पुरस्कार

- विजेता टीम-ममता मॉडर्न स्कूल दिल्ली
- उप विजेता टीम-एमेनिटी पब्लिक स्कूल रूद्रपुर
- बेस्ट स्ट्राइकर-आदित्य अधिकारी (ममता मॉडर्न स्कूल)
- बेस्ट गोलकीपर-गोविंद नारायण पांडे (ममता मॉडर्न स्कूल)
- बेस्ट डिफेंडर-अमोंग योजन्बा (एमेनिटी पब्लिक स्कूल )
- प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट-राहुल कश्यप (ममता मॉडर्न स्कूल)

चतुर्थ स्व. हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता का मंत्री सारंग ने किया शुभारम्भ

# फ्लड लाइट से रोशन होगा ओल्ड कैंपियन मैदान



भोपाल। ओल्ड कैम्पियन खेल मैदान पर मुख्य अतिथि खेल मंत्री विश्वास सारंग,अध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ ध्रुव नारायण सिंह की अध्यक्षता, चेयरमैन बीडीसीए सैयद साजिद अली, वरिष्ठ पत्रकार,मृगेंद्र सिंह, संचालक जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी अभिषेक मोहन गुप्ता एवं शांति कुमार जैन सचिव भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के विशेष आतिथ्य में स्व. हुकुम सिंह ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर और क्रिकेट खेलकर किया। इस अवसर पर खेल मंत्री सारंग ने कहा कि समाज के कल्याण के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं। खेल से खिलाड़ियों के साथ अच्छे नागरिकों का भी निर्माण होता है। श्री सारंग ने खेलों में योगदान के लिए जेऐलयू के संचालक अभिषेक मोहन गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंत्री सारंग ने ओल्ड कैम्पियन मैदान पर फ़्लड लाइट लगाने की भी घोषणा की।

### पहले दिन डीजीपी एकादश ने डीआरपी लाइन को हराया



शुक्रवार देर रात खेले गएडीजीपी एकादश व डीआरपी लाइन की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीजीपी एकादश के विनय वर्मा के 50, हेमंत शाक्या के 28, शुभम चौहान के 22 और विजय सिंह के 18 रनों की मदद से 8 विकेट गंवाकर कुल 174 रन बनाए। डीआरपी के मोहम्मद इमरान ने 4, मयंक ने 2 जबकि फ़िरोज़ व अमित ने क्रमशः 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए डीआरपी लाइन की टीम तय 20 ओवर में 8 विकेट पर 134 रन ही बना सकी। इस तरह डीजीपी एकादश ने यह मैच 40 रन से जीत लिया। डीआरपी लाइन के अमित ने 29, विकास शर्मा ने 23 व सौरभ ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए डीजीपी एकादश के शिव ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 3 विकेट, विपिन सुस्ते ने 2 जबकि शुभम, अंकुश व विजय सिंह तोमर ने क्रमशः 1-1 विकेट लिए। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए शिव को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया ।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि की एथलीट हैं एकता

# एशियन क्रॉस कंट्री में हिस्सा लेने हांगकांग पहुंचीं एकता



भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की एथलीट एकता डे एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए हांगकांग पहुंच गई हैं। यह चैंपियनशिप 20 अक्टूबर को हांगकांग में आयोजित होगी। जूनियर महिला ग्रुप में एकता भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। पूर्व में भी एकता ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई मेडल अपने नाम किए हैं। ज्ञात हो कि एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप हर दो वर्षों में होती है और इसमें चार दौड़ें शामिल होती हैं, दो जूनियर दौड़ और दो सीनियर दौड़। एकता की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, एसजीएसयू के कुलाधिपति डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आरएनटीयू की प्रो चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलसचिव डॉ. विजय सिंह और रायसेन जिले के खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।

# एलएनसीटी की कबड्डी टीम हुई झुंझुनू रवाना



भोपाल। भारतीय विश्वविद्यालय संगठन के तत्वावधान में आयोजित श्री जेजेटीयू यूनिवर्सिटी, झुंझुनू में शुरू होने वाली पश्चिम क्षेत्र इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी में भाग लेने एलएनसीटी विवि की कबड्डी पुरुष टीम शनिवार को रवाना हो गई। टीम में रितिक राजपूत, नैतिक विश्वकर्मा, अविनाश सिंह, कुलदीप मिश्रा, समन खान, चेतन मोहबे, सुमित यादव, राहुल वर्मा, अंकित पटेल, हर्षित अहिरवार, हर्षित अहिरवार, अबिन रॉय, अभिनव यादव हैं। कप्तान राहुल वर्मा व उपकप्तान एबिन रॉय हैं। झुंझनू रवाना होने से पहले एमडी डॉ. श्वेता चौकसे ने खिलाड़ियों को किट प्रदान की। कुलाधिपति एलएनसीटी जय नारायण चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे, वाइस चांसलर प्रो. एनके थापक, डॉ. अजीत कुमार सोनी रजिस्ट्रार, डॉ. अशोक राय, पंकज जैन आदि ने शुभकामनाएं दी।

23 से 27 तक कर्नाटक के स्केटिंग रिंग में उतरेंगे शहर के 6 खिलाड़ी

# कैम्पियन स्कूल के 6 स्केटर्स सीबीएसई नेशनल में वेस्ट ज़ोन का प्रतिनिधित्व करेंगे



भोपाल। कैम्पियन स्कूल के 6 रोलर स्केटर्स 23 से 27 अक्टूबर को गुड शेपर्ड सेंट्रल स्कूल, बेलगाम कर्नाटक के स्केटिंग रिंग में सीबीएसई नेशनल वेस्ट ज़ोन रोलर स्केटिंग में वेस्ट ज़ोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता सीबीएसई द्वारा आयोजित की जा रही है। कैम्पियन स्कूल में कक्षा 5वीं से 12वीं में से चयनित स्केटर्स की बालक वर्ग सूची में संभव मिश्रा, अर्जुन ठाकुर, दिव्यांश लगलवार, ओजस राणा, तेगबीर सिंह और बालिका वर्ग सूची में रिशिका चावड़ा शामिल हैं। यह सभी स्केटर्स विभिन्न आयु वर्ग में क्वाडस व इनलाइन कैटेगरी में स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। कैम्पियन स्कूल के इन सभी स्केटर्स का चयन गुजरात वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन व उनकी योग्यता के आधार पर हुआ है। ये सभी खिलाड़ी कैम्पियन स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं कोच संजय मिश्रा के मागदर्शन में स्केटिंग रिंग में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्राचार्य फादर डॉ.अथनस लकड़ा एस.जे., उप प्राचार्य आलोक कुजूर एस.जे. व शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जोंसी कोषी ने कोच संजय मिश्रा समेत सभी 6 खिलाड़ियों को सीबीएसई नेशनल वेस्ट ज़ोन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने पर शुभकामनाएं दी व इस प्रतियोगिता में उनके अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की।



# जेल में महिलाओं की करवा चौथ, ऐसी बैरक मिलेगी जहां से देख सकेंगी चांद

## करवा चौथ पर जेल में भी रहेगा चांद निकलने का इंतजार




### सजना के लिए सजने की रही होड़



**नई दिल्ली।** अखंड सौभाग्य का पर्व करवाचौथ रविवार को है। शनिवार की रात तक तैयारियां होती रहीं। करवा सजाने से लेकर खुद अपने सजना के लिए सजने संवरने की होड़ सी मची रही। मेहंदी से हथेलियां सजाने के लिए सुहागिनों की भीड़ लगी रही। व्रत के दिन बाजार जाने और भीड़-भाड़ से बचने के लिए सुहागिनों ने पूर्व संध्या पर ही मन पसंद कपड़ों के साथ श्रृंगार की चीजें खरीदीं।

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

*रविवार को करवा चौथ है। महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। चांद को देख व्रत तोड़ती हैं। करवा चौथ पर आज सेंटर जेल में बंद महिला कैदी जेल से ही अपने पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। इस बार 5 महिला कैदियों ने व्रत रखने की इच्छा जाहिर की है, जिनके के लिए जेल में पूजा की खास व्यवस्था की गई है। खास बात यह है कि 5 महिलाएं जेल में करवा चौथ का व्रत रखेगी, चांद का दीदार कर सकें, ऐसी बैरक की व्यवस्था की गई है। सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य ने बताया कि करवा चौथ का व्रत रखने वाली सभी पांच महिला बंदियों की सूची तैयार की गई है। महिलाओं को व्रत से जुड़ी सभी जरूरी चीजें भी उपलब्ध कराई जाएगी। महिलाओं को वीडियो कॉल के जरिए पति देखने जैसी सुविधा नहीं मिलेगी। सभी नियमों से महिलाओं को अवगत कराया गया है। पांच महिलाएं विवाह के बाद घर में करवा चौथ पर व्रत रखा करती थी। महिलाओं ने व्रत रखने की इच्छा जताई। श्री शांडिल्य ने बताया कि जेल नियमों के हिसाब से जो हो सकता है वे कर रहे हैं। पति के दीदार कराना तो संभव नहीं है। लेकिन ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि महिलाएं चांद को देखकर अपना व्रत तोड़ सकें। व्रत के लिए जो जरूरत की चीजें होंगी, उन्हें मुहैया कराई जाएगी।*

खास खबर

### पूजा करने मिलेगी छलनी और करवा

महिला कैदी जेल के भीतर अपने बैरक से ही चांद का देखेगी। प्रशासन का कहना है कि बैरक से चांद दिखाई देता है। अपना व्रत देखने के लिए महिलाओं को बैरक के पास चांद आने का इंतजार रहेगा। बैरक से ही पूजा करेगी। महिलाओं को व्रत से संबंधित करवा, छलनी और पूजन की अन्य सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। पिछले साल दर्जन महिलाओं ने व्रत रखा था। इस बार केवल पांच ने इच्छा जाहिर की है। कई महिला कैदी ऐसी भी है जिनके पति भी जेल में कैदी है।

# कनाडा बॉर्डर पुलिस का अफसर संदीप सिद्धू भगोड़ा घोषित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कनाडा के बीच खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर जारी कूटनीतिक विवाद में एक नया मोड़ आया है। भारत ने कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी के एक अधिकारी संदीप सिंह सिद्धू का नाम आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में अपने भगोड़ों की सूची में जोड़ा है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने हाल ही में भारतीय डिप्लोमैट्स पर आरोप लगाया था कि वह कनाडा में सिख अलगाववादियों को निशाना बना रहे हैं। इन सिख अलगाववादियों के बारे में जानकारी भारत सरकार को दे रहे हैं।

आरोप है कि भारतीय अधिकारी इन जानकारियों को संगठित अपराध समूहों के साथ साझा कर रहे हैं, जो कनाडा में सिख कार्यकर्ताओं पर हमले, फिरौती और हत्याओं में शामिल हैं। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया है।



■ भारत का सख्त एक्शन

### संदीप सिंह सिद्धू पर लगे गंभीर आरोप

*रिपोर्ट्स के अनुसार, सीबीएसे के अधिकारी संदीप सिंह सिद्धू का नाम एक प्रतिबंधित संगठन अंतरराष्ट्रीय सिख युवा महासंघ से जुड़ा है। संदीप सिंह सिद्धू पर पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप है। बताया जा रहा है कि 2020 में बालविंदर सिंह संधू की हत्या में भी सिद्धू की भूमिका रही है। बालविंदर सिंह सिद्धू पंजाब में खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक माने जाते थे।*

# ओडिशा : निजी अस्पताल पर अंग चोरी का आरोप, कब्र से निकाला शव

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के एक निजी अस्पताल में शारीरिक अंग चोरी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, कालाहांडी जिले में एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए 44 वर्षीय व्यक्ति बाबूला दिगल की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों को जब शव मिला तो उसके पेट पर सर्जरी के निशान थे। मृतक के बेटे ने अस्पताल में अंग चोरी का आरोप लगा दिया। उसके बाद पुलिस ने कब्र से शव निकालकर उसका पोस्टमार्टम कराया है। अस्पताल के प्रबंधक सुशांत बेहरा ने अंग चोरी के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि उनके डॉक्टरों ने डिकम्प्रेसिव क्रेनिएक्टोमी (एक न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया) की थी। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थानाप्रभारी ने बताया कि शव मिलने के बाद परिजनों ने 17 अक्टूबर को टिकाराबाजू स्थित कब्रिस्तान में शव को दफना दिया। उसके बाद मृतक के पुत्र ने थाने पहुंचकर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ अंग चोरी की शिकायत दर्ज करा दी।



### क्या है पूरा मामला? :

*बालीगुडा थानाप्रभारी सुशांत साहू ने बताया कि 13 अक्टूबर को बाबूला दिगल की बाइक को एक मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी। उसके बाद घायल दिगल को कटक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 16 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। ओडिशा पुलिस ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने बिना पुलिस सूचना और पोस्टमार्टम के शव परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान परिजनों को उसे पेट पर सर्जरी के निशान मिले, जबकि चोट उसके सिर में थी।*

## जैकेट का शेष

### डीपीआर बनाने वालों...

डीपीआर बनाते वे हैं, उस पर गाली हम खाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कहा कि वे इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्रों से कहें कि इस तरह की डीपीआर को चेक कराएं, उनका अनुभव भी बढ़ेगा और क्रॉस चेक भी होगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी शनिवार को भोपाल में शुरू हो रहे दो दिनी आईआरसी सेमीनार में बोल रहे थे। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि विभाग का मंत्री होने के नाते अच्छे कार्यों का क्रेडिट तो उन्हें मिलता है, पर जब सड़कों पर गड्ढे होते हैं, तो उन्हें डिसक्रेडिट भी झेलना पड़ता है। गडकरी ने सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि लोग बिना सोच-विचार के उन्हें निशाना बनाते हैं।

### प्राचीन विधा, नवीन व...

दर्शाते हैं। यह तथ्य बताते हैं कि जब भी नवीन तकनीक की बात होगी तो प्राचीन विधा उसकी नींव का आधार बनकर बनेगी।

### इंडिगो की फ्लाइट ...

यात्रियों ने बिस्किट खा लिए थे। कई यात्रियों ने बताया कि चॉकलेट तक एक्सपायरी डेट की थीं। इसको लेकर यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया। हालांकि, अफसरों फिर यात्रियों से माफी मांगी।

### फल लेने गए थे...

कोतवाली थाना पहुंचे। यहां से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि जिस बुजुर्ग के पास बच्ची को छोड़ गए थे, उन्हें कम सुनाई देता है। इसलिए बच्ची की चीख नहीं सुन सके। बच्ची के दादा के मुताबिक आरोपी ने घटना से पहले उससे बीड़ी मांगी थी। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि बस स्टैंड से कई लोगों को राउंडअप किया था। उनसे पूछताछ की गई तो आरोपी कृष्ण पाल रावत ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## पेज एक का शेष

### सलमान बिश्नोई...

लोग हमसे कहते हैं कि आप हमेशा नीचे जमीन पर देखते हैं। आप बहुत विनम्र हैं। मैं उनसे कहता हूं कि यह शर्म की बात नहीं है। मुझे डर है कि कोई कीड़ा भी मेरे पैरों के नीचे आकर घायल हो जाएगा। मैं उन्हें भी बचाता रहता हूं। सलीम खान ने कहा कि बीइंग ह्यूमन ने कई लोगों की मदद की है।

### हर फेक धमकी...

हसन के साथ एयरलाइंस कंपनी के सीईओ की बैठक में इस पर चर्चा हुई। उड़ानों का डायवर्जन, अतिरिक्त ईंधन खर्च, क्रू मेंबर्स की बदलती शिफ्ट और यात्रियों की देखभाल जैसी व्यवस्थाएं लाखों-करोड़ों का नुकसान कर देती हैं। एक अनुमान के मुताबिक हर एक फर्जी बम धमकी से एयरलाइंस को 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान होता है। एयरलाइंस के वरिष्ठ अधिकारी इन फर्जी बम धमकियों को 'वित्तीय आतंकवाद' मानते हैं।

### इंडिगो की 4...

मिली है। इंडिगो एयरलाइंस की हैदराबाद से चंडीगढ़ जाने वाली फ्लाइट 6ई 108 को भी बम की धमकी मिली है। अकासा एयर की भी कुछ फ्लाइट्स को भी बम की धमकी मिली है।

### डायवर्जन की...

जिसकी कीमत लाखों रु. होती है। कई बार उड़ानों के समय में विस्तार के कारण पायलटों और क्रू मेंबर्स को अगली उड़ान के लिए उपलब्ध नहीं किया जा सकता, जिससे ऑपरेशनल खर्च और बढ़ जाता है।

### बारूद से मकान...

सिंहराठौड़ के नाम पर है। उसके बेटे का नाम निरंजन राठौड़ है। तीन साल पहले गजराज ने जमील को मकान किराए पर दिया था। जमील पिज्जा का ठेला लगाता है। जमील के साथ उसकी पत्नी अंजू बेगम (35), बड़ी बेटी शायना (17) और दो बेटे अरबाज तथा आर्य रहते थे। जमील के एक रिश्तेदार के पास पटाखा बनाने का लाइसेंस है। जमील ने बताया कि उसके पास दो पेटी बारूद रखी थी। कुछ बारूद पिछले साल की बची थी।

### राष्ट्रीय महिला...

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और राजस्थान की सात सीटों पर उपचुनाव से पहले उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विजया महाराष्ट्र के संभाजीनगर से आती हैं और राज्य में अगले महीने विधानसभा चुनाव हैं। इससे पहले, राजस्थान में भाजपा की सह-प्रभारी रह चुकी हैं। पार्टी ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। उनकी इस नियुक्ति से मतदाताओं में संदेश जा सकता है कि भाजपा महिलाओं को उचित सम्मान दे रही है और नेतृत्व करने का जिम्मा सौंप रही है।

### सरकारी कर्मचारियों...

शासकीय सेवकों को त्यौहार पूर्व वेतन भुगतान होने से निश्चित ही दीपोत्सव अधिक आनंददायक होगा, मेरी ओर से दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं।

### महिला अपराध...

यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटी बचाओ अभियान है। बेटियों की सुरक्षा सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, एक जिम्मेदार विपक्ष होने के नाते, बेटियों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाती रहेगी और उपवास से सरकार को स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

aiastrologer
Download the App Now
जाने अपने बारे में सब कुछ बिल्कुल FREE
www.aiastrologer.com
BY GURUDEV GD VASHIST
10/09/2024 to 31/09/24, 03/10/24 to 10/11/24

आवश्यकता
आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के-लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. R- 20/10/24 to 29/10/24 05/11/24 to 27/11/24 not 26/11/24

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम SHAKIR था। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर SHAKIR HUSSAIN ANSARI हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम SHAKIR HUSSAIN ANSARI S/O LATIF KHAN से ही जाना/ पहचाना जाए। ADDRESS : M.N.521, WARD NO.10, MASJID CHOWK, MOMAN BADODIYA, SHAJAPUR, SHAJAPUR, MADHYA PRADESH - 465226

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम AYASHA BEE था। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर AYASHA BEE ANSARI हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम AYASHA BEE ANSARI W/O SHAKIR HUSSAIN ANSARI से ही जाना/ पहचाना जाए। ADDRESS : M.N.521, WARD NO.10, MASJID CHOWK, MOMAN BADODIYA, SHAJAPUR, SHAJAPUR, MADHYA PRADESH - 465226

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-17 to 30 /10/2024

वैवाहिकी
वधु चाहिए
वधु चाहिए
पंजाबी तलाकशुदा 36 वर्ष 5'9 MBA खुद का बिजनेस, मिडिल क्लास फैमिली हेतु सुंदर सुशील, सुयोग्य वधु चाहिए अन्य सामान्य जाति बंधन नहीं। (बच्चे वालें संपर्क ना करें)
संपर्क करें 9425535104
वर चाहिए
वर चाहिए
विधवा महिला उम्र 48 हाइट 5'-6" बीए, बीएससी, बीकॉम/ सरकारी सर्विस प्रिंसिपल सालाना 12लाख, जाति बंधन नहीं, घरजमाई अथवा सभी मान्य है, टाइम पास वाले क्षमा करें-
9179472796
9955827006

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृष** — धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मिथुन** — धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क** — कार्यक्षेत्र का विस्तार हो सकता है। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। किसी प्रतियोगी परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सार्थक परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। वाणी में मधुरता हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। बातचीत से संयत रहें।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। धन की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। माता को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।


**धनु** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आलस्य की अधिकता हो सकती है। कारोबार पर भी पूर्ण ध्यान दें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मन परेशान भी हो सकता है। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मीन** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अनावश्यक तनाव ना लें।

## शब्द पहेली - 5667



**बाएँ से दाएँ**
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

### शब्द पहेली -5666 का हल



## सूडोकु नवताल- 5679

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5678 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |



# 'सिंघम अगेन' का पहला गाना जय बजरंगबली रिलीज

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म 'सिंघम अगेन' का पहला गाना 'जय बजरंगबली' रिलीज हो गया है। हनुमान चालीसा से प्रेरित और अपने वीडियो में रामायण के संदर्भों को प्रदर्शित करने वाला यह शक्तिशाली ट्रैक त्योहारी सीजन के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। यह गाना अपने आध्यात्मिक सार और हाई-एनर्जी बीट्स के साथ धूम मचाने के लिए तैयार है। गाना रिलीज होते ही यूट्यूब पर छा गया है और इसके व्यूज तेजी से बढ़ रहे हैं। 'जय बजरंगबली' गाने को कई प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी आवाज दी है। इनमें श्रीकृष्ण, करीमुल्लाह, अरुण कौंडिन्य, चैतू सत्संगी, श्री साई चरण, सुधांशु, रितेश जी राव, सात्विक जी राव, पृथ्वी चंद्रा आदि शामिल हैं।

लाइफ Style

# श्रद्धा

## जितना हो सके, उतना रहना चाहिए रियल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रद्धा कपूर फिल्मों में बेहतरीन अभिनय करने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'स्त्री-2' भी काफी चर्चा में रही, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा बिजनेस किया। फिल्म में उनके अभिनय से समीक्षक और दर्शक दोनों ही प्रभावित हुए।

एक तरफ श्रद्धा जहां अपनी एक्टिंग के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने की कोशिश करती हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी अपने फैंस से कनेक्ट रहती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोइंग की बात की जाए तो उन्हें 9 करोड़ 36 लाख लोग फॉलो करते हैं। इस तरह से वह इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। इस उपलब्धि के बारे में श्रद्धा कहती हैं कि वह खुद को इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रियल रखने की कोशिश करती हैं। वह कहती हैं, ' मैंने सोचा भी नहीं था कि सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलोअर होना इतनी बड़ी बात होगी। दरअसल, लोग हमें ज्यादा से ज्यादा देखना चाहते हैं, इसलिए जितना हो सके, उतना रियल रहना चाहिए।



**बना सबसे अमीर एक्टर फिर आखिरी वक्त में 60 हजार में बेचना पड़ा घर**

# इस सुपरस्टार की हर फिल्म 25 हफ्ते तक चलती थीं सिनेमाघरों में


**नई दिल्ली।** इंटरनेट और OTT के इस दौर में आज की नई पीढ़ी जुबली स्टार की अहमियत शायद ही समझ सकेगी. दरअसल, जुबली स्टार ये एक तमगा था, जो गुजरे जमाने के मशहूर एक्टर राजेंद्र कुमार को दिया गया था। क्योंकि. इस सुपरस्टार की हर फिल्म थिएटर में 25 हफ्तों तक गुलजार रहती थी। आज के दौर में, जहां हर हफ्ते दर्जनों फिल्में और उससे दोगुनी वेब सीरीज रिलीज़ होती हैं, वहां जुबली स्टार होने की कल्पना भी मुश्किल है। हाल ही में, एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने राजेन्द्र कुमार के फोटोज के साथ एक दिलचस्प रील बनाई है, जो उनके शानदार करियर की कहानी बयां करती है।



### इसलिए जुबली स्टार पड़ा नाम

राजेन्द्र कुमार ने 60 के दशक की शुरुआत में कार्टर रोड पर एक भूतिया बंगला खरीदा और फिर उनकी किस्मत रातों-रात बदल गई। 1963 से 1966 के बीच आई उनकी सभी फिल्में हिट रहीं। उनका नाम तब जुबली कुमार के नाम से मशहूर हो गया, क्योंकि उनकी हर फिल्म थिएटर में 25 हफ्तों तक चलती थी। वे अपने समय के सबसे अमीर एक्टर्स में शामिल हो गए थे, लेकिन उन्हें कभी कोई अवॉर्ड नहीं मिला। फिर 1970 में राजेश खन्ना के आगमन के साथ ही उनके करियर का सितारा ढलने लगा। अब उन्हें सपोर्टिंग रोल्स के ऑफर मिलने लगे और आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी। 1980 में, उन्होंने अपने बेटे कुमार गौरव को लॉन्च करने का फैसला किया। कुमार गौरव की पहली फिल्म 'लव स्टोरी' सुपरहिट रही, लेकिन उसके बाद उनकी कोई भी फिल्म नहीं चली।

# प्रियंका ने वेस्टर्न लुक में ढाया कहर



**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा की प्रोडक्शन फिल्म 'पानी' रिलीज हो चुकी है। इस मराठी ड्रामा का निर्देशन अदिनाथ एम कोठारे ने किया है, जो इस फिल्म में मुख्य भूमिका में भी हैं। फिल्म में आदिनाश समेत रुचा वैद्य, सुबोध भावे, राजित कपूर, किशोर कदम, नितिन दीक्षित, सचिन गोस्वामी, मोहनबाई, श्रीपद जोशी और विकास पांडुरंग पाटिल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बीती रात मुंबई में 'पानी' की भव्य स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें देसी गर्ल परिवार के साथ शिरकत करती नजर आईं। प्रियंका चोपड़ा ने एक चमकदार बेज रंग का गाउन पहनकर सारी लाइमलाइट चुरा ली। उन्होंने अपने आउटफिट को डायमंड ईयरिंग, स्टेटमेंट ब्रेसलेट और सिल्वर हाई हील्स के साथ स्टाइल किया था। डीवा ने अपने लुक को ग्लैम मेकअप और एक स्लीक बन के साथ पूरा किया।

# सनी की फिल्म 'जाट' की शूटिंग शुरू



**मुंबई।** सनी देओल की पाइपलाइन में कई चर्चित फिल्में हैं। सनी ने अगली फिल्म के लिए साउथ के सफल निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। शुरू में 'एसडीजीएम' नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'जाट' है। फिल्म निर्माता 'जाट' के लिए गणतंत्र दिवस 2025 सप्ताहांत रिलीज का लक्ष्य बना रहे हैं। मैत्री मूवी मेकर्स ने अभिनेता के धाकड़ पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'बड़े पैमाने पर कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय परमिट वाले व्यक्ति का परिचय।' सनी जाट के रूप में जुड़ गए हैं।' मास एक्शन एंटरटेनर विशेषज्ञ के रूप में प्रख्यात गोपीचंद मालिनेनी वर्तमान में अपने करियर की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। सनी देओल की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म की शूटिंग वर्तमान में हैदराबाद में की जा रही है।

# साई पल्लवी के साथ काम करना चाहते हैं मणिरत्नम





***मुंबई।*** *शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी अभिनीत 'अमरन' के प्री रिलीज इवेंट का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता लोकेश कनगराज और मणिरत्नम भी इस फिल्म में शामिल हुए।*

*इस बातचीत के दौरान मणिरत्नम ने साई पल्लवी के साथ काम करने की इच्छा जताई। मणिरत्नम ने साई पल्लवी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। निर्देशक ने कहा, मैं तुम्हारा बहुत बड़ा प्रशंसक हैं। मैं आशा करता हूं कि कभी मुझे भी तुम्हारे साथ काम करने का मौका मिलेगा। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर जोर से तालियां बजने लगीं। इसमें सबसे ज्यादा संख्या साई पल्लवी के प्रशंसक शामिल रहे। साई पल्लवी ने इस बात पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, सिनेमा में आने से पहले, मैं कई सारे निर्देशकों को नहीं जानती थी लेकिन मैं मणिरत्नम का नाम पहले से जानती थी। वह एक बड़ा कारण हैं, जिनके लिए मैंने अपनी स्क्रिप्ट और किरदारों को लेकर इतनी सजग रहती हूं।*



## दूसरे दिन विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्रों में साझा किए विचार, वर्ष 2047 के विजन के अनुसार प्लान बनाने का सुझाव

# सुरक्षा, ट्रैफिक के अनुसार तय हो डिजाइन, बेहतर सामग्री बढ़ाएगी सड़कों की उम्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरते नवीनतम ट्रेंड्स और टेक्नोलॉजिस आधारित दो दिवसीय सेमिनार का भव्य उद्घाटन भोपाल के रवीन्द्र भवन में हुआ। इस मौके पर वर्ष 2047 के विजन के अनुसार प्लान बनाने से लेकर अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नई तकनीकों के कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग, और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर विशेष ध्यान दिया गया।

उद्घाटन सत्र के पहले दिन कई तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें देशभर से आए विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी विशेषज्ञता के आधार पर नई तकनीकों और निर्माण सामग्रियों के उपयोग पर अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य विशिष्टजन की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ।

### गडकरी, डॉ. मोहन ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पुल निर्माण और सड़क की निर्माण की नई तकनीक पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन, इंडियन रोड काउंसिल के अध्यक्ष केके पिपरी, सचिव एसके निर्मल सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा इंजीनियर उपस्थित थे। प्रदर्शनी में सड़क एवं पुल निर्माण में लगने वाली नई मशीनरी और तकनीकों, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए आईटी तकनीक के उपयोग तथा सड़क व यातायात सुरक्षा से संबंधित सामग्री का प्रदर्शन किया गया है। सेमीनार में प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### सड़क सुरक्षा और आईटी तकनीकों पर विचार-विमर्श

डॉ. सैमसन मैथ्यू (निदेशक, एनएटीपीएसी) ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए नई सामग्री और तकनीकों के महत्व पर जोर दिया। विकास ठक्कर (एमडी, पावेटेक कंसल्टेंट्स इंडिया) ने आईटी तकनीकों के माध्यम से सड़क परियोजनाओं की निगरानी और प्रबंधन पर रोशनी डाली। इसके बाद, अल्ट्राटेक के प्रतिनिधियों ने व्हाइट टॉपिंग के अपने व्यावहारिक अनुभवों को साझा किया, जबकि नेचुरल सेमेको प्राइवेट लिमिटेड ने कठोर सड़कों की मरम्मत के तरीकों पर चर्चा की। सभी तकनीकी सत्रों के बाद प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जहां प्रतिभागियों ने वक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी प्रस्तुतियों से जुड़े प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। इस सेमिनार के माध्यम से उभरती तकनीकों और सामग्रियों पर आधारित चर्चा से सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में बेहतर कार्यान्वयन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के नए द्वार खुलेंगे।

### असली ट्रांसमिशन 10-12 साल में होने वाला है

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि देश में असली ट्रांसमिशन आने वाले 10-12 साल में होने वाला है। मुख्य रूप से वर्ष 2047 को देखकर ही प्लान बनाया जाना चाहिए। चूंकि तक तक सड़क बनाने से लेकर हर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर काम होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि देश भर के राज्यों से आप लोग आए हैं, इसलिए अभी से ऐसा प्लान बनाएं कि भारत 2047 तक पूर्ण रूप से विकसित होने के साथ ही आत्मनिर्भर बन जाए।

### सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम तकनीक बताई



सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर आधारित दो दिवसीय सेमिनार में शामिल होने देशभर से आए विशेषज्ञों ने सड़क, पुल की नई तकनीकों और निर्माण पर अपने विचार साझा किए। सेमिनार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नई तकनीकों के कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर विशेष ध्यान दिया गया। पहले दिन की चर्चाओं में सिविल इंजीनियरिंग, निर्माण, सड़क सुरक्षा और तकनीक से संबंधित विषय प्रमुख रहे। डॉ. अभिषेक मित्तल (सीएसआईआर सीआरआरआई, नई दिल्ली) ने लचीली सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए नई सामग्री और तकनीकों पर प्रस्तुति दी। एमए रेड्डी (आईआईटी खड़गपुर) ने कठोर सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए शॉर्ट स्लैब और बॉन्डेड तकनीकों पर गहन विचार साझा किए। वहीं सतेंद्र कुमार (सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, आरपीडी, सीआरआरआई और सलाहकार) ने सड़कों और पुलों में सीमांत सामग्रियों के उपयोग के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।

## देशभर से आए इंजीनियरों ने साझा किए अपने विचार

### टिकाऊ सड़कों के लिए डामर मिश्रण के व्यवहार और प्रदर्शन का प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती



टिकाऊ, लंबे समय तक चलने वाली सड़कें और कम रखरखाव वाले राजमार्ग भविष्य के समाज की प्राथमिकताओं में से एक होंगे। बढ़ते यातायात भार को सहन करने के लिए नई सामग्री और उत्पादों को विकसित करना होगा। डामर मिश्रण के व्यवहार और प्रदर्शन का प्रबंधन आने वाले दशकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।

**प्रशांत सोलांके**, इंजीनियर, महाराष्ट्र

### डिजाइन में लापरवाही नुकसानदायक, गुणता नियंत्रण का सख्ती से कराया जाए पालन



निर्माण में बेहतर सामग्री का प्रयोग नहीं होने से सड़क उखड़नी शुरू हो जाती है। सड़क बनाते समय ठेकेदारों को गुणता नियंत्रण का पालन सख्ती के साथ कराया जाएं तो निश्चित ही सड़क जल्दी खराब नहीं हो पाएंगी। मार्ग की रेखा, सड़क की चौड़ाई, मोड़, बाहरी उठान सहित अन्य तकनीकों का निरीक्षण करना चाहिए। डिजाइन बनाते समय बरती गई लापरवाही भी हमेशा नुकसान दायक बनती है।

**केके पिपरी**, ईएनसी, छत्तीसगढ़

### बदलते ट्रैफिक के अनुसार फुटपाथ हो, सुरक्षा व लागत पर हो ध्यान



फुटपाथों को बदलते ट्रैफिक इनपुट और पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए, जिसमें सुरक्षा, आराम, दक्षता और लागत शामिल है।

**वर्किता तोमर**
इंजीनियर

---

## खबर संक्षेप

### 47 उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक बनाया

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के विभिन्न जिलों और शाखाओं में पदस्थ 47 उपनिरीक्षको को कार्यवाहक निरीक्षक के तौर पर पदोन्नत कर दिया है। वहीं उनकी नवीन पदस्थापना भी कर दी है। प्रशासन शाखा द्वारा जारी सूची के अनुसार मन्जू सिंह चौहान को ग्वालियर इलाके से एसटीएफ पीएचक्यू , लालता प्रसाद मांझी को जीआरपी जबलपुर से एसटीएफ भोपाल, वैधराज सिंह परिहार को मुरैना से पीएचक्यू, कामता प्रसाद शर्मा शिवपुरी से पीएचक्यू, पुष्पा बरकड़े को जबलपुर से पीएचक्यू, कुलदीप सिंह जाटव शिवपुरी से पीएचक्यू, फूल सिंह अहिरवार डायल हंड्रेड से एसटीएफ भोपाल, बलराम रघुवंशी इंदौर से नारकोटिक्स इंदौर, दिनेश सिंह कुशवाहा छतरपुर से पीएचक्यू सीआईडी सहित 47 उपनिरीक्षकों की कार्यवाहक निरीक्षक के तौर पर नवीन पदस्थापना की गई हैं।

# 'सभी विभागों का इंटीग्रेटेड रोजगार स्टेट पोर्टल बनाएं

- प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप मिले सतत रोजगार
- मुख्यमंत्री ने स्व-रोजगार और रोजगार सृजन के संबंध में 11 विभागों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप स्वरोजगार और रोजगार प्रदाय करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। युवाओं में रोजगार और स्वरोजगार के लिए कौशल का विकास किया जाना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग में रोजगार की मांग, आवश्यक कौशल विकास, शासकीय योजनाओं की जानकारी और प्रशिक्षण को एक प्लेट फार्म पर लाने के लिए रोजगार प्रदान करने वाले सभी विभागों का इन्टीग्रेटेड रोजगार स्टेट पोर्टल तैयार करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में रोजगार और स्वरोजगार के संबंध में समीक्षा बैठक ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्वरोजगार और रोजगार सृजन के लिए कार्यरत 11 विभागों की समीक्षा की।

पिछले 10 माह में स्व-रोजगार और रोजगार सृजन के प्रयासों की समीक्षा के साथ 4 वर्षों में रोजगार सृजन के लिए कार्य-योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

### युवाओं को एक ही पोर्टल पर मिलेगी सम्पूर्ण जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन्टीग्रेटेड रोजगार स्टेट पोर्टल पर रोजगार की संख्या, आवेदन की प्रक्रिया, योजनाओं की जानकारी, योग्यता, प्रशिक्षण, उद्योग में उपलब्ध रोजगार की संख्या, इंडस्ट्री के लॉग इन सहित रोजगार से सम्बंधित सभी पक्षों की जानकारी प्रदर्शित करें। इससे युवाओं को एक ही जगह पर रोजगार और स्व-रोजगार संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकेगी। सभी विभागों के प्रयासों की समीक्षा के साथ वास्तविक लाभांवित व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। यह पोर्टल समग्र पोर्टल से भी लिंक होगा। इन्टीग्रेटेड रोजगार स्टेट पोर्टल के निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, एमएसएमई, श्रम विभाग और कौशल विकास और रोजगार विभाग की संयुक्त समिति बनाए जाने के निर्देश दिए।

### निवेशकों से लगातार फॉलो-अप कर समय पर दें अनुमतियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न राज्यों में इन्टरैक्टिव सेशन और प्रदेश में संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में कई कंपनियों ने नए यूनिट की स्थापना, एमओयू और निवेश संबंधी प्रतिबद्धता दर्शाई है। उन सभी निवेशकों से लगातार फॉलो-अप करें। उनकी हैंड होल्डिंग कर सभी आवश्यक अनुमतियां समय से प्रदान करें। हर विभाग स्व-मूल्यांकन कर लक्ष्य निर्धारित करें और समय पर उसे पूरा करें।

### विभाग आपसी समन्वय और समेकित रूप से करें कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी जिले में किये जा रहे कौशल विकास और रोजगार सृजन के अच्छे कार्यों से प्रेरणा लें और उन्हें दूसरे जिलों में भी लागू करें। सभी विभाग अपने कौशल विकास, स्टार्ट-अप पॉलिसी, निवेश नीति और निवेश के अवसरों को एक दूसरे से साझा करें। प्रदेश में रोजगार के अवसर उत्पन्न करने और वास्तविक रूप से लाभ देने के लिए आपसी समन्वय और समेकित रूप से कार्य करें। विभागों को उनके उत्पादों की आवश्यकतानुरूप मार्केटिंग और ब्रांडिंग सपोर्ट के लिए योजना बनाएं।

## प्रदेश वासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को समर्पित है जन अभियान परिषद



- सरकार और समाज के बीच कड़ी के रूप में सक्रिय है परिषद के कार्यकर्ता
- स्वैच्छिक, सामूहिक और सामुदायिक सहभागिता से स्वावलंबन के सिद्धांत पर जारी हैं गतिविधियां
- मुख्यमंत्री ने जनअभियान परिषद के समन्वयकों के उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जन अभियान परिषद जन-जन के कल्याण के लिए समर्पित है। स्वैच्छिक, सामूहिक और सामुदायिक सहभागिता से स्वावलंबन के दृष्टिकोण से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अनिल माधव दवे ने प्रत्येक प्रदेशवासी को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से परिषद के गठन की प्रेरणा दी थी। सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर समाज भी चले इस उद्देश्य से जन अभियान परिषद को एक कड़ी के रूप में विकसित किया गया। शासकीय योजनाओं को जन-जन तक ले जाने में जन अभियान परिषद उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव समन्वय भवन में समृद्धि योजना तहत समग्र ग्राम विकास के विभिन्न आयाम विषय पर मप्र जन अभियान परिषद की ओर से राज्य, संभाग और जिला स्तरीय समन्वयकों के उन्मुखीकरण सह-प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

### संघर्ष के लिए समाज को संगठित करने का दिया संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संस्कृति में आ रही विकृतियों से संघर्ष के कई प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए। साथ ही कंस रूपी बुराई से संघर्ष के लिए स्त्री-पुरूषों के साथ बच्चों को भी संगठित कर समाज की संगठन क्षमता और जन-कल्याण के लिए उसके सार्थक उपयोग का संदेश दिया। यह दर्शाता है कि संगठन की शक्ति से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गांव और सामान्य जन से प्रेम का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत का मूल स्वरूप गावों में ही विद्यमान है। ग्राम स्तर पर व्यवस्थाओं को सशक्त करने की आवश्यकता है और इस दिशा में जन अभियान परिषद की ओर से किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्राम स्तर पर जल संरक्षण, दुग्ध उत्पादन, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गतिविधियां जारी हैं।

## गांधी व लोहिया ने साधारणजन की पीड़ा को समझने का मंत्र साहित्य और समाज को दिया: रघु ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निर्भय होने व साधारण जन की पीड़ा को समझने का जो मंत्र देश को महात्मा गांधी ने दिया था, डॉ. राममनोहर लोहिया ने उसी को आगे बढ़ाया और उनके समय के रचनाकारों ने उसे अपने ढंग से व्यक्त किया। सुप्रसिद्ध समाजवादी चिंतक व राजनेता रघु ठाकुर ने यह विचार शनिवार को हिन्दी भवन के महादेवी वर्मा सभागार में आयोजित व्याख्यान व पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन के तहत व्यक्त किए।' साहित्य, समाज और लोहिया ' विषय पर केंद्रित इस आयोजन में वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल, चिंतक एवं अध्यापक डॉ. इंदीवर, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व - कुलपति दीपक तिवारी ने भी वक्ता के रूप में विचार रखे।



इस अवसर पर डॉ. शिवा श्रीवास्तव के कविता संग्रह ' भावना के विविध रंग ', नित्यानंद तिवारी की रचना ' महात्मा के जीवन मूल्य ' का विमोचन हुआ।

## हिंदी भाषा के संरक्षण और विकास में हिंदी कवियों और साहित्यकारों का अहम योगदान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हिंदी भाषा प्रदेश के कोने-कोने में विभिन्न बोलियों के रूप में बोली जाती है। प्रदेश के बाहर भी मध्यप्रदेश के निवासियों द्वारा सरलता और परिष्कृत उच्चारण के साथ हिंदी बोली जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुक्कुट भवन में हिंद युग्म उत्सव के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिंदी भाषा के संरक्षण और विकास में हिंदी भाषा के साहित्यकारों और कवियों का अहम योगदान हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हिंद युग्म उत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी और रवीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा हिंदी भाषा के संरक्षण, विकास और योगदान के महत्व को दर्शित करते हुए हिंद युग्म



उत्सव के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. गौरव तिवारी सहित कवि और साहित्यकार उपस्थित रहे।

## औद्योगिक निवेश और पर्यटन के लिए वैश्विक संभावनाओं का होगा पथ प्रशस्त

### आज प्रधानमंत्री मोदी करेंगे लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव समेत मंत्री, सांसद विधायक बनेंगे समारोह के साक्षी

# विन्ध्य की उन्नत 'उड़ान' के लिए स्वर्णिम पंख लगाने जा रहा है रीवा एयरपोर्ट

विशेष लेख



राजेन्द्र शुक्ल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब कहते थे कि वह दिन भी अब दूर नहीं, जब हमारे देश के 'हवाई चप्पल वाले लोग भी हवाई जहाज में उड़ान भरेंगे', तब विरोधी इसे महज जुमला कहकर बात हवा में उड़ा देते थे। ऐसे लोगों को आज रीवा आकर देखना चाहिए कि सपना किस तरह यथार्थ के धरातल पर उतरकर चरितार्थ होता है।

20 अक्टूबर 2024 की तारीख विन्ध्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चिरप्रतीक्षित रीवा हवाई अड्डे का लोकार्पण करने जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, रीवा के प्रभारी मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल साथ ही विन्ध्य के सांसद-विधायक, उद्यमी व नागरिक हवाई अड्डे पर आयोजित गौरवमयी ऐतिहासिक समारोह के साक्षी रहेंगे। प्रधानमंत्री रीवा में एक ऐसे हवाई अड्डे को लोकार्पित करने जा रहे हैं, जो भविष्य में उत्तर मध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयर ट्रैफिक डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा, साथ ही इस क्षेत्र को विकास के उच्च पायदान पर स्थापित करेगा। औद्योगिक निवेश और पर्यटन के लिए वैश्विक संभावनाओं का पथ प्रशस्त होगा। यह सुयोग है कि 23 अक्टूबर को रीवा में विन्ध्य में इन्वेस्टर समिट और रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव का आयोजन है। यह हवाई अड्डा विन्ध्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से एक्सीलेटर की भूमिका निभाएगा यह मेरा दृढ़ विश्वास है।

मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि रीवा का हवाईअड्डा कई चरणों में विकसित हो रहा है। प्रथम चरण में 72 सीटर यात्री विमान के उड़ान की सुविधा प्रारंभ हो रही है। पांच साल में रीवा का हवाईअड्डा बोइंग की लैंडिंग और अन्तरर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बनकर तैयार रहेगा। जब मैं कहता हूं कि रीवा एयरपोर्ट उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयरपोर्ट होगा तो मेरी दृष्टि के सामने सिंगरौली का पावर काम्प्लेक्स उभरकर सामने आता है। सिंगरौली में थर्मल प्लांटस में 20,000 मेगावाट से ज्यादा विद्युत उत्पादन होता है। देश का यह सबसे बड़ा पावर काम्प्लेक्स है। रीवा से सिंगरौली तक विश्वस्तरीय सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होकर पूर्णता के करीब है। जो यात्री पांच घंटे में बनारस पहुंचते थे, वे दो घंटे में रीवा एयरपोर्ट के लाउंज में होंगे। विन्ध्य की 29 बड़ी औद्योगिक इकाईयां 225 किमी की परिधि में फैली हैं और प्रायः सभी नेशनल हाइवेज से जुड़ी हैं। रीवा का हाइवेज जंक्शन पहले ही विकसित हो चुका है।

विन्ध्य की वाइल्डलाइफ टूरिज्म का विश्व में स्थान है। यहां का सफेद बाघ दुनियाभर के चिड़ियाघरों में दहाड़ रहा है। रीवा में 750 मेगावाट का सोलर पावर काम्प्लेक्स एशिया के बड़े पावर प्रोडक्शन यूनिट में शामिल है। रीवा में खूबसूरत प्रपातों की श्रृंखला है। भगवान राम का तपोवन चित्रकूट और मां शारदा के धाम मैहर कौन नहीं आना चाहेगा। बाणसागर का विस्तृत जल प्रक्षेत्र और उसके द्वीप विकसित होने पर हनुवंतिया के आकर्षण से आगे का प्राकृतिक सौंदर्य प्रस्तुत करेंगे। अपना विन्ध्य पावर हब की तरह सीमेंट का भी प्रोडक्शन काम्प्लेक्स है। रीवा में मेडिकल फैसिलटी और एकडमीज का विस्तार हो रहा है। हम यह गर्व के साथ कह सकते हैं कि देश का हर दसवां घर विन्ध्य में उत्पादित बिजली से रोशन हैं। देश के हर दसवें घर की बुनियादें यहां की फैक्ट्रियों से बनी सीमेंट से बेजोड़ और मजबूत हुई हैं।अभी तीन लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई है, बाणसागर का पानी जब 9 लाख हेक्टेयर तक पहुंचेगा, तब यहां के किसानों की स्थिति क्या बनेगी कल्पना की जा सकती है। इन्हीं सबके आधार पर मैं यह कहता हूं कि रीवा एयरपोर्ट विन्ध्य के उन्नत उडान के लिए स्वर्णिम पंख लगाने जा रहा है।

*(लेखक-मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री हैं)*

### महिला सशक्तिकरण व योग के लिए डॉ. लता सम्मानित

**भोपाल।** 7वां अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन सिंगापुर व्यासा सिंगापुर और हाई कमीशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सिंगापुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ एच आर नागेन्द्र कुलाधिपति एस व्यासा रहे। जबकि कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मनोज ठाकुर रहे। कार्यक्रम में डॉ. आरएच लता को योग कर्मसु कौशलम के कारण विशेष रुप से सम्मानित किया गया है। डॉ. लता को यह सम्मान एक योगिनी के तौर पर योग के साथ - साथ इंडस्ट्रीज में भी बेहतर कार्य प्रदर्शन और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने के कारण दिया है।



### शेजवलकर बने भाजपा प्रदेश चुनाव अधिकारी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा के अनुसार राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के लक्ष्मण ने विवेक शेजवलकर को प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही डॉ. लक्ष्मण ने जीतू जिराती, अर्चना चिटनिस, रजनीश अग्रवाल और डॉ. प्रभुलाल जाटवा को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

### धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन: 6 जिलों में पंजीयन 21 तक

**भोपाल।** 6 जिलों में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अवधि 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। अवधि नर्मदापुरम, रीवा, सतना, सिंगरौली, दमोह और बैतूल जिले के लिए बढ़ाई गई है।

## मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प

# एक साल में 56% तक रिटर्न

● शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद भी बढ़िया रिटर्न देने में अव्वल ● म्यूचुअल फंड के जरिये संतुलित निवेश करने से नहीं होती परेशानी ● लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता, लक्ष्य तक पहुंचाता है

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में उथल पुथल के बावजूद मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहे हैं और निवेशकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। मल्टीकैप फंडों ने एक साल में 56% तक का रिटर्न दिया है। इससे एसआईपी के जरिये निवेश करने वालों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इन फंडों में निवेश के लिए जरूरी है थोड़ा सा संयम के साथ निवेश किया जाए और अपने वित्तीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए धीरे-धीरे एसआईपी के जरिये पैसे लगाएं। इससे आसानी निवेश को बढ़ा पाएंगे। मल्टीकैप फंड बिकवाली के दौर में ग्रोथ पर रहे हैं। पिछले छह कारोबारी दिनों में निवेशकों के करीब 20 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके हैं। ऐसे में रिटेल इनवेस्टर्स परेशान हैं। हां, जिन्होंने म्यूचुअल फंड में निवेश किया और संतुलित निवेश करने वाले फंड में पैसे लगाए हैं, वे बेफिक्र हैं। चूंकि कहा भी गया है कि लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता और आसानी से निवेश के लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसलिए बाजार के जानकार सुझाव देते हैं कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं।



### संतुलित निवेश कहां

पर्सनल फाइनेंस के जानकारों का कहना है कि संतुलित निवेश के लिए मल्टीकैप फंड एक बेहतर साधन हो सकता है। यह एक ऐसी स्कीम है जो सभी मार्केट कैप मतलब कि लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप में निवेश करती है। बाजार की गिरावट में जहां लार्ज कैप शेयर सुरक्षा प्रदान करते हैं वहीं मिड और स्मॉल कैप शेयर फायदा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोई भी एक मार्केट कैप लगातार बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकता है। इसलिए निवेशकों को एसेट अलोकेशन के तहत सभी मार्केट कैप में निवेश करना चाहिए।

### डायवर्सिफिकेशन का फायदा

निवेश गुरुओं का कहना है कि आपके गुलदस्ते में हर तरह के फूल होने चाहिए। बस, इसी सिद्धांत पर मल्टीकैप फंड चलता है। उनका जोखिम और रिटर्न एक बाजार पर केंद्रित होने के बजाय पूरे बाजारा पूंजीकरण पर केंद्रित होता है। आप भी देखिए कि हर बाजार का रिटर्न अलग रहा है। सालाना आधार पर साल 2023 में निफ्टी 100 टीआरआई का रिटर्न 21 फीसदी रहा है जबकि निफ्टी मिडकैप 150 टीआरआई का रिटर्न 45 फीसदी रहा है। निफ्टी स्मॉलकैप 250 टीआरआी का भी रिटर्न 49 पर्सेंट रहा है। मल्टीकैप में एक जाना माना नाम एक्सिस म्यूचुअल फंड है। इस फंड ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक निवेशकों को लगातार बेहतर फायदा दिया है।

### मल्टी कैप फंड क्या हैं

मल्टी-कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में निवेश करती है। मल्टी-कैप फंड में, कुल एसेट का न्यूनतम 75% इक्विटी और इक्विटी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट में इन्वेस्ट करना आवश्यक है। इसके अलावा, ये फंड लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में कम से कम 25% इन्वेस्ट करने की उम्मीद है।

### मल्टी कैप फंड कैसे काम करते हैं

मल्टी-कैप फंड में मार्केट कैपिटलाइज़ेशन में कंपनियों के स्टॉक में इन्वेस्ट करने की सुविधा होती है, जब तक वे ऊपर उल्लिखित 25% शर्तों को बनाए रखते हैं। हालांकि, प्रत्येक पूंजीकरण में निवे श का वितरण फंड मैनेजर की रणनीति पर निर्भर करता है। इक्विटी जोखिम भरा होता है, लेकिन उनके भीतर, जोखिम की मात्रा अलग-अलग होती है। व्यापक स्टॉक मार्केट के आधार पर, फंड मैनेजर रिटर्न को अधिकतम करने के लिए होल्डिंग को एडजस्ट कर सकता है।

### किस फंड हाउस का कितना रिटर्न

हम यहां मल्टीकैप के वैसे फंडों का जिक्र कर रहे हैं, जिन्होंने बीते एक साल में 50 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इनमें एक्सिस के मल्टीकैप ने सर्वाधिक 56.02 फीसदी का रिटर्न दिया है। कोटक मल्टीकैप की स्कीम ने 52.83 फीसदी, एचएसबीसी की स्कीम ने 51.90 फीसदी और एलआईसी मल्टीकैप की स्कीम ने 51.37 फीसदी का रिटर्न दिया है। अगर किसी निवेशक ने इन फंडों में एक साल पहले एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो एक ही साल में वह रकम अब 1.56 लाख रुपये हो गई होती।

### कहां होता है निवेश

मल्टीकैप फंड लार्जकैप, मिडकैप,स्मॉलकैप और डायनॉमिक में 25-25 फीसदी का निवेश करता है। आपको पता ही होगा कि लार्जकैप फंड बड़ी कंपनियों में निवेश करता है। मिडकैप फंड मिडकैप कंपनियों के अवसरों को पकड़ता है, जबकि स्मॉलकैप उभरते हुए अवसरों में निवेश करता है। अगर एक्सिस म्यूचुअल फंड के मल्टीकैप की बात करें तो इसने सर्वाधिक निवेश वित्तीय सेवाओं, ऑटोमोबाइल और उसके कलपुर्जे, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, आईटी, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल में किया है। यह सभी ऐसे सेक्टर हैं जो बाजार के हर माहौल में निवेशकों को सुरक्षा देने के साथ साथ उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देते हैं।

### मल्टी-कैप फंड के प्रकार

#### लार्ज-कैप-फोकस्ड फंड

इन फंड में, फंड मैनेजर लार्ज कैप फंड को अधिक वेटेज देता है जो समग्र पोर्टफोलियो को अधिक स्थिरता प्रदान करने की संभावना होती है। यह फंड मैनेजर को मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के मिश्रण में शेष कॉर्पस को निवेश करने के लिए लीवे देता है, जिनमें अच्छे विकास के अवसर और रिटर्न प्रदान करने की क्षमता होती है।

#### मिड-कैप स्मॉल-कैप फोकस्ड फंड

इन फंड में, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के लिए वेटेज दिया जाता है। इस प्रकार, ये फंड मिड-कैप्स और स्मॉल कैप फंड से अधिक आक्रामक दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं, लार्ज-कैप स्टॉक से जोखिम भरा हो सकता है लेकिन बेहतर रिटर्न प्रदान करने की क्षमता रखते हैं।

#### कोई विशिष्ट फोकस नहीं

इन प्रकार के मल्टी-कैप फंड प्रत्येक मार्केट कैप में आवश्यक न्यूनतम निवेश करने के अलावा किसी विशेष मार्केट कैप पर ध्यान नहीं केंद्रित करते हैं। लार्ज-कैप्स, मिड-कैप्स और स्मॉल-कैप्स के बीच का वेटेज फंड मैनेजर की स्ट्रेटेजी, स्टॉक वैल्यूएशन और मार्केट की कुल स्थितियों के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।



## पीपीएफ में 15 की बजाय 20 साल तक करें निवेश

# मिलेगा बढ़िया लाभ

- फिर हर महीने 40 हजार रुपये होगी अर्निंग
- अकाउंट में 66 लाख बना रहेगा बैलेंस
- पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है
- इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है

मनी मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर बुढ़ापे में सिक्योर होना चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है। इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है यानी आप इसे 5 साल-5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। इससे आपका अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप मौजूदा ब्याज दर पर 20 साल तक पीपीएफ अकाउंट को निवेश के साथ जारी रखते हैं तो इसके जरिए 66 लाख रुपये फंड जुटा सकते हैं। अगर आप चाहें तो 20 साल बाद यह 66 लाख पूरी तरह सुरक्षित रखते हुए इसी अकाउंट से आप मंथली 40 हजार रुपये या सालाना 4.73 लाख रुपये इनकम कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको इसकी पूरी जानकारी देंगे।

- एक वित्त वर्ष में मैक्सिमम डिपॉजिट : 1.50 लाख रुपये
- ब्याज दर : 7.1 फीसदी सालाना
- 15 साल में कुल जमा : 22,50,000 रुपये
- 15 साल बाद कुल फंड : 40,68,209 रुपये
- 20 साल में कुल जमा : 30,00,000 रुपये
- 20 साल बाद कुल फंड : 66,58,288 रुपये

### कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट

कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट कोई भी भारतीय नागरिक पोस्ट ऑफिस में यह अकाउंट अपने या अपने बच्चे के नाम पर खोल सकता है। इसके लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं. इसके लिए जरूरी डॉक्युमेंट ये हैं। किसी व्यक्ति की पहचान को सत्यापित करने वाले केवाईसी दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एड्रेस प्रूफ, नॉमिनी की घोषणा के लिए फॉर्म पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होगी।

### एक्सटेंड करने पर कैसे मिलता है ब्याज

15 साल की मैच्योरिटी के बाद पीपीएफ को एक बार में 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। 5 साल बाद फिर इसे 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। अगर आप 15 साल की मैच्योरिटी के बाद निवेश किए स्कीम को एक्सटेंड करते हैं तो 15 साल बाद क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलता रहेगा। वहीं अगर निवेश के साथ इसे एक्सटेंड करते हैं तो स्कीम में उसी तरह से ब्याज पर ब्याज जुड़ेगा, जैसे मैच्योरिटी के पहले। जब आप निवेश के साथ स्कीम को 5 साल के लिए एक्सटेंड करते हैं तो एक साल में 60 फीसदी तक रकम निकाल सकते हैं।

### पीपीएफ : 15+5 साल के लिए निवेश

पीपीएफ में मैच्योरिटी तक यानी 15 साल तक हर फाइनेंशियल ईयर में अधिकतम जमा करें तो मौजूदा ब्याज दर के हिसाब से कुल 40,68,209 रुपये का फंड जुटाया जा सकता है, लेकिन अगर इसे आगे 5 साल के लिए बढ़ाते हैं तो 20 साल बाद आपके पास करीब 66 लाख रुपये का फंड होगा। पीपीएफ अकाउंट को आप 15 साल के लिए एक बार में 5 साल- 5 साल के लिए बढ़ा सकते हैं। यानी निवेश जारी रखने के साथ 20 साल की बजाय 25 साल भी अकाउंट एक्सटेंड हो सकता है। 25 साल तक अकाउंट जारी रखने पर आपके पास 1 करोड़ रुपये का फंड होगा। इस क्लोजिंग बैलेंस पर अगले 5 साल आप हर महीने 60 हजार रुपये इनकम कर सकते हैं।

## 20 साल बाद ऐसे होगी मंथली इनकम

ऊपर कैलकुलेशन में साफ है कि पीपीएफ अकाउंट 5 साल के लिए एक्सटेंड करने पर आप करीब 66.50 लाख रुपये फंड बना सकते हैं। अगर आप इसके बाद बिना कुछ निवेश किए इस अकाउंट से मंथली इनकम चाहते हैं तो इसके लिए खास नियम है। यहां एक्सटेंड करने का ही नियम आपके काम आएगा। 20 साल बाद आपको फिर 5 साल के लिए यह अकाउंट एक्सटेंड करना होगा, लेकिन बिना कुछ निवेश किए। अगर आप स्कीम को बिना कुछ निवेश किए 5 साल के लिए एक्सटेंड किया है तो आपको क्लोजिंग बैलेंस पर सालाना ब्याज मिलेगा। वहीं हर साल एक बार आप पूरी रकम का कितना फीसदी भी निकाल सकते हैं। यह 100 फीसदी तक हो सकता है। यहां 66.58 लाख रुपये के क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलेगा। यह एक साल में 4,72,738 रुपये होगा। आप एक साल में एक बार में इस पूरी ब्याज की रकम को निकाल सकते हैं। इसे 12 महीनों में बांट दें तो करीब 39,395 रुपये महीना होगा। वहीं इस निकासी पर कोई टैक्स भी नहीं लगेगा। खास बात यह है कि आपका 66.58 लाख रुपये का बैलेंस सुरक्षित बना रहेगा।

# एक साल में 65% से ज्यादा मुनाफा देने वाली म्यूचुअल फंड की स्कीम

- लॉन्ग टर्म एसआईपी रिटर्न में भी रही चैंपियन
- म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की तरह दे रही रिटर्न
- इन स्कीमों में निवेशकों ने कमाया बढ़िया मुनाफा
- छोटे से अमाउंट से भी बना दिया करोड़ों का फंड
- लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत

जानकारी
बिजनेस डेस्क

एक साल के लिए आप कहीं पैसा लगाएं और आपको 65 से 85 फीसदी रिटर्न मिल जाए। आप सोच रहे होंगे कि ऐसा तो स्टॉक मार्केट में ही पॉसिबल है, लेकिन अब म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की ही तरह रिटर्न देने लगी हैं। बाजार में ऐसे कई इक्विटी म्यूचुअल फंड हैं, जिनमें सिर्फ 1 साल में 65 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिल गया है। वहीं, इसका लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत है। तभी तो इन स्कीम ने 5 साल की एसआईपी का रिटर्न चेक करें तो ये चैंपियन साबित होती हैं। ऐसे फंडों में पैसा लगाने से निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिल सकता है और वे अपने छोटे से अमाउंट को को बढ़िया फंड में तबदील कर सकते हैं। हालांकि कहा भी गया है कि शेयर बाजार का रिटर्न रिस्क के अधीन होता है, लेकिन कुछ म्युचुअल फंडों ने बढ़िया रिटर्न देकर निवेशकों को रिझाया है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ फंड जो 1 साल का रिटर्न 65 फीसदी या इससे ज्यादा दे रहे हैं।

### इन फंडों का रिटर्न रहा बेहतर

**सीपीएसई ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 85.71%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 48.65%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 19,24,588 रुपये

**मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 72.56%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 42.86%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,89,128 रुपये

**एलआईसी एमएफ इंफ्रास्ट्रक्चर फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 68.39%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 39.01%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 15,46,959 रुपये

**बंधन इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 66.42%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 41.57%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,40,280 रुपये

**निप्पॉन इंडिया निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस एफओएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.35%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,94,003 रुपये

**आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.11%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.21%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,786 रुपये

**यूटीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.09%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.22%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,860 रुपये

**एसबीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.06%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.13%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,99,536 रुपये

**निप्पॉन इंडिया ईटीएफ निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस**
- 1 साल में रिटर्न : 66%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.08%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,98,042 रुपये

**डीएसपी निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 65.68%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 27.93%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,93,855 रुपये




### स्टॉक मार्केट से सेफ है म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं. इससे पोर्टफोलियो डायवर्सिफाइड हो जाता है।

### रिटर्न मिलने के चांस क्यों ज्यादा

म्यूचुअल फंड में काबिल और अनुभवी फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले। *(**डिस्क्लेमर** : किसी भी इक्विटी फंड में पुराना रिटर्न आगे भी जारी रहेगा या नहीं, इसकी गारंटी नहीं है। यह भविष्य में कायम भी रह सकता है और नहीं भी। बाजार में जोखिम होती है, इसलिए निवेश के पहले एक्सपर्ट की सलाह लें।)*

**कार्यालय : उपसंचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, बी-7, धनवंतरी काम्पलेक्स, चिकित्सा परिसर, अरेरा कॉलोनी, शाहपुरा, भोपाल (म.प्र.)**
Ph.No. 0755-2460577 Email id-ddihsbhopal@gmail.com
**किराये पर वाहन उपलब्ध कराने संबंधी**
**ई-निविदा विज्ञप्ति**
क्रमांक: 760 दिनांक 07/10/2024
**निविदा सूचना**
श्रमायुक्त म.प्र. शासन, इंदौर द्वारा अधिकृत किये जाने के उपरांत कार्यालय उपसंचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, संभाग-भोपाल, जिला- भोपाल में विभागीय उपयोग हेतु साढ़े छः लाख कीमत, सवारी वाहन एक वर्ष की अवधि के लिये स्थानीय पंजीकृत (रजिस्टर्ड) ट्रेवल्स एजेंसियों से द्वि-निविदा प्रणाली मे ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित कि जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरणः- निविदा प्रपत्र का मूल्य रु.1000/- (एक हजार मात्र) तथा धरोहर राशि रू. 15000/- (पंद्रहा हजार मात्र) होगा। विस्तृत निविदा अन्य जानकारी तथा निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.mptenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 15.10.2024 को प्रातः 10.00 बजे से ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। ई-निविदा दिनांक 28.10.2024 को शाम 04.00 बजे तक ऑनलाईन जमा किये जा सकते है। विधिवत भरी व तकनीकी निविदा संबंधी दस्तावेज दिनांक 04.11.2024 को शाम 04.00 बजे तक हार्ड कॉपी में ई- भुगतान की रसीद सहित कार्यालय उपसंचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा भोपाल मे जमा किये जावेंगे। तकनीकी निविदा दिनांक 08.11.2024 को समय 12.30 बजे खोली जावेगी।
उपसंचालक
औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा
संभाग-भोपाल, जिला-भोपाल म.प्र.
जी-17864/24 स्वच्छता ही सेवा

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त कोलोर भोपाल म.प्र.**
प्रकरण क्रं.: RS/444/0760/15548/24
**इश्तहार**
आवेदक महेश साहू आत्मज श्री कल्लू साहू, निवासी 506,B,राजहर्ष कॉलोनी अकबरपुर कोलार रोड भोपाल द्वारा ग्राम अकबरपुर स्थित खसरा नंबर 90 क्षेत्रफल 2400 वर्गफिट अर्थात 223.04 वर्गमीटर का विक्रयपत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 05/11/2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 18/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**आम सूचना**
अरविन्द विहार बागमुनालिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड/भवन क्रमांक एम.आई.जी. 250 मण्डल द्वारा श्री शंकर लाल चौबे आत्मज स्व. श्री मुन्नी लाल चौबे के नाम हस्तान्तरण आदेश क्र.1525-30 दिनांक 06/03/2000 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26/02/2000 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री शंकर लाल चौबे द्वारा संपत्ति का रजिस्टर्ड वसीयतनामा अपने नाती श्री सुमेध तिवारी आत्मज श्री प्रवीण तिवारी के नाम पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07/06/2000 को निष्पादित कराया गया है। श्री शंकर लाल चौबे आत्मज स्व. श्री मुन्नी लाल चौबे (नाना) की दिनांक 9/08/2011 एवं श्रीमती राजा बाई चौबे पत्नी श्री शंकर लाल चौबे (नानी) की दिनांक 06/11/2015 को मृत्यु होने के उपरांत उनके नाती श्री सुमेध तिवारी आत्मज श्री प्रवीण तिवारी के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने एकल नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजी के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री सुमेध तिवारी आत्मज श्री प्रवीण तिवारी के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति होतो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
संपदा अधिकारी म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल

**सूचना**
मकान नंबर B-96 अशोका गार्डन शेड भोपाल मप्र का प्रापर्टी एवं जलकर मुन्ने खाँ के नाम से आ रहा है । इनका सही नाम मो. समी है। इनको मुन्ने खाँ के नाम से भी जाना जाता है । इनका प्रापर्टी एवं जलकर भी मुन्ने खां के नाम से आ रहा है। वर्तमान में इस मकान के मालिक वाजिद अहमद सिद्दीकी हैं । यह अपने उपरोक्त मकान का प्रापर्टी टैक्स, जलकर और नामांतरण अपने स्वयं के नाम वाजिद अहमद सिद्दीकी के नाम पर करवाना चाहते हैं। अगर इस पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ती है तो वह नीचे दिये गये मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी आपत्ती दर्ज करा सकता है।
वाजिद अहमद सिद्दीकी
मोबाइल नं -9329419348,8817078614

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी सीहोर जिला सीहोर म.प्र.**
ग्राम बासापुर तह. बुदनी जिला सीहोर स्थित भूमि खसरा नंबर 77/3, 77/4, 77/5 के संबंध में।
प्र. क्र. 0288/अपील / 2024-25
-: जाहिर सूचना पत्र :-
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन अग्रवाल आ. श्री कैलाश चंद्र अग्रवाल निवासी ई-1/50 अरेरा कॉलोनी भोपाल (म.प्र.) कृषक ग्राम बासापुर तहसील बुदनी जिला सीहोर ने मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत न्यायालय तहसीलदार बुदनी के प्रकरण क्र. 0282/अ-6/2023-24 आदेश दिनांक 30.01.2024 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थी का विवरण निम्नानुसार है। सुधीर चौरे आ. राधेश्याम चौरे निवासी जे.के.रोड, भोपाल जिला भोपाल (म.प्र.)।
उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जारी दिनांक से पेशी दिनांक 25/10/24 तक न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद-म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त पेशी दिनांक पर यदि किसी कारणवश स्थानीय अवकाश/अन्य कारणों से अवकाश घोषित किया जाता है तो अवकाश के आगामी कार्यदिवस पर पेशी होगी। यह इश्तहार आज दिनांक 16/10/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया ।
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
अनुभाग सीहोर जिला सीहोर

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, सीहोर जिला सीहोर म.प्र.**
ग्राम बासापुर तह. बुदनी जिला सीहोर स्थित भूमि खसरा नंबर 77/5, 77/3 के संबंध में।
प्र. क्रं. 0289/अपील/2024-25
-: जाहिर सूचना पत्र :-
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन अग्रवाल आ. श्री कैलाश चंद्र अग्रवाल निवासी ई-1/50 अरेरा कॉलोनी भोपाल (म.प्र.) कृषक ग्राम बासापुर तहसील बुदनी जिला सीहोर ने मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत न्यायालय तहसीलदार बुदनी के प्रकरण क्रं. 0283/अ-6/2023-24 आदेश दिनांक 30.01.2024 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थी का विवरण निम्नानुसार है। अरविन्द सिंह आ. अमर सिंह निवासी मुरली रोड, जिला सीहोर सीहोर (म.प्र.)।
उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जारी दिनांक से पेशी दिनांक 25/10/2024 तक न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद- म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त पेशी दिनांक पर यदि किसी कारणवश स्थानीय अवकाश/अन्य कारणों से अवकाश घोषित किया जाता है तो अवकाश के आगामी कार्यदिवस पर पेशी होगी। यह इश्तहार आज दिनांक 16/10/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया ।
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
अनुभाग सीहोर जिला सीहोर

**आम सूचना/जाहिर सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा अवधपुरी, भोपाल द्वारा श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव आत्मज स्व. श्री बैजनाथ प्रसाद श्रीवास्तव एवं श्रीमती रूचि श्रीवास्तव पत्नि श्री विवेक श्रीवास्तव, निवासी-डी-40, न्यू मिनाल रेसीडेंसी, जे के रोड़, भोपाल म.प्र. ने उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान जो भूखण्ड कंमाक सी-34, काकड़ा अभिनव होम्स, वार्ड 65, खसरा क्रमांक 197, 198/5/1 का अंश भाग, ग्राम दामखेड़ा, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल, मध्य प्रदेश में स्थित हैं, जिसकी माप 23 बाई 45 कुल क्षेत्रफल 1035 वर्गफीट एवं चतुर्थ सीमाएँ, पूर्व में भूखण्ड क्रंमाक सी-15, पश्चिम में रोड़, उत्तर में रोड़, दक्षिण मे भूखण्ड क्रंमाक सी-33, है। उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्राप्त करने के लिये मेरे पक्षकार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।
उक्त भवन के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, बैंक, वित्तिय संस्था, या वारिसो को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कही दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित इत्यादि है तो सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा ऋण राशि हेतू बंधक रखने के उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी ।
भवदीय
लक्ष्मी नारायण चौहान (अधिवक्ता)
चेम्बर नं0-213, द्वितीय तल, नियर जिला सत्र न्यायालय, अरेरा हिल्स, भोपाल म.प्र. मो. नं.-9826245514

**भारत और कनाडा के रिश्ते सबसे खराब दौर में है। खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की कनाडा में हत्या के बाद कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडाई संसद में भारत पर हत्या में हाथ के बेबुनियाद आरोप लगाने के बाद से दोनों देशों के संबंध खराब होते गए हैं। पीएम ट्रूडो बार बार भारत पर आरोप मढ़ रहे हैं और कोई सबूत नहीं दे रहे हैं। कनाडा के इस रवैये को भारत ने गंभीरता से लिया है व कनाडा को दो टूक संदेश दिया है कि मनगढ़ंत आरोप लगाना बंद करे और भारत में वांछित आतंकियों के खिलाफ एक्शन ले। अनेक मौके पर भारत ने जता दिया है कि भारत में वांछित खलिस्तानी आतंकियों के प्रति कनाडा का ढुलमुल रवैया वैश्विक नियमों के अनुरूप नहीं है, लेकिन कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वस्तुतः सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन पर ही सत्तासीन हुई है। अगले वर्ष अक्टूबर में कनाडा में आम चुनाव होने हैं और कनाडा के सिख समुदाय का आमतौर पर जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी का समर्थक क़रार दिया जाता है। इसी कारण ट्रूडो सिख वोट बैंक की खातिर खालिस्तान समर्थक राजनीतिक लीडरों का तुष्टीकरण करने में जुटी हुई है। सवाल यह भी है कि घरेलू राजनीति के चलते किसी दूसरे मुल्क पर आरोप नहीं लगाया जा सकता। भारत व कनाडा के बिगड़ते संबंध का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# भारत-कनाडा के बिगड़ते ताल्लुकात



कूटनीति
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पार्लियामेंट में इल्ज़ाम आयाद किया था कि हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल में भारत सरकार की प्रत्यक्ष भूमिका रही है। हालांकि ट्रूडो वस्तुतः भारत के विरुद्ध अपने इस संगीन इल्जाम के समर्थन में कोई ठोस सबूत अभी तक पेश नहीं कर सके हैं। कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पॉलिवेयर ने इस मामले को सुलझाने में ट्रूडो सरकार को एकदम नाकाम करार दिया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से कनाडा के लोगों के सामने भारत के विरुद्ध लगाए गए इल्जाम के विषय में सबूत पेश करने की मांग की है। सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के इल्जाम को लेकर भारत और कनाडा के मध्य एक तल्ख विवाद उत्पन्न हो गया है।**



कनाडा में खालिस्तान समर्थक सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के विषय में एक तहकीकात संचालित की जा रही है। विगत वर्ष प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडा की पार्लियामेंट में इल्ज़ाम आयाद किया गया था कि हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल में भारत सरकार की प्रत्यक्ष भूमिका रही है। हालांकि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो वस्तुतः भारत के विरुद्ध अपने इस संगीन इल्जाम के समर्थन में कोई ठोस सबूत अभी तक पेश नहीं कर सके हैं। कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पॉलिवेयर ने इस मामले को सुलझाने में ट्रूडो सरकार को एकदम नाकाम करार दिया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से कनाडा के लोगों के सामने भारत के विरुद्ध लगाए गए इल्जाम के विषय में सबूत पेश करने की मांग की है। सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के इल्जाम को लेकर भारत और कनाडा के मध्य एक तल्ख विवाद उत्पन्न हो गया है। इस गहन विवाद के कारण ही दोनों देशों के मध्य कूटनीतिक तनाव निरंतर चल रहा है।

## छह राजनयिक मुल्क से निष्कासित

उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा तथा अन्य राजनयिकों पर जून 2023 में खालिस्तान समर्थक सरगना हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले से संबद्ध होने का संगीन इल्जाम आयाद किया है। भारत और कनाडा के मध्य कूटनीतिक ताल्लुक टूट जाने के कगार तक आ पहुंचे हैं। कनाडा की जस्टिन ट्रूडो हुकूमत ने कनाडा में तैनात भारत के छह राजनयिकों को अपने मुल्क से निष्कासित करने का निर्णय लिया। कनाडा से निष्कासित किए जाने वाले राजनयिकों में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा भी शामिल हैं। हालांकि भारत सरकार ने कनाडा के इल्ज़ाम को एकदम अस्वीकार करते हुए दावा पेश किया कि उसने खुद ही अपने राजनयिकों को भारत वापस बुला लिया है। इधर भारत सरकार ने भी सख्त जवाबी कार्यवाही करते हुए कनाडा के छह राजनयिकों को भारत से निकाल दिए जाने का आदेश जारी कर दिया। भारत सरकार द्वारा निष्कासित किए गए राजनयिकों में कनाडा के कार्यकारी उच्चायुक्त स्टीवर्ट रॉस व्हीलर भी शामिल हैं। स्मरण कीजिए सन् 1980 का दशक जबकि सन 1982 में खालिस्तानी सरगना तलविंदर परमार ने दो पुलिस अधिकारियों का पंजाब में कत्ल कर दिया था। कत्ल अंजाम देने के बाद में वह फरार होकर कनाडा पहुंच गया था। उस वक्त कनाडा के प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो थे और भारत में इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं।

इंदिरा गांधी ने पियरे ट्रूडो से गुजारिश की थी कि कनाडा सरकार द्वारा तलविंदर परमार को गिरफ्तार करके भारत को सौंप दिया जाए। दुर्भाग्य से इंदिरा गांधी की गुजारिश को कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो ने ठुकरा दिया था। सन् 1985 में एयर इंडिया के विमान कनिष्क ने मांट्रियल से मुंबई के लिए उड़ान भरी और कनिष्क विमान आयरलैंड के समुद्र तट पर बम विस्फोट से विध्वंस हो गया था। इस बम विस्फोट विध्वंस में विमान के 329 यात्री हलाक कर दिए गए। इन विमान यात्रियों में अधिकतर यात्री कनाडा के नागरिक थे। कनिष्क विमान के विध्वंस की तहकीकात के दौरान प्रमुख साजिश कर्ता के रूप में खालिस्तानी सरगना तलविंदर परमार का नाम सबसे पहले सामने आया था। तलविंदर परमार बाद में कनाडा से फ़रार होकर जर्मनी भाग गया। सन 1983 में जर्मन पुलिस ने उसको गिरफ्तार किया। जर्मनी से भारत उसका प्रत्यर्पण संभव नहीं हो सका और जर्मनी ने तलविंदर परमार को कनाडा को सौंप दिया। कनाडा से फ़रार होकर तलविंदर सिंह आखिरकार पाकिस्तान पहुंच गया।

## कनाडा में आठ लाख सिख नागरिक

26 जनवरी 1982 को खालिस्तान सरगना सुरजन सिंह गिल ने तथाकथित खालिस्तान हुकूमत का एक दफ्तर भी कनाडा में खोला था। दुर्भाग्य से कनाडा सरकार ने तथाकथित खालिस्तानी हुकूमत को प्रतिबंधित नहीं किया। इस तथाकथित खालिस्तानी हुकूमत ने पासपोर्ट जारी किए और अपनी करंसी भी जारी की। हालांकि कनाडा में बसने वाले भारतीय मूल के तकरीबन तीस लाख नागरिकों में लगभग आठ लाख सिख नागरिक हैं। इन आठ लाख सिखों का तथाकथित खालिस्तान हुकूमत को कदाचित समर्थन नहीं हासिल हुआ। खालिस्तान सरगनाओं द्वारा बब्बर खालसा और वर्ल्ड सिख ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना कनाडा में ही अंजाम दी गई थी। दुर्भाग्य से जो ऐतिहासिक गलतियां कनाडा की लिबरल पार्टी के तत्कालीन प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो ने अंजाम दी थी, वैसी ही गंभीर गलतियां आज उनके साहबजादे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भी बाकायदा दोहरा रहे हैं।

## सिख यूथ फेडरेशन का समर्थन

इन सभी तथ्यों से एकदम स्पष्ट हो जाता है कि खालिस्तान समर्थक सरगनाओं को शरण देने का कुकृत्य वस्तुतः कनाडा सरकार सन 1980 के दशक से ही अंजाम देती रही है। सन् 1990 में कनाडा की लिबरल पार्टी को कनाडा की सिख यूथ फेडरेशन द्वारा प्रबल समर्थन प्रदान किया गया। सन् 2006 में लिबरल पार्टी को पराजित करके कंजर्वेटिव पार्टी के स्टीफन हार्पर प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री काल के दौरान कनाडा और भारत के बिगड़ गए संबंधों में स्टीफन हार्पर के शुरुआती कार्यकाल में गुणात्मक सुधार आया। सन् 2007 में खालिस्तानी आतंकवादी सरगना तलविंदर परमार के समर्थकों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में खालिस्तानी आतंकवादी तलविंदर परमार को एक हीरो के तौर पर पेश किया गया था। दुर्भाग्य से खालिस्तान समर्थक और भारत विरोधी रैली में कंजर्वेटिव पार्टी और लिबरल पार्टी के लीडर विद्यमान रहे। इसी प्रस्थान बिंदु से भारत और कनाडा के कूटनीतिक संबंधों में फिर से तल्खी आनी शुरू हो गई। सन् 2015 में जस्टिन ट्रूडो प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए और उन्होंने अपनी कैबिनेट में चार सिख मंत्रियों को भी शामिल किया क्योंकि उनकी लिबरल पार्टी कनाडा के सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन और सहायता से ही सत्तासीन हुई थी। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हरजीत सिंह सज्जन को कनाडा का रक्षा मंत्री बनाया। हरजीत सिंह सज्जन वस्तुतः खालिस्तान का सशक्त समर्थक रहा है। इसीलिए पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हरजीत सिंह सज्जन से मिलने से इनकार कर दिया था, जबकि वह पंजाब के सरकारी दौरे पर भारत आया था। जी-20 शिखर सम्मेलन में सन 2018 में जस्टिन ट्रूडो हिंदुस्तान के दौरे पर आए थे और स्टेट मिनिस्टर गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया था।

## खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे का उल्लेख

सन् 2018 में कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा रिपोर्ट में पहली बार खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे का बाकायदा उल्लेख किया गया। इस रिपोर्ट के पेश किए जाने के बाद खालिस्तान समर्थकों ने जस्टिन ट्रूडो की पार्टी के लीडरों को यह धमकी दी कि उनको सिखों की किसी भी रैली और सभा में शिरकत नहीं करने दी जाएगी। अगले वर्ष से राष्ट्रीय सुरक्षा रिपोर्ट में खालिस्तानी आतंकवाद का कोई भी उल्लेख नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1979 में दुर्दान्त खालिस्तान सरगना जरनैल सिंह भिंडरावाले की कयादत में पंजाब में पृथकतावादी बगावत का आगाज हुआ था। आखिरकार वर्ष 1993 तक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पंजाब में खालिस्तानी बगावत का संपूर्ण खात्मा कर दिया गया था। किंतु कुछ खालिस्तानी सरगनाओं ने भारत से फरार होकर पाकिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड और अमेरिका में बकायदा शरण ले ली। कनाडा की सिख आबादी में यकीनन खालिस्तानी बगाव़त के समर्थक राजनीतिक लीडर भी विद्यमान रहे हैं। पाकिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी सरगनाओं की निरंतर कोशिश रही है कि पंजाब में फिर से आतंकवाद को पुनर्जन्म दिया जाए और फिर उसका नृशंस विस्तार किया जाए। उल्लेखनीय है कि पंजाब में सन् 1979 से प्रारंभ हुए खालिस्तानी आतंकवाद के दौर में सन् 1993 तक तकरीबन 14 वर्षों के दौरान पचास हजार से ज्यादा लोग हलाक़ कर दिए गए थे। आज के दौर में खालिस्तानी सरगना कनाडा, अमेरिका, इंग्लैंड और पाकिस्तान में सक्रिय होकर नृशंस ऐतिहासिक दौर को फिर से दोहराने की तैयारी में जुट हुए हैं। वैश्विक आतंकवाद को समाप्त करने की दुहाई देने वाले अमेरिका, इंग्लैंड और कनाडा खुले आम खालिस्तानी आतंकवादियों को प्रश्रय प्रदान कर रहे हैं और प्रोत्साहन दे रहे हैं। भारत द्वारा एक सूची कनाडा की हुकूमत के समक्ष पेश की गई है, जिसके तहत भारत में मोस्ट वांटेड खालिस्तानी आतंकवादियों के नाम हैं, जिनको कनाडा में शरण दी गई है। कनाडा सरकार ने इन आतंकवादी सरगनाओं के विरुद्ध कोई कार्यवाही अंजाम नहीं दी है।

## राजनीतिक तुष्टिकरण में जुटी ट्रूडो सरकार

कनाडा में दरअसल प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वस्तुतः सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन पर ही सत्तासीन हुई है। अगले वर्ष अक्टूबर माह में कनाडा में आम चुनाव होने हैं और कनाडा के सिख समुदाय का आमतौर पर जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी पार्टी का समर्थक क़रार दिया जाता है। इसी कारण जस्टिन ट्रूडो वस्तुतः सिख वोट बैंक की खातिर खालिस्तान समर्थक राजनीतिक लीडरों का तुष्टीकरण करने में जुटी हुई है। राजनीतिक तुष्टिकरण के मामले में लिबरल और कंजरवेटिव पार्टी के लीडर ही जिम्मेदार रहे हैं। गौरतलब है कि जस्टिन ट्रूडो जब वर्ष 2015 में पहली बार कनाडा के पीएम बने तो उन्होंने मज़ाकिया लहज़े में ये कहा था कि भारत की मोदी सरकार से ज़्यादा उनकी कैबिनेट में सिख मंत्री हैं। उस समय ट्रूडो ने कैबिनेट में चार सिखों को शामिल किया था। ये कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ था। फ़िलहाल प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के संसद में दिए एक बयान के बाद भारत के साथ कनाडा के रिश्ते गंभीर संकट में पहुंचते दिख रहे हैं। कनाडा के साथ भारत के रिश्तों में खालिस्तान की वजह से संबंधों में उतार-चढ़ाव पहले भी आते रहे हैं, लेकिन इससे पहले कभी ये इतना आगे नहीं बढ़े थे कि संसद में तनाव का ज़िक्र हो। भारत सरकार लंबे समय से कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों पर कार्रवाई करने के लिए कहती रही है। हालांकि, जब-जब कनाडा के सिखों के बीच ट्रूडो की लोकप्रियता की बात होती है, तो सवाल खालिस्तान समर्थकों पर उनके नरम रुख़ को लेकर भी किए जाते हैं। भारत का मानना है कि ट्रूडो सरकार अपने वोट बैंक की राजनीति को ध्यान में रखते हुए खालिस्तान पर नरम है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी ये दावा कर चुके हैं।

# एससीओ मंच से भी आतंक पर कड़ा संदेश



दो टूक
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

इजरायल-लेबनान और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संपन्न संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया है। सम्मेलन में शामिल भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान और उसके आका चीन को आड़े हाथों लेते हुए दो टूक कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खतरे तीन बड़ी चुनौतियां हैं जिसके कारण व्यापार और कनेक्टविटी में समस्या उत्पन्न हो रही है।

उन्होंने एक ईमानदार बातचीत की पहल की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि अगर दोस्ती कमतर पड़ रही है और एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो ऐसे में खुद के भीतर झांकने की जरूरत है। हर किसी की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। गौर करें तो विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने एससीओ के मंच से इशारे-इशारे में ही पाकिस्तान और चीन दोनों को चेता दिया कि वे पड़ोसी होने का धर्म नहीं निभा रहे हैं और इस क्षेत्र में तनाव के लिए मुख्य रूप से वे जिम्मेदार भी हैं।

## चीन की पहल को समर्थन नहीं

विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इनकार कर दिया। जानना आवश्यक है कि इस परियोजना में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा शामिल है जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से से होकर गुजरता है जिसे लेकर भारत की गहरी आपत्ति है। अब भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम देश भी चीन के इस प्रोजेक्ट की जमकर आलोचना कर रहे हैं। इसलिए कि इसमें शामिल अधिकांश देश चीनी कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। भारत के इस विरोध से चीन की खीझ बढ़ गई है। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने चीन की मंशा पर पानी फेरकर उसे घुटनों पर ला दिया है। पाकिस्तान की भी कोशिश थी कि एससीओ के जरिए माहौल को अनुकूल बना भारत से वार्ता के जरिए नजदीकियां बढ़ाई जाए। लेकिन विदेशमंत्री ने पाकिस्तान जाने से पहले ही भारत के पुराने रुख कि टेरर और टॉक साथ-साथ नहीं चल सकते पर अडिग रहने का फैसला कर लिया था। पाकिस्तान एससीओ की मेजबानी करके बहुत उत्साहित है और अब उसकी कोशिश विश्व बिरादरी में अपनी छवि सुधारने की होगी। लेकिन उसे समझना होगा कि जब तक वह आतंकवाद को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा उसकी छवि सुधरने वाली नहीं है। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस बात पर निर्भर रहेगा कि भारत को लेकर पाकिस्तान और चीन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी एससीओ शिखर सम्मेलन से उम्मीद किया जाना चाहिए कि इस सम्मेलन से क्षेत्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के अलावा आर्थिक विकास को गति देने, व्यापार, निवेश, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य सुविधाओं, कृषि, सूचना एवं संचार प्रौद्यागिकी के क्षेत्र में विस्तार को नया आयाम मिलेगा। जाहिर है कि यह क्षेत्र एक बहुत बड़ा उपभोक्ता बाजार है



जिसमें भारत की भूमिका का लगातार विस्तार हो रहा है। एससीओ में भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतरराष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा। एससीओ में भारत की सहभागिता पर नजर दौड़ाएं तो 2018 में चीन के तटीय शहर किंगदाओ में संपन्न एससीओ के शिखर सम्मेलन में पहली बार शिरकत करने का मौका मिला। इससे पहले बतौर पर्यवेक्षक की भूमिका में ही था। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में संपन्न सम्मेलन में भारत की स्थायी सदस्यता पर मुहर लगी और महज पांच वर्षों में भारत ने अपनी धारदार भूमिका से एससीओ के चरित्र को बदल दिया।

## आधी आबादी का प्रतिनिधित्व

आज की तारीख में यह संगठन विश्व की तकरीबन आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। चूंकि इस संगठन ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अलावा यूरोपिय संघ, आसियान, कॉमनवेल्थ और इस्लामिक सहयोग संगठन से भी संबंध स्थापित किए हैं, इस नाते भारत की भूमिका और अधिक व्यापक हो जाती है। गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है। ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी हैं। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों की भारत से अति निकटता है, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

## मिल सकती है स्थायी सदस्यता

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रूस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। संघाई सहयोग संगठन के इतिहास में जाएं तो अप्रैल, 1996 में शंघाई में हुई एक बैठक में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान आपस में एकदूसरे के नस्लीय और धार्मिक तनावों से निपटने के लिए सहयोग करने को राजी हुए। तब इस संगठन को शंघाई फाइव कहा गया। शंघाई फाइव के साथ उज्बेकिस्तान के आने के बाद इस समूह को शंघाई सहयोग संगठन कहा गया। यह संगठन एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इसका कार्यालय बीजिंग में है और क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना ताशकंद में है।

## भारत की भूमिका की सराहना

राज्य प्रमुखों की परिषद इस संगठन का सर्वोच्च निकाय है जिसकी प्रतिवर्ष बैठक होती है। इसके अलावा शासन प्रमुखों की परिषद (एचजीसी) की वार्षिक बैठक होती है। 2005 में कजाकिस्तान के आस्ताना में भारत के प्रतिनिधियों ने पहली बार शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लिया और सितंबर 2014 में एससीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। जिस तरह भारतीय विदेशमंत्री ने इस्लामाबाद सम्मेलन के जरिए अपनी बात को दमखम से रखा और आपसी सहयोग बढ़ाने का मंत्र दिया, उससे दुनिया भर में भारत की भूमिका की सराहना हो रही है।

# अब विश्व में भारत 'सॉफ्ट स्टेट' नहीं



विदेश नीति
शंभू भद्रा
वरिष्ठ पत्रकार

अगर कहा जाय कि भारत और कनाडा के आपसी संबंध अब तक सबसे खराब दौर में हैं तो, गलत नहीं होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की राजनीति दोनों देशों के परस्पर संबंध पर हावी हो रही है। यह पहली बार नहीं जब रिश्ते तल्ख हुए हैं। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में भी मौजूदा प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो जब कनाडा के पीएम थे, तब भी संबंध खराब हुए थे। भारत के मुताबिक, जस्टिन ट्रूडो अपनी सिख वोट बैंक राजनीति के लिए कनाडा में भारत विरोधी तत्वों, भारत के वांछित अपराधियों और खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर आंख मूंदे हुए हैं। इतना ही नहीं, एक आतंकवादी निज्जर की हत्या में भारत के हाथ के आरोप ट्रूडो सरकार लगा रही है, जबकि कोई सबूत कनाडा सरकार के पास नहीं है। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून, 2023 को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया राज्य में एक गुरुद्वारे के पार्किंग एरिया में कुछ नकाबपोश बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। भारत के 26 वांछितों की सूची कनाडा को दी गई, लेकिन ट्रूडो सरकार ने उस दिशा में कोई काम नहीं किया।

## आतंकवाद वैश्विक खतरा

पचास के दशक के बाद से भारत व कनाडा के मधुर संबंध बने हैं। ऐसे में 21वीं सदी में जहां विश्व के सामने आतंकवाद थ्रेट है, उसमें अगर कनाडा पिक एंड चूज की नीति के तहत भारत विरोधी आतंकी तत्वों के प्रति नागरिकता व मानवाधिकार के बहाने बचना चाहेगा तो इससे ट्रूडो सरकार आतंकवाद को बढ़ावा देते ही दिखेगी। अच्छा और बुरा आतंकवाद की नीति के चलते ही पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ा। आज विश्व में पाक की पहचान आतंकवाद को पनाह वाले मुल्क की है। कनाडा भी कुछ उसी राह पर जाता दिख रहा है। हाल के दशक में वैश्विक स्तर पर हुई आतंकी घटनाओं से यूरोप, अमेरिका बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, एशिया सबसे अधिक प्रभावित है। भारत पिछले चार दशक से सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। किसी भी देश में आतंकवाद व अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले लोगों व गुटों को अगर दूसरे देश पनाह देते हैं, तो यह वैश्विक अपराध ही है। संयुक्त राष्ट्र भी मानता है कि आज आतंकवाद वैश्विक संकट है, इससे सभी मुल्क मिलकर ही लड़ सकते हैं। कनाडा किसी भी रूप में भारत विरोधी आतंकी व अलगाववादी अभियानों को शह दे, यह भारत को बर्दाश्त नहीं है। इस मुद्दे पर भारत कनाडा से आर-पार की कूटनीतिक लड़ाई भी लड़ सकता है। अब भारत सॉफ्ट स्टेट नहीं है, दुश्मनों के खिलाफ एक्शन लेने वाला मुल्क है और अपनी एकता व अखंडता की रक्षा करने में सक्षम है।

## कनाडा की कारस्तानी

खालिस्तान प्रेम में न सिर्फ कनाडा ने भारतीयों की जान ली है, बल्कि दुनिया के कई नागरिकों की भी जान ली है। 23 जून 1985 को कनिष्क विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों को निशाना बनाया गया। आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों पर लगे और इसे ऑपरेशन ब्लू स्टार का जवाब



माना गया, मगर मानव अधिकारों का ढिंढोरा पीटने वाला कनाडा अब तक इस घटना में न तो किसी आरोपी को सजा दिलवा सका और न ही इसकी जांच पूरी कर सका। भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस तरह के आतंकवादी खतरे की चेतावनी कनाडा के तत्कालीन पीएम और जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो को खुद भी दी थी। मगर उन्होंने इस मामले को अनदेखा किया और इसका नतीजा पूरी दुनिया ने देखा।

पंजाब में खालिस्तान को लेकर बढ़ती आतंकवादी घटनाओं का दौर था। कनाडा इसे बढ़ावा दे रहा था। पाकिस्तान इसके पीछे था। भारत कनाडा को इस मामले से दूर रहने और उसकी अखंडता का सम्मान करने को कह रहा था, मगर कनाडा अपने ही अहंकार में मस्त था। धीरे-धीरे भारत में खालिस्तान की मांग दम तोड़ती गई। तब कनाडा और पाकिस्तान भगोड़ों और अपराधियों की शरणस्थली बन गए। वर्ष 2023 के मार्च में, कनाडा में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर खालिस्तान-समर्थकों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते भारत ने कनाडाई उच्चायुक्त को तलब किया था। उसी वक्त पंजाब में भी खालिस्तान-समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही थी।

## मोदी व ट्रूडो वार्ता

नई दिल्ली में आयोजित हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी भारत ने साफ़ संकेत दिए थे कि कनाडा की धरती पर खालिस्तान-समर्थकों की गतिविधियों के ख़िलाफ़ कनाडा की प्रतिक्रिया से भारत असंतुष्ट है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'कनाडा में चरमपंथियों की भारत-विरोधी गतिविधियां जारी रहने' को लेकर भारत की चिंताओं के बारे में जस्टिन ट्रूडो को जानकारी दी थी। उधर, जस्टिन ट्रूडो ने कहा था, 'उन्होंने खालिस्तान चरमपंथ और 'विदेशी हस्तक्षेप' को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई बार चर्चा की है। कनाडा हिंसा को रोकने के साथ-साथ नफरत को दूर भी करेगा।'

## जब ट्रूडो ने लगाए आरोप

सितंबर 2023 में कनाडा ने भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया और जवाबी कार्रवाई में नई दिल्ली के इंटेलिजेंस चीफ को निष्कासित कर दिया। कनाडा के इस कूटनीतिक कदम से ओटावा और दिल्ली के बीच संबंधों में पहले से भी ज्यादा खटास आ गई। जनवरी 2024 में एक बार फिर कनाडा ने भारत को एक 'विदेशी खतरा' बताया और कहा कि वह संभावित रूप से उनके चुनावों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत ने कनाडा के चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप को खारिज कर दिया। भारत ने कहा कि कनाडा ही हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। अप्रैल 2024 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तानी समर्थक नारेबाजी का भारत ने कड़ा विरोध जताया। साथ ही कनाडा के राजदूत को तलब किया। **कनाडा को नुकसान** : भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते छात्रों के आव्रजन, व्यापार संबंधों और कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति पर प्रभाव जरूर पड़ेगा। कनाडा में भारतीय छात्र कम जाएंगे या नहीं जाएंगे। इससे कनाडाई यूनिवर्सिटी को आर्थिक नुकसान होगा। ट्रेड भी प्रभावित होगा। दाल का आयात भारत ने बंद कर दिया है। भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत भी रोक दी गई है। अमेरिका ने भारत को इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) में और इजरायल व यूएई के साथ गठित आई2यू2 ब्लॉक के संस्थापक सदस्य के रूप में शामिल किया। कनाडा को क्वाड, इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क और आई2यू2 ब्लॉक में शामिल नहीं किया गया।

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में खिलाडियों का चयन

**मंडीदीप।** नगर के कबड्डी खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्वामी विवेकानंद स्पोर्टस अकादमी के उपाध्यक्ष संजू अजमेरा ने बताया कि गोल्डन कैरी पब्लिक हा. से. स्कूल की छात्र-छात्राओं ने उत्कर्ष प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में अपना स्थान सुनिश्चित किया है, जिसमे अंडर 14 बालिका वर्ग में लक्ष्मी तिवारी व अंडर 19 बालिका वर्ग में टीनू तिवारी एवं अंडर 19 बालक वर्ग में समीर नायक का चयन हुआ है। संचालक देवीराम अजमेरा, कोच राहुल सिंह ने शुभकामनाए दी।

### अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम हुआ



**भोपाल।** सिविल अस्पताल बैरसिया में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक और नशा संबंधी समस्याओं के साथ तनाव एवं आत्महत्या जैसी समस्याओं की स्क्रीनिंग की गई। पीड़ितों को मनोवैज्ञानिक परामर्श दिया गया। सीएमएचओ डॉ. प्रभावर तिवारी ने कहा कि हेल्पलाइन नम्बरों 14416 और 1800 89 14416 पर फ्री परामर्श लिया जा सकता है।

### वार्ड प्रभारी बनाएं शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड

**मंडीदीप।** नगर पालिका सीएमओ सुधीर उपाध्याय ने आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व वार्ड प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना से जुड़ सकें।

### निर्माण कार्यों में गड़बड़ी उपसरपंचों व पंचों में रोष

**तामोट।** तामोट पंचायत में निर्माण कार्य पर आरोप लग रहे हैं कि डरा धमका कर निर्माण कार्य का ठेका लेकर काम करने वाले लोग पंचायत में कमीशनबाजी कर रहे हैं। तामोट में पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर पंचों और उप सरपंचों में भारी रोष है। तामोट का भाजपा का बड़ा गुट पंचायत में गत एक साल से हो रह अनियमितताओं को लेकर विधायक, जिला जनपद सीईओ और जनपद सीईओ को ज्ञापन देगा। इस संबंध में पंचायत सचिव विनोद से फोन पर पूछा तो उन्होंने कहा हैं कि मेरे पास दो पंचायतों का चार्ज है। मैं जाकर देखता हूं। तामोट में पंचों व ग्रामीणों से चर्चा करूंगा।

### विद्या अग्रवाल का मनाया धूमधाम से जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** जिला महिला मंडल अध्यक्ष, वैश्य समाज प्रदेश मंत्री, भाजपा भोजपुरी प्रभारी विद्या अग्रवाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। उनके पुत्र प्रशांत राजू और सर्राफा संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाया। केक काटा और माता को झूला झुलाया। उनके 75वें जन्मदिन पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, मंडीदीप नपाध्यक्ष राजेंद्र गुड्डू अग्रवाल, व्यापार संघ संरक्षक अशोक मित्तल, पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, देवेंद्र सिंह राजू, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, दीपू परमार, सोनू चौकसे, जिला महामंत्री रविंद्र विजय, कांग्रेस नेता संजय सिंह चौहान, नपा उपाध्यक्ष नामित बागीष अग्रवाल, व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, मीना जैन अनुराधा विजय ने उन्हें बधाई दी। बहू-बेटियों ने जन्मदिन को यादगार बना दिया।

# ऑटो चालक का अपहरण, कनपटी पर पिस्टल अड़ाकर दो लाख की अड़ीबाजी

**दो एक्टिवा और एक बाइक से आए थे आधा दर्जन बदमाश वीडियो बनाया, धमकी देकर भागे आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सोनिया कॉलोनी पुलिया के पास एक ऑटो चालक का आधा दर्जन बदमाशों ने अपहरण कर लिया।

बदमाश दो एक्टिवा और एक बाइक से आए थे। अपहरण करने के बाद बदमाश ऑटो चालक को बजरिया स्थित धोबीघाट इलाके में लेकर पहुंचे। वहां ऑटो चालक से मारपीट करते हुए कनपटी पर पिस्टल तान दी। आरोपी दो लाख रुपए की अड़ीबाजी कर रहे थे। रुपए नहीं होने पर बदमाशों ने उसका वीडियो बनाकर उसे छोड़ दिया। ऑटो चालक का कहना है कि आरोपियों में कुछ लोगों को उसने जुबैर मौलाना के साथ देखा है।

पुलिस के अनुसार, हिनोतिया अशोका गार्डन निवासी शिव शंकर दुबे (45) ऑटो चलाते हैं। गत 16 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 10 बजे वह सोनिया कॉलोनी पुलिया के पास अपनी बाइक में ट्यूब डलवाने पहुंचे। समय होने के कारण वह पास ही दुकान पर पहुंचकर चाय पीने लगे।

### हत्या की धमकी दी

शिव शंकर ने बताया कि मारपीट करते समय आरोपियों ने उसका वीडियो भी बनाया है। बदमाशों ने कहा कि वह अभी घर से दो लाख रुपए मंगाकर दे। शिव शंकर ने रुपए नहीं होने की बात कही तो वह भड़क गए और गोली मारकर हत्या करने की धमकी देने लगे। डर के कारण शिव शंकर एक लाख रुपए देने की हामी भर दी। आरोपियों ने वीडियो बनाते समय शिव शंकर से कहलवाया कि उसे एक लाख रुपए देना है और कल एग्रीमेंट में लिखकर भी दूंगा। इसके बाद आरोपी उसे छोड़कर भाग निकले।

### स्टेशन बजरिया लेकर पहुंचे आरोपी

दुकान पर दो एक्टिवा व एक बाइक से आसिफ चुई, सन्नो, शुभम उर्फ भूरा व उसके साथी पहुंचे। आरोपी शिव शंकर से कहने लगे कि तुम्हें भाई ने बुलाया है। दुबे ने पूछा, कौन भाई। यह सुनते ही बदमाश शिव शंकर को अपने साथ स्टेशन बजरिया के धोबीघाट लेकर पहुंचे। वहां आरोपियों ने शिव शंकर के साथ जमकर मारपीट की। इस बीच बदमाशों ने उनकी कनपटी पर पिस्टल अड़ाते हुए दो लाख रुपए की मांग की।

## लुटेरों ने छात्रा मोबाइल झपटा

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित रचना नगर में नेमा गर्ल्स हॉस्टल के सामने शनिवार रात सहेली के साथ टहल रही छात्रा के हाथ से एक्टिवा सवार लुटेरों ने मोबाइल झपट लिया। छात्रा ने दौड़कर उनका पीछा भी किया, लेकिन एक्टिवा सवार लुटेरे तेजी से एक्टिवा चलाते हुए भाग निकले। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार, क्षमा नापित पिता रामसूचित नापित (20) गांव सोहागी, तहसील त्यौंथर, जिला रीवा में रहती हैं। वह नेमा गर्ल्स हॉस्टल में रह रही है और एमपी नगर स्थित एक कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार रात करीब दस बजे अपनी सहेली खुशी हलवाई के साथ हॉस्टल के सामने टहल रही थी और मोबाइल पर बातचीत कर रही थी। इसी बीच पीछे से आए एक्टिवा सवार बदमाशों में पीछे बैठे लुटेरे ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। लूटे गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

## पूज्य सिंधी पंचायत के नए अध्यक्ष बनने के बाद विवाद बढ़ा अब सचिव ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उपनगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष पद का कार्यभार अभी हाल में ही माधू चांदवानी द्वारा ग्रहण करने के बाद पंचायत पदाधिकारियों में विवाद बढ़ता जा रहा है। फैसला बोर्ड के संयोजक राज मनवानी के इस्तीफे के बाद शनिवार को पंचायत के सचिव मोहन मीरचंदानी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि वर्तमान में चांदवानी के रवैये के कारण वे अपने पद को त्याग रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह 20 साल से पंचायत पदाधिकारी के रूप में सेवा कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी उनकी वरिष्ठता को नजरअंदाज कर किसी अन्य को महासचिव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मालूम हो कि इससे पहले फैसला बोर्ड के संयोजक राज मनमानी ने भी इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी का कहना है कि नए अध्यक्ष के बनने के बाद फैसला बोर्ड स्वतः ही समाप्त हो चुका है। अब फैसला बोर्ड का गठन किया जाएगा।

## छात्राओं ने सांस्कृतिक धरोहर को आत्मसात कर किया नृत्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने भागीदारी की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि युवा उत्सव विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करता है। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी संरचनात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्त किया। नृत्य एवं गायन में छात्राओं ने सांस्कृतिक धरोहर को आत्मसात करते हुए प्रस्तुतीकरण दिया। वहीं छात्राओं ने वाद विवाद प्रतियोगिता में अपने विचारों और तर्कशक्ति के माध्यम से सभी को प्रभावित किया। कोलाज, पोस्टर एवं कार्टूनिंग

# सड़क किनारे सिर टिकाकर बैठी हुई अवस्था में मिली महिला की लाश

**महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत सिर पर मिली गंभीर चोट**

**प्रारंभिक जांच में अनुमान, महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गुराड़ी घाट पर शनिवार सुबह एक महिला की लाश सड़क किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। महिला की लाश सड़क के बगल में सिर के बल बैठे हुई अवस्था में थी। सिर में चोट होने के कारण काफी खून भी फैला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। 90 डिग्री का टर्निंग पाइंट पर सड़क किनारे लाश होने से पुलिस का अनुमान है कि उसे किसी बड़े वाहन ने टक्कर मारी और सिर में चोट लगने से उसे गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने हत्या की बात से साफ इंकार कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह पुलिस ने गुराड़ी घाट पर उमा भारती के फार्म हाउस से कुछ दूरी पर मुख्य सड़क से एक महिला की लाश बरामद की। लाश टर्निंग पाइंट पर सड़क किनारे बैठी हुई अवस्था में पड़ी थी। मामला संदिग्ध होने के कारण थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया खुद घटनास्थल पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि महिला के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। साथ ही सड़क किनारे मिट्टी डली हुई है वहां भी संघर्ष करने के निशान नहीं मिले है। प्रथम दृष्टया मामला एक्सीडेंट से जुड़ा नजर आ रहा है।

महिला के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। उसके हाथ पर दिल गुदा हुआ है और सावित्री-विनोद लिखा हुआ है। महिला की उम्र करीब चालीस साल के आसपास होगी। आसपास लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि उक्त महिला शराब दुकान के पास खाली बोतल बीनती थी और नशे की भी आदी थी।

**महिला के पास से पहचान के लिए नहीं मिला दस्तावेज**



### बंद मकान में बुजुर्ग महिला का शव मिला

निशातपुरा स्थित गोया कॉलोनी में बंद कमरे में अति बुजुर्ग महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश से बदबू नहीं आने के कारण अनुमान है कि बुजुर्ग की मौत या तो शुक्रवार रात में हुई या फिर शनिवार तड़के हुई होगी। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। पुलिस के अनुसार, करीब 85 साल की ललिता दुबे पति स्वर्गीय श्याम नारायण दुबे गोया कॉलोनी, निशातपुरा में रहती थी। उनके पति श्याम नारायण दुबे वर्ष 2005 में रिटायर्ड हो चुके थे और रिटायर्डमेंट के पंद्रह वर्ष बाद 2020 में उनका निधन हो गया। ललिता के तीन बेटे थे। बड़ा बेटा अनिल पुलिस विभाग की विशेष शाखा में सब इंस्पेक्टर है और इंदौर में पदस्थ हैं, जबकि मंझला बेटा अजय दुबे का कोरोना काल में निधन हो चुका है। ललिता यहां अपने छोटे बेटे अरुण दुबे के साथ रहती थी। अरुण बेरोजगार है और पत्नी समेत दो बच्चों के साथ रहता है। घर की माली स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अरुण यहां-वहां से मांगकर अपना और परिवार का भरण-पोषण करता है।

**2005 में पति हो चुके थे पुलिस विभाग से रिटायर्ड, बेटा-बहू के साथ रहती थी बुजुर्ग**

#### बेटे ने लगाया कॉल

अनिल छोटे भाई अरुण से मोबाइल पर बातचीत कर मां का हालचाल जान लिया करते थे। शनिवार सुबह उन्होंने अरुण को कॉल किया और मां के बारे में जानकारी जुटाई। इस दौरान उसने कहा कि वह परिवार के साथ बाहर आया है। अनिल ने अपने परिचित को घर जाकर मां को देखने का गया। परिचित गोया घर पहुंचा तो दरवाजे की कुंदी बाहर से बंद थी और ताला लटका हुआ था। ताला लॉक नहीं था। वह अंदर पहुंचा तो उसने ललिता दुबे को मृत अवस्था में देखकर अनिल को जानकारी दी। अनिल ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और वे भोपाल पहुंचे।

#### घर में थी गंदगी

पुलिस की टीम ललिता के कमरे में पहुंची तो सामान बिखरा पड़ा था। दरअसल, ललिता दुबे उम्रदराज होने के कारण चलती-फिरती नहीं थी। वह शौच भी बेड पर ही करती थी। लिहाजा गंदगी की बंदबू घर में फैल चुकी थी। लाश से दुर्गंध नहीं आने के कारण अनुमान है कि उनकी मौत शुक्रवार रात या शनिवार सुबह हुई है।

### तालाब से मिली युवक की लाश,आधार कार्ड से पहचान

रातीबड़ स्थित भदभदा तालाब से शुक्रवार रात एक युवक की लाश बरामद की गई। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कर ली गई है। परिजन के बयान नहीं होने के कारण आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस ने बतायाा कि शुक्रवार रात भदभदा तालाब से एक शव बरामद हुआ था। तलाशी में मृतक के पास आधार कार्ड मिला, जिसमें कृष्णा चौहान पिता राधेश्याम (36) निवासी इमली बाजार, राऊ इंदौर लिखा था। रातीबड़ पुलिस ने इंदौर पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि कृष्णा चौहान दो साल पहले इंदौर में रहता था और टेलरिंग का काम करता था। बाद में वह बिना बताए वहां से पत्नी और बच्चों को लेकर भोपाल पहुंच गया। यहां वह कोलार इलाके में कहीं पर रहता था। भोपाल आने के बाद उसने अपने सारे मोबाइल नंबर बदल लिए थे। उसके बाद से परिजन और ससुराल पक्ष से उसका संपर्क नहीं रहा। उसके चाचा ससुर और भाई से पुलिस ने संपर्क कर घटना की जानकारी दी तो वह भोपाल पहुंचे। पता चला है कि बीती 17 अक्टूबर को कृष्णा पत्नी से कहकर निकला था कि डॉक्टर के पास जा रहा हूं। फिर घर नहीं लौटा।

### हॉस्टल के कमरे में मिला इंजीनियरिंग के छात्र का शव

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित जेपी बॉयज हॉस्टल के कमरे में शुक्रवार शाम बीटेक छात्र का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र का शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया था। शनिवार को बिहार से आए परिजन को शव पीएम के बाद सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार, धर्मराज पिता प्रेमराज आजाद (22) मूलतः बिहार का था। वह निजी कॉलेज से बीटेक फोर्थ ईयर की पढ़ाई कर रहा था। हॉस्टल के केयर टेकर आकाश ने पुलिस को बताया कि धर्मराज दो दिन से खाना खाने के लिए मेस में नहीं आ रहा था। प्रेमराज का हॉस्टल में सबसे आखिरी वाला कमरा था। शुक्रवार शाम आकाश उसे देखने के लिए कमरे में पहुंचे तो उसकी लाश बेड पर पड़ी नजर आई। आकाश की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो धर्मराज की लाश बिस्तर पर पड़ी थी। पुलिस का अनुमान है कि धर्मराज काफी मोटा था और उसे हार्ट अटैक आया है। कमरा आखिरी में होने के कारण किसी की नजर नहीं पड़ी। शव करीब चौबीस घंटे पुराना होने के कारण बुरी तरह से सड़ चुका था।

### सब्जी फार्म के कुए में गिरने से किसान की मौत

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सब्जी फार्म में शनिवार दोपहर कुए में गिरने से किसान की मौत हो गई। अनुमान है कि हादसा बिना मुंडेर के कुएं के पास संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, मुन्नालाल मालवीय सब्जी फार्म शाहपुरा में रहते थे। उनका खेत में ही घर है। खेत में वह सब्जी के अलावा फूल लगाते हैं। शनिवार सुबह वे उठे और खेत से फूल तोड़ने के बाद उसे बेचकर आए थे। करीब साढ़े दस बजे वह घर पहुंचे और पत्नी से खेत जाने का कहकर निकल गए। दोपहर करीब एक बजे पत्नी खाना लेकर खेत पहुंची तो मुन्नालाल उन्हें नजर नहीं आए। अनहोनी की आशंका होने पर पत्नी ने कुएं में देखा तो मुन्नालाल नजर आए। उन्होंने शोर मचाया और आसपास मजदूरी कर रहे कुछ लोग पहुंचे और मुन्नालाल को कुए से बाहर निकाल गया। पत्नी मुन्नालाल को लेकर जय प्रकाश अस्पताल पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मुन्नालाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की पूछताछ में मुन्नालाल की पत्नी बताया कि वे शराब पीने के आदी थे और पूरे समय शराब के नशे में रहते थे।

## राकेट ईंधन के लिए पानी का उपयोग वाले मॉडल को देखने उमड़े स्टूडेंट्स

**हस्तशिल्प विज्ञान प्रदर्शनी में बिखेरी प्रतिभा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

स्थानीय ग्रेफाइट हायर सेकंडरी स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने आधारित मॉडल प्रस्तुत किए।

मॉडलों में रॉकेट ईंधन के रूप में पानी का उपयोग, सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलना, अंधे लोगों के लिए ध्वनि आधारित चश्मा जैसे आकर्षक मॉडल सहित हस्तशिल्प वस्तुएं भी शामिल थी। कार्यक्रम में एचईजी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनीष गुलाटी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।



**विद्यार्थियों के मॉडलों की खूब हुई सराहना**

विद्यालय प्रबंधन समिति के राजेश तोमर ने बताया कि प्रदर्शनी में गुलाटी ने मॉडलों को देखा और विद्यार्थियों को प्रतिभा का सराहा। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या स्वाति राहातेकर भी मौजूद रहीं। इस दौरान निर्णायक मंडल में सीनियर साइंटिस्ट जगपाल सिंह ठाकुर, ज्वॉइंट सेक्रेटरी आर्यभट्ट फाउंडेशन आलोक मांडवगने एवं सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग भोपाल के प्रोग्राम कोर्डिनेटर पंकज गोदरा शामिल रहे।

## गुर्जर ने मंडलोई, खत्री को केदार सिंह ने दिलाई सक्रिय सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

भोपाल जिला ग्रामीण इकाई ने शनिवार को भाजपा के सक्रिय सदस्यता बनाने का अभियान शुरू किया। जिसमें भाजपा जिला ग्रामीण के सदस्यता प्रभारी कुबेर सिंह गुर्जर ने भाजपा जिलाध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई को सक्रिय सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई ने बैरसिया विधायक विष्णु खत्री को सदस्यता दिलाई।

बैरसिया में वरिष्ठ नेता गोपाल सिंह मीणा, गोविंदराम गुर्जर, पर्वत सिंह पटेल एवं गोपलदास आगर, राजमल कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण शिल्पी, वासुदेव गुप्ता, तीरथ मीणा, नरेश शर्मा चंद्रशेखर यादव, आशीष सारड़ा, मनीष शर्मा, सुनील जाट, सरल भार्गव सहित अनेक लोगों ने सक्रिय सदस्या ली।





**बिशनखेड़ा श्मशान घाट की बनेगी बाउंड्रीवॉल**

## नपाध्यक्ष लक्ष्मी ने 42 लाख रु. के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के निर्देश अनुसार औबेदुल्लागंज नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे एवं पार्षद समीक्षा विक्रम यादव के अथक प्रयास से वार्ड नंबर एक बिशनखेड़ा श्मशान घाट की बाउंड्रीवॉल व सौंदर्यीकरण वाले 42 लाख की लागत के निर्माण कार्य होगा। जिसका भूमिपूजन शनिवार को नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने किया। उन्होंने कहा कि यह वार्ड नंबर एक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, वार्ड 12 के पार्षद एवं निर्माण सभा के सभापति सुनील सेरिया, वार्ड 6 के पार्षद सुजीत यादव, मनोज चौरसिया, बागिस अग्रवाल, सीएमओ सोनाली शर्मा, इंजीनियर मुकेश जैन, चंद्रभान जैन, कमलेश बाबूजी लोकेश परमार, मोहन प्रजापति आदि मौजूद रहे।



**अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित गोविंदपुरा में हुई वारदात**

## चाचा-भतीजा और बदमाश ने अंडे पार्सल कराने के बाद दस रुपए कम दिए, मांगने पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित गोविंदपुरा में शुक्रवार रात महज दस रुपए के लिए हुए विवाद में चाचा-भतीजे और उनके साथ पहुंचे बदमाश ने अंडे की दुकान लगाने वाले युवक से मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू सिर में लगने से उसे गंभीर चोट आई है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### दुकान बंद करने के समय आए आरोपी



पुलिस के अनुसार, दुर्विजय सिंह चौहान (48) औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा में गौतम नगर बस्ती में रहता है। वह घर के बाहर अंडे का ठेला लगाता हैं। दुर्विजय सिंह ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात वह दुकान बंद कर रहा था, तभी रात करीब साढ़े 11 बजे दुकान पर कालू उर्फ अभिषेक बचले, विनोद बचले और विवेक तिवारी पहुंचा।

### अंडों को कराया पार्सल, 34 के बजाए दिए 24 रुपए

तीनों ने दो-दो उबले अंडे खाए और अंडे के पैसे दे दिए। उन्होंने चार और अंडे पार्सल करने का कहा। अंडे के 34 रुपए हो रहे थे और उन्होंने 24 रुपए दे दिए। दुर्विजय ने उनसे दस रुपए मांगे तो वह विवाद करने लगे फिर तीनों आरोपी वहां से चले गए।

### करीब पंद्रह मिनट बाद लौट कर किया हमला

करीब पंद्रह मिनट बाद आरोपी चाकू लेकर पहुंचे और दुर्विजय से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। हमला गले पर किया गया था, लेकिन दुर्विजय झुक गया और चाकू उसे सिर में लगा। इसके बाद दुर्विजय नीचे गिर गया तो आरोपी भाग खड़े हुए। परिजन दुर्विजय को लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्विजय के बयान दर्ज किए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## आवारा मवेशियों का डेरा बना रास्ते का 'रोड़ा'

**महावीर कॉलोनी के रहवासी और वाहन चालकों को आने-जाने में दिक्कत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद, पुलिस और प्रशासन के उस दावे की पोल खुल गई, जिसमें कहा गया था कि आवारा मवेशियों को पकड़कर मोबाइल वाहन से कांजी हाउस पहुंचाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। औबेदुल्लागंज में महावीर कॉलोनी वार्ड 13 के निवासी, वाहन चालक मैन रोड पर परेशान हो रहे हैं।

आवारा मवेशी वार्डों में गंदगी फैलाते हैं। इससे मच्छर पनप रहे हैं। आवारा मवेशी भूखे-प्यासे घूमते हैं। थाने में भी शांति कमेटी की बैठक में आवारा मवेशियों की चर्चा होती है, लेकिन कोई कुछ करता नहीं है।



### कई बाइक चालक मवेशियों से टकरा कर हुए घायल

जीतू नंदवंशी, संजय सिंह चौहान, रमेश गौर, देवेंद्र सिंह राजू, अवध नारायण दुबे, प्रेम नारायण सोनी, नरेंद्र नागर, आनंद पांडे, रमेश सेठी, विनय जैन, पवित्र कौर, सर्वेश गौर, विकास श्रीवास्तव ने बताया कि महावीर कॉलोनी में रोड पर मवेशी बैठे रहते हैं, जिससे रहवासियों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। कई बार बाइक वाले गाय से टकरा भी जाते हैं और चोट आ जाती है। नगर पालिका के कर्मचारी मेन रोड से मवेशियों को भगाकर महावीर कॉलोनी की ओर कर देते है। कई बार मवेशी आपस में लड़ते हुए रहवासियों के वाहनों को क्षतिग्रस्त भी कर देते हैं।

## खबर संक्षेप

### परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की तैयारियां शुरू, प्रदेश के स्कूलों में पहुंचेगी टीम

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। कक्षा 3, 6 और 9वीं में होने वाला यह सर्वे केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभिक शिक्षा में छात्रों की उपलब्धि स्तर को जानने के लिए किया जा रहा है। राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेश के सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मध्यप्रदेश में कक्षा 3 के लिए 2009, कक्षा 6 के लिए 1749 और 9वीं के लिए 2027 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें सर्वे के लिए 5785 से अधिक फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स होंगे। जिले में दो डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर्स और दो मास्टर ट्रेनर्स होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। हर जिले में रिसोर्स कस्टडी सेंटर की स्थापना की जाएगी। रिसोर्स कस्टडी सेंटर का मुख्य कार्य परख एनसीईआरटी से प्राप्त सामग्री का सुरक्षित संधारण, समय सीमा में वितरण और सर्वे के बाद वापस जमा करना होगा।

### जीवन प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित, तनाव से मुक्ति पर चर्चा


**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा प्रकोष्ठ टीम ने शनिवार को एमके कॉन्वेंट स्कूल मिसरोद में जीवन प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें योग से तनाव प्रबंधन, स्मरण शक्ति बढ़ाने जैसे मुद्दों पर छात्रों से चर्चा की। इसके साथ ही उनके साथ व्यावहारिक सूत्र भी साझा किए गए। इस अवसर पर छात्रों ने नशा मुक्त, योग युक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। कार्यशाला में युवा प्रकोष्ठ की टीम से अभिषेक तोमर, पार्थिव शर्मा, राजू राम विश्नोई ने बच्चों के साथ सत्र लिए। विद्यालय की प्राचार्या ने युवा टीम की प्रशंसा की।

### नेता प्रतिपक्ष ने डीएपी खाद संकट को लेकर पीएम को लिखा पत्र

**भोपाल।** प्रदेश में डीएपी खाद संकट को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर संकट के लिए सर्वदलीय समिति के गठन की मांग की है। कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना द्वारा प्रदेश में डीएपी संकट के लिए रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को कारण बताया गया था। इसी कारण नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।

### वरिष्ठ पत्रकार रिछारिया का निधन

**भोपाल।** राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मोहन रिछारिया का शनिवार को 55 साल की आयु में निधन हो गया।



कई समाचार पत्रों और न्यूज चैनल में तीन दशक से अधिक तक सेवाएं देने वाले श्री रिछारिया हाल ही में जब जबलपुर में कार्यरत थे, तब उन्हें ब्रेन ट्यूमर का पता चला और फिर निरंतर उपचार के कारण उन्होंने सक्रिय पत्रकारिता से अवकाश ले लिया था। एक अप्रैल 1969 को जन्मे श्री रिछारिया ललितपुर के मूल निवासी थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को उनके पैतृक निवास ललितपुर में ही होगा। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं।

# गजकेसरी और बुधात्यदित्य योग में आज महिलाएं रखेंगी करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुहागिनों का त्योहार करवा चौथ रविवार को मनाया जाएगा। पंडितों के अनुसार कई साल बाद इस बार करवा चौथ पर गजकेसरी और बुधात्यदित्य योग का महासंयोग बन रहा है। जैसा कि यह प्रतीक है प्यार और सौभाग्य का। उसी के अनुसार इस पर्व पर प्रेम का बेहद शुभ योग बन रहा है।

यह अद्भुत संयोग करवा चौथ के व्रत को और भी शुभ फलदायी बना रहा है। इस दिन व्रत रखने से सुहागिनों का सुहाग अखंड रहेगा। इसके अलावा व्रत रखने के शुभ फल प्राप्त होंगे। ऐसे में यह करवा चौथ सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष फलदायी बनने वाला है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया इस बार करवा चौथ पूजा के लिए शुभ मुहूर्त की शुरूआत शाम को शाम को 5 बजकर 56 मिनट पर होगी और योग 8.31 बजे तक रहेगा। तो वहीं चंद्रोदय रात्रि 8:18 बजे होगा।

पूजा का शुभ मुहूर्त शाम को 5.56 बजे से, रात करीब 8.18 पर होगा चंद्रोदय



### बाजारों में रही भीड़

करवा चौथ को लेकर शनिवार को बाजारों में महिलाओं को अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। महिलाएं चूड़ी, मेहंदी व ब्यूटी पार्लर की दुकानों पर घंटों बैठकर इंतजार करती देखी गई। तो वहीं न्यू मार्केट, पुराने भोपाल एमपी नगर सहित अन्य जगहों पर करवा आदि पूजन सामग्री की खरीदारी की।



### चंद्रमा अमृतकारक ग्रह गुरु

पं. रामजीवन दुबे के अनुसार चन्द्रमा को अमृतकारक ग्रह बताया गया है। अतः इस काल में महिलाओं की अखण्ड सौभाग्य की कामना अवश्य ही पूर्ण होगी। जहां विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत करेंगी, वहीं कुंवारी कन्याए उत्तम पति की प्राप्ति के लिए इस व्रत को करेंगी।

### नियमों का वीआईपी नहीं कर रहे पालन, मंदिर समिति अलग से जारी करेगी पास

# भस्मारती में शामिल होने वाले वीआईपी की एक दिन पहले देना होगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ भोपाल

उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती को लेकर बनाए नियम लगातार टूट रहे हैं। यहां आने वाले वीआईपी महाकालेश्वर मंदिर समिति के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले महाकाल मंदिर में गर्भगृह में प्रतिबंध के बावजूद फिर से वीआईपी को प्रवेश दिया गया।

इस बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पुत्र सांसद श्रीकांत शिंदे, उनकी पत्नी व दो अन्य लोगों ने गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा अर्चना की। गर्भगृह में चारों ने 6 मिनट तक पूजा अर्चना की। इस मामले को लेकर समिति पर कांग्रेस पार्टी की ओर से भेदभाव के आरोप लगाए है। तो वहीं मंदिर समिति की देश व प्रदेश में किरकिरी हो रही है। इस सबसे अधिक परेशानी यहां आने वाले आम श्रद्धालुओं को झेलनी पड़ती है। इसके बाद श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति गणेश कुमार धाकड़ की ओर से भगवान श्री महाकालेश्वर की प्रातःकाल होने वाली भस्म आरती के दौरान नन्दी



मण्डपम की व्यवस्था कुछ बदलाव किया गया है। इसमें सभी शासकीय विभागों को सूचित किया गया है कि वे अपने विभाग के माध्यम से प्रातःकालीन भस्म आरती में सम्मिलित होने वाले विशिष्ट/अतिविशिष्ट श्रद्धालुओं की सूची एक दिवस पूर्व विभाग के प्रमुख द्वारा हस्ताक्षर के बाद रात 8 बजे तक प्रशासक कार्यालय में उपलब्ध करायें।

### समय पर सूचना नहीं देने पर नहीं दिया जाएगा प्रवेश

मंदिर समिति सूत्रों के अनुसार नए बदलाव के तहत श्रद्धालुओं की पात्रता अनुसार नन्दी मण्डपम में स्थान उपलब्ध होने की दशा में नन्दी मण्डपम की अनुमति पास अलग से जारी किया जाएगा। इसके बाद ही विशिष्ट/अतिविशिष्ट श्रद्धालु को भस्म आरती के दौरान नन्दी मण्डपम में प्रवेश दिया जायेगा। किसी भी शासकीय विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा में सूचना प्रदान नहीं करने अथवा सीधे मंदिर पहुंचने पर सम्बन्धित विशिष्ट/अतिविशिष्ट श्रद्धालु को भस्म आरती के दौरान नन्दी मण्डपम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। तो वहीं शासकीय विभागों के सत्कार कर्मचारियों को भस्म आरती के दौरान मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। गौरतलब है कि भगवान श्री महाकालेश्वर की प्रातःकालीन होने वाली भस्म आरती में श्रद्धालुओं की कुशल दर्शन व्यवस्था के अन्तर्गत शासकीय विभागों के माध्यम से भस्म आरती में सम्मिलित होने वाले विशिष्ट/अतिविशिष्ट श्रद्धालुओं के साथ आगन्तुक शासकीय विभाग के सत्कार कर्मचारियों का प्रवेश मानसरोवर भवन तक निर्धारित किया गया है। सत्कार कक्ष से मंदिर के कर्मचारियों द्वारा अतिविशिष्ट श्रद्धालुओं को दर्शन करा सकेंगे।

### हर साल बढ़ रही पर्यटकों की संख्या

# मैनिट के छात्र ओंकारेश्वर के लिए सड़कों पर देंगे सुझाव



मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की वास्तुकला और योजना विभाग के छात्रों ने तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर का दौरा किया। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं का आंकलन करना और योजनागत रणनीतियों का विकास करना है। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के अनुसार वर्तमान में ओंकारेश्वर हर साल लगभग 6.5 मिलियन पर्यटकों को आकर्षित करता है और भविष्य में यह संख्या बढ़ने की संभावना है।

### सुझावों का उद्देश्य समग्र विकास योजना बनाना

छात्रों द्वारा दिए गए सुझावों का उद्देश्य एक समग्र विकास योजना का निर्माण करना है, जिससे ओंकारेश्वर को सतत् धार्मिक पर्यटन का एक मॉडल बनाया जा सके। तीर्थयात्रियों के अनुभव और खासकर एकात्म धाम को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिया। अध्ययन में वास्तुकला और योजना विभाग के पीएचडी शोधार्थी और योजना के 26 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें प्रायोजित उम्मीदवार भी शामिल थे।

### दीपावली से पहले वेतन मिलने की खबर से खुशी

# कर्मचारी संगठनों ने कहाः सीएम ने दिया दीपावली का तोहफा

*महापर्व से पहले वेतन मिलने की खबर पर कर्मचारियों ने माना मुख्यमंत्री का आभार*

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ भोपाल

कर्मचारी संगठनों ने दिवाली से पहले अक्टूबर महीने का वेतन मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। माह के अंतिम सप्ताह में दिवाली होने के कारण कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री से अक्टूबर माह का वेतन दिवाली से पहले देने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांग को मानते हुए दिवाली से पहले वेतन देकर कर्मचारियों को खुश कर दिया है। मुख्यमंत्री के इस फैसले से कर्मचारियों और अधिकारियों में खुशी की लहर है और अब वे अपनी दिवाली खुलकर मना पाएंगे।

### मुख्यमंत्री कर्मचारी हितैषी

दिवाली से पहले वेतन देकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जाहिर कर दिया वह कर्मचारी हितैषी हैं। मंत्रालय संघ की तरफ से हम मुख्यमंत्री का दिवाली से पहले वेतन मिलने पर धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करते है। वेतन मिलने से दिवाली का त्यौहार अच्छे से मना पाएंगे।



**सुरेंद्र निगम**, प्रदेश अध्यक्ष मप्र कर्मचारी कांग्रेस

### धन्यवाद मुख्यमंत्री अब हम खुशी-खुशी त्योहार मना सकेंगे

दिवाली से पहले वेतन मिलने से कर्मचारी अब दिवाली का त्यौहार खुशी-खुशी मना पाएंगे। हम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का तहे दिल से आभार व्यक्त कर उन्हें धन्यवाद देते है कि उन्होंने हमारी मांग को माना और त्योहार को खुशनुमा बनाया।



**रमेश राठौर**, प्रदेशाध्यक्ष, मप्र संविदा अधिकारी-कर्मचारी महासंघ

### सीएम ने दिया दीपावली का तोहफा, बकाया डीए और मिल जाता तो खुशी दोगुनी हो जाती

दिवाली से पहले कर्मचारियों को एडवांस सैलरी देकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कर्मचारी-अधिकारी को दिवाली को तोहफा दिया है। अगर बकाया चार प्रतिशत डीए भी मिल जाता तो दिवाली पर दोगुनी खुशी हो जाती। उम्मीद है कि कर्मचारी हितैषी मुख्यमंत्री यह मांग भी जल्द पूरी करेंगे।



**डीके यादव**, प्रांताध्यक्ष, मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ

### निशातपुरा कोच फैक्ट्री में मेंटेनेंस का बना नया रिकॉर्ड

# 35 सालों का रिकॉर्ड टूटाः छह माह में 729 कोच और 3474 वैगन का मेंटेनेंस किया

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ भोपाल

सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा में पिछले 6 माह में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। पिछले 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए छह महीनों 729 कोच और 3474 वैगन का मेंटेनेंस किया गया। साथ ही कपलर वाले कोच का पहला रैक भी निकाला गया। ये कोच ऑटोमोबाइल कैरियर के रूप में काफी डिमांड में हैं और रेल मंत्रालय ने सभी जोन को इस कार्य हेतु निर्देशित किया था।

महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक के नेतृत्व में अनुरक्षण डिपो में कोचों का अनुरक्षण करके शानदार प्रदर्शन किया है। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से सितंबर यानी छह माह में पमरे जोन के दो कारखानों में कुल 4203 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना भोपाल ने 729 कोचों का अनुरक्षण किया तथा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 3474 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। जबकि गत वर्ष इस अवधि में दोनों कारखानों ने 656 कोचों और 3376 वैगनों सहित कुल 4032 कोच, वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग कर मरम्मत किया गया था। इस प्रकार गतवर्ष की तुलना में दोनों कारखानों ने लगभग 171 कोचों-वैगनों का पीओएच आउटटर्न ज्यादा किया गया है। मुख्य कारखाना प्रबंधक अमितोज बल्लभ ने बताया कि कोच फैक्ट्री भोपाल अपनी गुणवत्ता एवं उत्पादकता के लिए पूरे भारत में अग्रण्य माना जाता है।

### यह हुआ काम

- कोच और वैगन के बॉडी और अंडर गियर की मरम्मत की गई है, जिससे परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित की जा सके।
- कोच और वैगन के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पार्ट्स की मरम्मत की गई है, जो संरक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।
- एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगन और कोच के दोनों ओर के बफर की मरम्मत की गई है जिससे संरक्षा में बढ़ोतरी एवं जर्क फ्री राइडिंग का अनुभव होता है।
- व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।

### आरएएफ के 32वें वर्षगांठ समारोह का आयोजन



**भोपाल।** रैपिड एक्शन फोर्स, द्रुत कार्य बल का 32वां वर्षगांठ समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अनीश दयाल सिंह, महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने शौर्य ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सम्मेलन के दौरान 107 बटालियन द्रुत कार्य बल को बेस्ट ई-गवर्नेंस बटालियन की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद बलाई, कमाण्डेंट 107 बटालियन द्रुत कार्य बल ने कहा कि हम ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं। 107 बटालियन द्रुत कार्य बल ने ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में कई पहल की हैं।

*कहा- बताएं रातापानी सेंचुरी में कहीं उत्खनन तो नहीं चल रहा*

# पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने डीएफओ से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाल ही में राज्य सरकार द्वारा रातापानी वाइल्ड सेंचुरी को टाइगर रिजर्व बनाने पर सहमति दे दी है। विभाग ने इसके नोटिफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। रातापानी में लंबे समय से अवैध उत्खनन और पेड़ों की अवैध कटाई की शिकायतें सामने आती रही हैं।

अब जब कि इसे टाइगर रिजर्व बनाया जा रहा है, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ व्हीएन अंबाड़े ने डीएफओ औबेदुल्लागंज से उत्खनन के मामले में रिपोर्ट मांगी है। कहा गया है कि यदि कहीं किसी तरह का उत्खनन हो रहा हो तो इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर भेजें। साथ ही यह भी उल्लेख करें कि इस तरह के मामलों से निपटने के लिए अभी तक किस तरह से कदम उठाए गए हैं। एनटीसीए की गाइड लाइन के मुताबिक टाइगर रिजर्व में रेत उत्खनन सहित अन्य व्यवसायिक गतिविधियां प्रतिबंधित है।

### एनजीटी को भी देना पड़ा था जवाब

पूर्व में एनजीटी में भी इस तरह के मामलों की शिकायत हुई थी। सरकार को भी अपना जबाब दाखिल करना पड़ा था। हालांकि सरकार ने एनजीटी के दिए जबाब में अवैध उत्खनन संबंधी मामलों से इंकार किया था। रातापानी सेंचुरी को विगत 16 साल से टाइगर रिजर्व बनाने के प्रयास चल रहे हैं, लेकिन खनन माफिया और राजनैतिक दखल होने के कारण अब तक संभव नहीं हो सका। लंबे समय से चल रही मांग के कारण अब टाइगर रिजर्व बनाने की प्रक्रिया फाइनल हो पाई है। रातापानी टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 1244.518 वर्ग किमी होगा। इसमें 763.812 वर्ग किमी का कोर क्षेत्र होगा। इसमें कोई भी राजस्व गांव नहीं होगा। कोर में सिर्फ 3 वन ग्राम हैं, जिनकी शिफ्टिंग की जानी है।



### रातापानी में सबसे बड़ी बाघ फेमिली

रातापानी सेंचुरी में सबसे बड़ी बाघ फेमिली है। यहां 80 बाघ हो गए हैं। वन विभाग ने रातापानी को 7वां टाइगर रिजर्व बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले दिनों मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में वन विभाग को जल्द प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए थे। वाइल्ड लाइफ जानकारों का कहना है कि टाइगर रिजर्व बन जाने के बाद यह पर्यटकों को पसंदीदा स्थान बन जाएगा। यहां देशी और विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में विजिट करेंगे।

### देश के पहले वर्ल्ड क्लास रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर गंदगी का आलम

# डीआरएम के सख्त आदेश के बाद भी आरकेएमपी रेलवे स्टेशन पर कचरे को लेकर नहीं सुधर रही व्यवस्था, यात्री गंदगी से हो रहे परेशान

*100 करोड़ की लागत से बने आरकेएमपी स्टेशन पर अकसर रहती है गंदगी*

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ भोपाल

देश के पहले वर्ल्ड क्लास रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर गंदगी से यात्री लगातार परेशान हो रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के सख्त निर्देशों के बाद भी यहां पर कचरे को लेकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। 100 करोड़ की लागत से बने आरकेएमपी स्टेशन पर अक्सर गंदगी का अंबार लगा रहता है।

इसके चलते यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते बंसल पाथ-वे हबीबगंज प्रा.लि. स्टेशन प्रबंधक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को सकार नहीं होने दे रहा है। जब स्टेशन को विकसित किया जा रहा था, तो बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि रानी कमलापति स्टेशन पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। लेकिन, महज दो-तीन साल में ही यह दावा ध्वस्त होता नजर आ रहा है। यात्री अब जमीनी हकीकत से रूबरू हो चुके हैं, यहां पर आए दिन प्लेटफार्म पर बिखरा कूड़ा, कचरे के ढेर पान और गुटके के दाग से यात्रियों को दो चार होना पड़ा रहा है। जिसको लेकर यात्रियों द्वारा लगातार रेलवे अधिकारियों से शिकायत की जा रही है। लेकिन फिर भी रेलवे की ओर से उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। शनिवार को भी यहां पर गंदगी व कचरे से ढ़ेर देखने को मिला।



**प्लेटफार्म 4-5 के बीच सीढ़ियों के नीचे कचरा फैला**

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 4-5 के बीच साढ़ियों के नीचे कचरा इकट्ठा पड़ा हुआ है। इसके लिए परेशान यात्री द्वारा रेलवे को शिकायत की है। स्टेशन की साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण यहां आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### शेड्यूल के हिसाब से होती है सफाई

वंदेभारत एक्सप्रेस के सफाई कर्मचारी हर कहीं कचरा फेंक रहे हैं। हमारे सफाई कर्मचारी का एक शेड्यूल रहता है। उसके हिसाब से सफाई की जा रही है। लेकिन दो कर्मचारियों को वंदे भारत एक्सप्रेस के आने के समय लगा दिए हैं। जैसे ही ट्रेन आती है, वह ट्रेन से निकलने वाले कचरे को हटा दिया जाता है।

**मोहित सोमैया**, मैनेजर, बंसल पाथ-वे हबीबगंज प्रा.लि. स्टेशन

# अफसरों को रोजाना देना होगी लॉकअप में बंद आरोपियों की सुपरविजन रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ भोपाल

प्रदेश में आए दिन पुलिस कस्टडी में होने वाली मौतों के कारण महकमे की छवि दागदार हुई है। अब मुख्यालय द्वारा इसका कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। प्रदेश के समस्त थाना प्रभारी रोजाना थाने के लॉकअप में बंद आरोपियों की जानकारी अपने अपने सुपरविजन अफसर को देंगे। नगरीय पुलिस आयुक्त सिस्टम के तहत आने वाले भोपाल और इंदौर में थाना प्रभारी कस्टडी में आए आरोपियों की जानकारी रोजाना रात 8 बजे तक देंगे। वहीं, जिलों में थाना प्रभारी सीएसपी और ग्रामीण क्षेत्रों में एसडीओपी को अवगत कराएंगे।



### सीसीटीवी कैमरे भी करने होंगे चेक

सुपरविजन अफसर थाने जाकर सीसीटीवी कैमरे भी चेक करेंगे। देखा जाएगा कि वो सही दिशा में लगे हैं या नहीं। खराब सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराना और चालू सीसीटीवी की रिकार्डिंग को निर्धारित अवधि तक सुरक्षित रखा जाना भी सुनिश्चित कराना होगा। जिन थानों में सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं, वहां लगवाए जा रहे है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुसार सभी थानों में सीसीटीवी का लगा होना अनिवार्य किया गया है।

तय समय से 36 दिन पूर्व शुभारंभ

# लखनऊ मेट्रो ने देश में सबसे तेज निर्मित होने वाली मेट्रो का खिताब किया अपने नाम

## यूपी मेट्रो की विकास परियोजनाओं और कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा की डायरेक्टर ऑपरेशन प्रशांत मिश्रा ने

लखनऊ से लौटकर मधुरिमा राजपाल

राजधानी लखनऊ में चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुंशी पुलिया के बीच 23 किलोमीटर लंबे उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर को तय समय से 36 दिन पूर्व 4.5 वर्षों में तैयार कर व्यावसायिक सेवाओं का शुभारंभ हुआ। वहीं, लोकसभा की आवास समिति ने देशभर में मेट्रो के संचालन ओर मेट्रो निर्माण के लिए लखनऊ-कानपुर-आगरा के मॉडल को अपनाने की बात कही। साथ ही लखनऊ मेट्रो ने देश में सबसे तेज निर्मित होने वाली मेट्रो का खिताब भी अपने नाम किया है। यूपी मेट्रो की विकास परियोजनाओं और कार्यप्रणाली के बारे में यह जानकारी दी प्रशांत मिश्रा डायरेक्टर ऑपरेशन, सुदीप सिंह, जॉइंट जनरल मैनेजर ऑपरेशन, यूपी मेट्रो कॉरपोरेशन एवं पंचानन मिश्रा जॉइंट जनरल मैनेजर पब्लिक रिलेशन ने।



### महिलाओं व बच्चों के लिए काफी सुरक्षित मेट्रो

मिश्रा ने बताया कि मेट्रो में पब्लिक कनेक्टिविटी के लिए नॉमिनल चार्जेस के साथ बर्थ डे सेलिब्रेशन सहित अन्य कई आयोजन किए जाते हैं, साथ ही मेट्रो में सुरक्षा के रूप में सैकड़ों कैमरे होने से महिलाएं व बच्चे काफी सुरक्षित महसूस करते हैं।




### यूपीएमआरसी की उपलब्धियां

- यूपीएमआरसी ने जर्मन स्थित रेल कंपनी डॉयचे बान (डीबी) के 200 स्टेशन कंट्रोलर/ट्रेन ऑपरेटरों को प्रशिक्षित किया है। अब ये एससी, टीओ नमो भारत ट्रेनों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं।
- यूपीएमआरसी ने गुजरात मेट्रो को उनके राजस्व संचालन (आरओडी) शुरू करने के लिए कंसल्टेंसी प्रदान की है।
- यूपी मेट्रो के ट्रेनिंग स्कूल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओईटी) ने अगस्त, 2024 में कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन (सीबीसी) से राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की।
- अभी तक देश की 15 मेट्रो में सिर्फ तीन ट्रेनिंग स्कूल हैं और यूपी मेट्रो के साथ दिल्ली मेट्रो के स्कूल को ही सीबीसी की मान्यता मिल सकी है।

## खबर संक्षेप



### आनंद विहार कॉलेज में युवा उत्सवः डांस प्रतियोगिता का आयोजन

**भोपाल।** आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन में युवा उत्सव के द्वितीय दिवस पोस्टर मेकिंग, एकल एवं समूह गायन तथा एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने शास्त्रीय एवं समूह लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बंटौरी वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने स्वच्छता, रक्तदान एवं मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थल थीम पर पोस्टर

### मुखर्जी कॉलेज में क्ले मॉडलिंग, रंगोली सहित प्रतियोगिताएं आयोजित



**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय आयोजन है। इसके तहत शनिवार को एकल नृत्य एवं ललित कला के तहत कई आयोजन हुए। इसके तहत रंगोली, क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिताएं प्रभारी प्राचार्य डॉ. रागिनी तिवारी की अध्यक्षता और युवा उत्सव प्रभारी डॉ. मीनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में संपन्न हुई। एकल नृत्य प्रतियोगिता में कुमारी अक्षिता भारती, प्रथम एवं रिया यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। विद्यार्थियों ने रंगों का आकर्षक ढंग से संयोजन कर मनमोहक रंगोलियां बना रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में सोंमपाल गौड प्रथम स्थान एवं शिवानी धानुक द्वितीय स्थान पर रहे।

### मायाराम सुरजन भवन में नाटक उत्तर कामायनी का मंचन



**भोपाल।** एकजुट थियेटर एंड वेलफेयर समिति की नई प्रस्तुति के रुप में मायाराम सुरजन भवन में नाटक उत्तर कामायनी का मंचन किया गया, नाटक के लेखक दिलीप वैरागी रहे और निर्देशन मुकेश पाचौड़े का रहा। यह नाटक तीसरे विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है, तीसरा विश्वयुद्ध हो चुका है सब कुछ समाप्त, मात्र एक व्यक्ति बचा है अब अकेला क्या करे, ना कोई बात करने वाला, ना कोई सुनने वाला चारों तरफ अगर कुछ है तो सन्नाटा। कुल मिलाकर नाटक उन तमाम देशों को जो परमाणु संपन्न हैं, परमाणु का कभी भी इस्तेमाल न करने की राह दिखाता है।

श्रीरामलीला उत्सव में इंडोनेशिया के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# इंडोनेशिया की फीमेल आर्टिस्ट बनी राम, प्रस्तुति देख दर्शक भाव-विभोर





हरिभूमि न्यूज भोपाल

भगवान राम की महिमा, हनुमान जी के बल को जब मुस्लिम देश इंडोनेशिया के कलाकारों ने मंच पर उतारा तो पूरा सम्पूर्ण ऑडिटोरियम भक्तिमय हो गया। वहीं, इंडोनेशिया से आईं फीमेल आर्टिस्ट श्री गामात्री ने जब राम की भूमिका निभाई तो दर्शकों ने दांतों तले उंगलियां दबा लीं। वहीं लक्ष्मण की भूमिका में उनका साथ दिया निक त्रिकावती ने। दोनों फीमेल आर्टिस्ट के उम्दा अभिनय ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

रविंद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर मंचित इस रामायण प्रस्तुति में विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध और अहल्या उद्धार के दृश्यों को उम्दा अभिनय से प्रस्तुत किया।

### श्री राम के देश में आकर लगा बहुत अच्छा

वहीं, राम बनीं श्री गामात्री ने कहा कि इंडोनेशिया के जावा द्वीप के काकवीन रामायण और बाली द्वीप के रामायण प्रमुख क्षेत्र हैं और हमारी कला में दक्षिण भारत का प्रभाव दिखता है। उन्होंने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। यह श्रीराम का देश है। मुझे बताया गया कि रामकथा में वर्णित चित्रकूट का स्थान यहीं मप्र में है।

### एक घंटे में हनुमान दूत के रूप में किया प्रस्तुत

*दूसरे दिन इंडोनेशिया के कलाकारों द्वारा श्रीराम कथा प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने रामायण नृत्य नाटिका बैले में हनुमान दूत के रूप में कथा को प्रस्तुत किया। इस एक घंटे की प्रस्तुति में 9 कलाकारों ने अभिनय एवं 6 कलाकारों ने संगीत में सहभागिता की। शुरूआत वाद्य संगीत से की गई इसके बाद स्वागत नृत्य और फिर श्रीराम कथा की प्रस्तुति दी। सेंड्रातारी मूलतः एक नृत्य-नाट्य है जिसमें कोई संवाद नहीं होता। यह नृत्य शैली सबसे पहले जावा में बनाई गई थी और बाद में यह इंडोनेशिया के कई स्थानों पर की जाती है।*



रवींद्र भवन में आईआरसी का सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

पूरा सभागार शिव का अनोखा रूप देख मंत्रमुग्ध

# इंडियन आइडल फेम पवनदीप के सुरों से शाम हुई गुलजार

हरिभूमि न्यूज भोपाल

रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में मप्र शासन लोक निर्माण विभाग और आईआरसी के संयुक्त तत्वावधान में आईआरसी सेमिनार 2024 में शनिवार को शुभारंभ रागिनी मक्खर की महाकाल नृत्य नाटिका से हुआ। 22 मिनट की अपनी प्रस्तुति में रागिनी के साथ 22 कलाकारों ने शिव का अर्धनारी रूप को दिखा। जिससे पूरा सभागार शिव का यह अनोखा रूप देखकर मंत्रमुग्ध हो गया, जिसमें आधा शरीर भगवान का नारी का है और आधा पुरुष का है। नृत्य में सत्यम शिवम सुंदरम तीन स्वरूप बताए गए और इसी स्वरूप के गीत पर तांडव को भी प्रस्तुत किया गया।

### आकृति मेहरा ने बांधा समां

#### खैरियत पूछो कभी तो कैफियत पूछो...



शिव अर्धनारीश्वर की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध श्रोताओं का मूड चेंज करते हुए मुंबई की आकृति मेहरा ने खैरियत पूछो कभी तो कैफ़ियत पूछो, तुम्हारी बिन दीवाने का क्या हाल है, से पूरा माहौल ही बदल दिया। इसके बाद जिसका सबका इंतज़ार था, इस शाम को यादगार बनाने के लिए आए जैसे ही इंडियन आइडल फ़ेम पवनदीप राजन ने लोगों को अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज में गाने सुनाए तो दर्शक उनके गानों पर झूम उठे। पवनदीप ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत 'तेरी मिट्टी...' गाने से की। इसके बाद केसरिया..., आज मौसम बड़ा बेईमान है..., बुलाती हैं हवाएं..., तू जो मिला... और बेदरिया... जैसे कई गाने सुनाए, जिन पर झूमते हुए नजर आए। सिंगर आकृति मेहरा ने मंच पर उनके साथ जुगलबंदी की।



# मैनिट मैफिक के दूसरे दिन डांस, डीजे नाइट का तड़का

## रशियन होली सी की आवाज का चला जादू, कथक प्रस्तुति रही खास

हरिभूमि न्यूज भोपाल



मैनिट मैफिक के दूसरे दिन डांस, डीजे नाइट का तड़का लगा तो वहीं रशियन होली सी की आवाज में श्रोता खो से गए। कार्यक्रम में स्वरागन हुई जिसमें- विभिन्न कॉलेजों के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। वहीं अल्पना वाजपेई के कथक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शको का दिल जीता।

वहीं साइलेंट डीजे की प्रस्तुति खास रही, साइलेंट डीजे को शोरगुल करने वाला और परेशान करने वाला होना ज़रूरी नहीं है, इसके बजाय यह शांत हो सकता है और फिर भी हर कोई बीट्स का आनंद ले सकता है और लय पर नाच सकता है, यह साबित करते हुए साइलेंट डीजे का आयोजन किया। वहीं कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति ने रशियन सिंगर होली सी की मखमली आवाज़ के जादू चला।

**विभिन्न कॉलेजों के 100 से अधिक छात्रों ने लिया भाग**



# संतूर व तबले की धुन से संगीतमय हुई शहीद भवन की संध्या

हरिभूमि न्यूज भोपाल

शहीद भवन में शनिवार कोठाकुर हरिशचंद्र सिंह संगीत कला समिति द्वारा ठाकुर हरिशचंद्र सिंह संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सरस्वती पूजन एवं भरतनाट्यम की प्रस्तुति हुई। द्वितीय चरण में विख्यात संगीतज्ञ ठाकुर हरिशचंद्र सिंह स्मृति सम्मान देश के पांच प्रसिद्ध कलाकारों को प्रदान किया गया।

- शहीद भवन में ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह संगीत समारोह का आयोजन






### विपुल कुमार ने दी संतूर की प्रस्तुति

*तृतीय व अंतिम चरण में संतूर वादन की प्रस्तुति हुई, जिसे, प्रसिद्ध संतूर वादक डॉ बिपुल कुमार राय,दिल्ली ने प्रस्तुत किया। अगली प्रस्तुति विख्यात ध्रुपद गायक पंडित उदय कुमार मल्लिक, दिल्ली एवं अंतिम प्रस्तुति विख्यात वायलिन वादक पंडित संतोष नाहर, दिल्ली की रही। तबला पर संगत विख्यात तबला वादक पंडित उदय प्रताप सिंह एवं विश्व विख्यात तबला वादक अंशुल प्रताप सिंह की रही।*

बीएसएसएस में प्रकृति दिवस पर बॉलीवुड गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति

# अपनी पोशाक के माध्यम से दिया सेव अर्थ का संदेश

हरिभूमि न्यूज भोपाल



भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के मानविकी और साइंस विभाग ने बड़े ही धूमधाम से प्रकृति दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश बैंड परफॉर्मेंस के माध्यम से दिया। इसके अंतर्गत पंचतत्वों पर आधारित बॉलीवुड गीतों पर शानदार नृत्यों की प्रस्तुति ने समा बांधा तो वहीं कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने डीजे की शानदार प्रस्तुति से शाम को रंगीन बना दिया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने शानदार सुंदर पोशाक के माध्यम से सेव अर्थ का संदेश दिया।


# विश्व संवाद केंद्र में 'वृन्द गान' प्रेरक गीत प्रतियोगिता

**भोपाल।** विश्व संवाद केंद्र में पथ में कांटे तो होंगे ही, दूर्वादल, सरिता, सर होंगे सुंदर गिरि, वन.... जैसे प्रेरक गीत जब बच्चों ने सुनाये तो सम्पूर्ण हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह नजारा था शनिवार को साहित्य, कला एवं संस्कृति को समर्पित सकलपर्णा समूह द्वारा आयोजित वृंद गान प्रेरक गीत प्रतियोगिता का, जिसका आयोजन विश्व संवाद केंद्र में हुआ जिसमें सरकारी विद्यालयों के कक्षा 9-12 वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीटी नगर, द्वितीय स्थान सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुरा भेल तथा तृतीय स्थान शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसी नगर ने प्राप्त किया। अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने सकलपर्णा की सभी सदस्यों को इस कार्यक्रम की सफलता की बधाई देते हुए कहा कि जितने प्रेरक गीत उन्होंने आज सुनाए हैं उन्हें अपने जीवन में भी उतारें तथा समाज और देश की उन्नति के लिए कार्य करें।




शहर के अलग-अलग इलाकों में महिलाओं ने किया सेलिब्रेट

# सुंदर पोशाक में सज-धज कर महिलाओं ने सेलिब्रेट किया प्री-करवाचौथ



### सुंदर थालियों को सजाकर मनाया करवाचौथ

आगरा अग्रोहा क्लब की प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन संपन्न हुआ, जिसको होस्ट किया मोनिका लीला उषा लीला और गुंजन गुप्ता ने। रश्मि गोल्या ने बताया कि सोलह सिंगार करके करवाचौथ मनाया

हरिभूमि न्यूज भोपाल

नख से शिख तक सज-धजकर और इठलाती बल खाती महिलाओं ने शनिवार को प्री करवाचौथ सेलिब्रेट किया। शहर के अलग अलग इलाकों में आयोजित इस आयोजन में किसी ने सुंदर साड़ी में तो किसी ने इंडो वेस्टर्न पैटर्न ड्रेस में प्री करवाचौथ मनाया।



### नाच-गाने के साथ किया रैंप वॉक

वहीं, रश्मि गोल्या और ग्रुप ने सैर सपाटा के पास स्थित निजी होटल में प्री करवाचौथ सेलिब्रेट किया, जिसमें करीब 100 महिलाओं ने शिरकत की, किसी ने नाच गाकर तो किसी ने रैंप वॉक के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी।





# पीएम ने की नेशनल लर्निंग वीक की शुरुआत

# सिविल सर्वेंट्स को विकास की दिशा में नई प्रेरणा मिलेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्मयोगी सप्ताह नेशनल लर्निंग वीक का शुभारंभ किया। 25 अक्टूबर तक चलने वाला यह इवेंट सुबह 10.30 बजे नई दिल्ली के डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुरू हुआ।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 2024 को कर्मयोगी सप्ताह नेशनल लर्निंग वीक का शुभारंभ किया। 25 अक्टूबर तक चलने वाला यह इवेंट सुबह 10.30 बजे नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुरू हुआ। इसमें 30 लाख से ज्यादा सिविल सर्वेंट हिस्सा लेंगे। यह आयोजन सिविल सर्वेंट्स को विकास की दिशा में नई प्रेरणा प्रदान करेगा।

### पर्सनल और ऑर्गेनाइजेशनल स्किल डेवलपमेंट को नई दिशा मिलेगी

सितंबर 2020 से शुरू हुए मिशन कर्मयोगी का मकसद सिविल सर्वेंट्स के लिए पर्सनल और ऑर्गनाइजेशनल स्किल डेवलपमेंट को नई दिशा देना है। इस दौरान, हर कर्मयोगी 4 घंटे की लर्निंग में हिस्सा लेगा। इसका लक्ष्य एक सरकार का संदेश देना, सभी को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ जोड़ना और आजीवन लर्निंग को बढ़ावा देना है।



## 30 लाख से ज्यादा सिविल सर्वेंट हुए शामिल

### मिशन कर्मयोगी का लक्ष्य

मिशन कर्मयोगी के तहत आयोजित लर्निंग वीक का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को कुशल बनाना है, ताकि देश की कुशलतापूर्वक सेवा करने की उनकी क्षमता में वृद्धि हो। स्किल बेस्ड लर्निंग के जरिए यह पहल एक गतिशील और भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स बनाने, भारत के विकास को बढ़ावा देने और शासन को बदलने पर केंद्रित है।

### 4 साल पहले हुई शुरुआत

मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के अनुकूल सिविल सेवा की कल्पना की गई है। इस दौरान, मंत्रालय, विभाग और संगठन क्षेत्र-विशिष्ट दक्षताओं को बढ़ाने के लिए सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित करते हैं।

### कैसे पूरे होंगे लर्निंग के 4 घंटे

प्रतिभागी आईजीओटी मॉड्यूल और मशहूर व्यक्तियों के वेबिनार, व्याख्यान/मास्टर क्लास के जरिए ये घंटे पूरे कर सकते हैं। कार्यक्रम के वक्ता अपने क्षेत्रों से जुड़े विषयों पर जानकारी देंगे। साथ ही सिविल सर्वेंट्स को असरदार तरीके से नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण की दिशा में काम करने में मदद करेंगे। इस दौरान, मंत्रालय, विभाग और संगठन डोमेन स्पेसिफिक कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए सेमिनार और वर्कशॉप भी आयोजित करेंगे।

# अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण आज




**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुलल सरगुजा जिले की बहुप्रतीक्षित मांगों में एक अंबिकापुर को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने की मांग अब पूरी हो जाएगी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उड्यन मंत्री राममोहन नायडू वर्चुअल माध्यम से अम्बिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहित अन्य मंत्री भी उपस्थित होंगे। उद्घाटन की तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है। दरअसल 2014 में देश में प्रधान मंत्री नकी नेतृत्व वाली सरकार ने जैसे ही देश की कमान अपने हाथों में संभाली, वैसे ही आम आदमी को हवाई चप्पल से हवाई जहाज का सफर करने को लेकर केंद्र सरकार ने उड़ान योजना बनाई, जिसके तहत देश के कई ऐसे एरोड्रम जो वास्तव में हैं तो, लेकिन उनकी उपयोगिता शुन्य के समान थी, उन्हें नए सिरे से संवारने और नया स्वरूप देने के लिए उड़ान योजना के तहत केंद्र सरकार ने अरबों का बजट स्वीकृत किया था।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग के साथ 7 माह में 8 लोगों ने किया रेप



**थानगढ़।** गुजरात से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक 17 साल की बच्ची के साथ पिछले 7 महीनों में 8से अधिक लोगों ने दुष्कर्म किया। लड़की को कथित तौर पर कई स्थानों पर ले जाया गया और उसका यौन उत्पीड़न किया गया। पीड़िता की मां ने थानगढ़ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण और यौन उत्पीड़न के मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। अपहरण 15 अक्टूबर को किया गया था।

### मुथ्यलम्मा में प्रदर्शन लोगों पर भांजी लाठियां



**हैदराबाद।** यहां के श्री मुथ्यलम्मा देवी मंदिर में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। मंदिर में मूर्ति पर तोड़े जाने के खिलाफ लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। कई लोग श्री मुथ्यलम्मा देवी मंदिर में एकत्र हुए थे। यह घटना 14 अक्टूबर की सुबह की है। जब मंदिर में मूर्ति तोड़े जाने की घटना सामने आई थी। जिसके बाद तनाव पैदा हो गया था। लोगों में आक्रोश और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। यहां मूर्ति खंडित करने के कारण लोग आक्रोशित हैं।

### खाई में गिरी अनियंत्रित स्कूल बस 15 बच्चे घायल



**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां बच्चों को ले जा रही एक स्कूल बस का भीषण एक्सीडेंट हो गया, जिसके परिणामस्वरूप 15 बच्चे घायल हो गए हैं। यह दुर्घटना टिक्कर ताल रोड पर थल गांव के पास हुई, जब पंजाब के मलेरकोटला के ननकाना साहिब स्कूल के बच्चे और स्टाफ सदस्य भ्रमण के लिए मोरनी हिल्स जा रहे थे। इस दौरान बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे बस खाई में गिर गई।

### कोरियोग्राफर डिसूजा और पत्नी पर केस दर्ज



**मुंबई।** ठाणे जिले में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, उनकी पत्नी लिजेल सहित 7 के खिलाफ एक डांस मंडली ने 11.96 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शनिवार को य बताया कि एक 26 वर्षीय डांसर की शिकायत पर 16 अक्टूबर को मीरा रोड पुलिस थाने में रेमो, उनकी पत्नी और अन्य आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 465 (जालसाजी), 420 (धोखाधड़ी) और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इसमें कई साथी भी हैं।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज में दुष्कर्म और हत्या का मामला

# आमरण अनशन स्थल पर डॉक्टरों से मिले सीएस और ममता ने की अनशन खत्म करने की अपील

▶ सीएम बेनर्जी ने कहा- सोमवार को वे मुलाकात करेंगी, डॉक्टर्स ने 21 अक्टूबर तक तय की समय सीमा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टरों से पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रबर्ती ने मुलाकात की। इस दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों से फोन पर बात की। उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से आमरण अनशन खत्म करने की अपील की। साथ ही कहा वह सोमवार को उनसे मुलाकात करेंगी। दरअसल जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में आमरण अनशन कर रहे 6 चिकित्सकों को हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। मौजूदा समय में एस्पलेनेड क्षेत्र में अनशन कर रहे 8 चिकित्सकों ने राज्य सरकार ने 21 अक्टूबर तक मांगों पर गौर करने की मांग की है।



## 22 तक मागें पूरी नहीं की तो राज्यभर में करेंगे हड़ताल



एक चिकित्सक ने कहा कि अगर उनकी मांगें 22 अक्टूबर तक पूरी नहीं हुईं तो वे पूरे राज्य भर में हड़ताल करेंगे। हम चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हमारे साथ बैठकर बात करें और हमारी सभी मांगों को पूरा करें। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के साथ ही कई कलाकारों ने सांकेतिक भूख हड़ताल की।

**6 चिकित्सक अस्पताल में भर्ती कराए गए**

### चिकित्सकों ने महारैली की योजना बनाई

आंदोलन कर रहे चिकित्सकों ने रविवार को अपनी मांगों को लेकर एक महारैली की योजना बनाई है। इसमें वह स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम को हटाने की भी मांग करेंगे। इसके अलावा चिकित्सकों ने राज्य सरकार से सभी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में केंद्रीयकृत रेफरल प्रणाली स्थापित करने, बेड रिक्ति नियंत्रण सिस्टम और कार्यस्थलों पर सीसीटीवी, ऑन कॉल ड्यूटी, वॉशरूम बनवाने के लिए टास्क फोर्स का गठन करने की मांग की है।

### सीएम ममता ने की फोन पर बात, मांगा समय



वहीं मुख्य सचिव के आमरण अनशन स्थल पर पहुंचने के दौरान सीएम ममता बेनर्जी ने आंदोलनकारी डॉक्टरों से फोन पर बात की। सीएम ने डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि आपकी अधिकतर मांगों को पूरा कर दिया गया है, शेष मांगों को पूरा करने के लिए तीन से चार महीने का समय दीजिए।

### सरकार के साथ बातचीत करें डॉक्टर्स

सीएम ने डॉक्टरों से कहा कि मांगों से हम असहमत नहीं हैं। बातचीत के लिए सरकार के साथ बैठने का आपसे अनुरोध है। प्रदर्शन समाप्त कर दीजिए। कुछ मांगों को पूरा करने के लिए नीतिगत फैसले की जरूरत है। साथ ही कहा कि यह स्वीकार नहीं है कि सरकार को निर्देशित किया जाए कि क्या करना चाहिए।

## कृषिमंत्री शिवराज ने राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन रबी अभियान 2024 का किया शुभारंभ

# उर्वरकों पर निर्भरता कम करने को जैविक- प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले कृषि सत्रों के दौरान फसल प्रदर्शन की समीक्षा और आकलन करने तथा रबी सत्र के लिए फसल-विशिष्ट लक्ष्यों को निर्धारित करने के उद्देश्य से शनिवार को नई दिल्ली के पूसा परिसर में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2024 का उद्घाटन किया।

सम्मेलन का उद्देश्य सभी हितधारकों के बीच नवोन्मेषी कृषि प्रथाओं और डिजिटल पहलों पर चर्चा को बढ़ावा देना था, ताकि आवश्यक कृषि इनपुट्स की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और उन्नत तकनीकों को अपनाने का समर्थन किया जा सके, जिससे फसल उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हो सके ।

चौहान ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमें उत्पादकता बढ़ाने और रसायनों और उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। लक्ष्य है प्रति हेक्टेयर उपज बढ़ाना, जबकि उत्पादन लागत को कम करना और किसानों को उचित मूल्य प्रदान करना। परिवहन लागत को कम करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है, ताकि खरीद मूल्य और बिक्री मूल्य के बीच के अंतर को कम किया जा सके। राज्यों को केंद्र के साथ मिलकर कृषि-जलवायु परिस्थितियों के आधार पर उत्पादन बढ़ाने पर काम करना चाहिए, ताकि भारत विश्व का सबसे बड़ा खाद्य भंडार बन सके। 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन का राष्ट्रीय लक्ष्य 341.55 मिलियन टन होगा।

### राज्यमंत्री चौधरी ने शोध संगठनों का आभार जताया

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने देश में दालों और तेल बीजों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए लगातार काम करने वाले शोध संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया। चर्चाओं के दौरान यह बताया गया कि देश में खाद्य तेल की बढ़ती मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए, सरकार का लक्ष्य 2022-23 में 39.2 एमएमटी से 2030-31 में 69.7 एमएमटी तक तेल बीजों के उत्पादन को बढ़ाना है, खेती के अंतर्गत क्षेत्र को मौजूदा 29 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 33 लाख हेक्टेयर करना और 2030-31 तक प्रति हेक्टेयर उपज को 1353 किलोग्राम से 2112 किलोग्राम तक बढ़ाना है। पैनलिस्टों ने कम समय में उत्पादन करने वाली और उच्च उपज देने वाली बीज किस्मों पर शोध करने और दालों और तेल बीजों की खेती के लिए समग्र यांत्रिकीकरण लागू करने के महत्व पर जोर दिया।

## भाजपा ने 66 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की

# बाबूलाल धनवार से और चंपई सरायकेला से लड़ेंगे



झारखंड विधानसभा चुनावः भाजपा ने 11 महिलाओं को भी मैदान में उतारा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए ने 66 उम्मीदवारों की शनिवार को घोषणा कर दी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार से चुनाव लड़ेंगे।

लोबिन हेम्ब्रोम बोरियो से, सीता सोरेन जामताड़ा से, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सरायकेला से, गीता बालमुचू चाईबासा से उम्मीदवार होंगे। गीता कोड़ा को जगनाथपुर से टिकट मिला है जबकि अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका से चुनाव लड़ेंगी। इन 66 उम्मीदवारों में 11 महिलाओं को जगह दी है। राज्य में भाजपा कुल 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस लिस्ट के बाद सिर्फ दो सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान बाकी रह गया है।

अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने झारखंड में भी साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। झारखंड की दुर्दशा, जिस तरह सरकार ने झारखंड की जनता को धोखा दिया है पिछले पांच वर्षों में जिन लोगों ने झारखंड को लूटा है, उनसे झारखंड को मुक्त कराना है और झारखंड में एक बेहतर सरकार बनानी है क्योंकि झारखंड मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में हारे चेहरों को भी विधानसभा में मौका दिया गया। गीता कोड़ा को लोकसभा चुनाव में सिंहभूम सीट से प्रत्याशी बनाया था। उन्हें विधानसभा में जगन्नाथपुर सुरक्षित सीट से उम्मीदवार को घोषित किया है। वहीं लोकसभा में दुमका सीट से हारी सीता सोरेन को विधानसभा में जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया गया है। ओडिशा के राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास की बहू पूर्णिमा साहू को जमशेदपुर पूर्व सीट के लिए भाजपा ने टिकट दिया है। अर्जुन मुंडा की पत्नी को भी टिकट दिया गया है। मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका से चुनाव लड़ेंगी। पूर्व सीएम चंपई सोरेन और उनके बेटे दोनों ही चुनाव मैदान में हैं। उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से टिकट दिया गया है।

## भाजपा ने घोषित किए उपचुनाव प्रत्याशी

# वायनाड से प्रियंका के खिलाफ नाव्या को चुनावी जंग में उतारा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम के विधानसभा उप चुनावों के लिए भी उम्मीदवारों की सूची जारी की। वायनाड उपचुनाव के लिए भाजपा ने नाव्या हरिदास को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला प्रियंका गांधी वाड्रा से होगा। असम में भाजपा ने ढोलाई सीट से निहार रंजन दास, बेहाली से दिंगता घाटोवर, समागुरी से दीप्लु रंजन शर्मा, बिहार में तरारी से विशाल प्रशांत और रामगढ़ से अशोक कुमार सिंह, रायपुर शहर दक्षिण से सुनील सोनी, शिग्गांव से बीबी बोम्मई और संदूर से बंगारू हनुमंतु, पलक्कड़ से सी. कृष्णकुमार चेलक्कारा से के. बालकृष्णन, झुंझुनू से राजेंद्र भांबू, रामगढ़ सीट पर सुखवंत सिंह, दौसा से जगमनोहन मीणा, देवली उनियारा से राजेंद्र गुर्जर को उतारा है।

## तमिल राज्यगान पर विवाद

# राज्यपाल यदि पद पर बने रहना चाहते हैं तो विभाजनकारी ताकतों से मुक्त रहना चाहिए

एजेंसी ⏭ चेन्नई



तमिलनाडु में एक बार फिर सियासी पारा चरम पर है। यहां राज्यगान में द्रविड़ शब्द छूटने पर हंगामा हो गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्यपाल आरएन रवि पर गंभीर आरोप लगाए। इस पर राज्यपाल ने सफाई भी दी। राज्यपाल के बयान के सीएम ने एक बार फिर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यदि आरएन रवि राज्यपाल बने रहना चाहते हैं तो उन्हें खुद को विभाजनकारी ताकतों से मुक्त कर लेना चाहिए और संवैधानिक मानदंडों के अनुसार कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

### *गलती से द्रविड़ शब्द छूट गया*

*मामला दूरदर्शन के हिंदी महोत्सव समापन समारोह से जुड़ा है। इस समारोह में 'तमिल थाई वाज्थु' गाया जा रहा था। इस दौरान गलती से गीत से द्रविड़ शब्द छूट गया, जिसके बाद सीएम एमके स्टालिन ने इसे तमिल भाषा का अपमान बताया। स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल को 'द्रविड़ियाई एलर्जी' है और केंद्र सरकार को तुरंत उन्हें पद से हटाना चाहिए। हालांकि, इसके बाद राज्यपाल ने सफाई दी थी। वहीं, दूरदर्शन केंद्र ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए माफी मांगी है।*

## झारखंड में इंडिया गठबंधन के दलों के बीच सीटों का ऐलान

# 81 में 70 सीटों पर लड़ेंगे कांग्रेस-जेएमएम के उम्मीदवार

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन के दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेगा और कांग्रेस और जेएमएम 81 में से 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी मौजूद थे। हेमंत ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर की उपस्थिति में सीट शेयरिंग का ऐलान किया। हालांकि, इस मौके पर आरजेडी और वाम दल के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे।

## आरजेडी और वाम दल का बैठक से किनारा

### कितने सीटों पर कौन लड़ेगा? नहीं किया खुलासा

सोरेन ने इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद कहा कि इंडिया ब्लॉक झारखंड विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेगा। सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के दौरान यह निर्णय लिया गया है कि कांग्रेस और जेएमएम 81 में से 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। जेएमएम और कांग्रेस कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका खुलासा अभी मुख्यमंत्री ने नहीं किया।

### सीट बंटवारे पर भड़की आरजेडी - यह एकतरफा फैसला, नूडल्स की तरह बांट दिया



झामुमो और कांग्रेस के बीच हुए सीट बंटवारे को लेकर आरजेडी (राष्ट्रीय जनता दल) ने ऐतराज जताया है। पार्टी ने कहा कि हमारे लिए सारे विकल्प खुले हैं। प्रवक्ता और सांसद मनोज झा ने कहा कि सीट बंटवारे पर एकतरफा फैसला लिया गया। हमसे कोई सलाह नहीं ली गई। अलग-अलग जिलों में हमारी मौजूदगी बहुत मजबूत है, हम अपने गठबंधन के साथियों से आग्रह करेंगे कि वे उसी हिसाब से फैसला लें हमारे प्रभारी यहां हैं, हमारे प्रदेश अध्यक्ष यहां हैं। नूडल्स की तरह बंटवारा कर दिया गया है।

### पुलिस महानिदेशक गुप्ता को तत्काल हटाएंः चुनाव आयोग

चुनाव आयोग ने झारखंड सरकार को आदेश दिया है कि वह अनुराग गुप्ता को तत्काल प्रभाव से कार्यकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के पद से हटा दे। ईसी ने यह भी निर्देश दिया है कि अनुराग गुप्ता की जगह उस विभाग में उपलब्ध सबसे वरिष्ठ डीजीपी स्तर के अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाए। गुप्ता के खिलाफ शिकायतों के आधार पर यह कदम उठाया गया है। उनके खिलाफ पिछले चुनाव में काफी शिकायतें मिली थीं। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियां चल रही हैं।

## ब्रिक्स देशों की बैठक से पहले रूसी राष्ट्रपति बोले

# रूस में भारतीय फिल्में सबसे अधिक लोकप्रिय, भविष्य में करेंगे अधिक प्रचार, भारत के साथ गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस में 22 और 23 अक्टूबर को ब्रिक्स देशों की बैठक होने जा रही है। उससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस अपने यहां भारतीय फिल्मों का प्रचार-प्रसार चाहता है। भारतीय फिल्में पहले से ही रूस में काफी लोकप्रिय हैं। हमारे पास भारतीय फिल्में दिखाने वाला एक विशेष टीवी चैनल है। दरअसल, ब्रिक्स देशों के बड़े मीडिया हाउस के नेतृत्वकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस में भारतीय फिल्में सबसे अधिक लोकप्रिय हैं। हमारे पास एक विशेष टीवी चैनल है, जिस पर भारतीय फिल्में चौबीसों घंटे दिखाई जाती हैं। हमें भारतीय फिल्मों में बहुत रुचि है। उन्होंने कहा वह अन्य ब्रिक्स देशों के साथ भविष्य में संगीत समारोह बनाएंगे।



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स समान मूल्यों, विकास और परस्पर हितों पर ध्यान केंद्रित करता है। ब्रिक्स विश्व में नए विकास केंद्रों के निर्माण का संकेत है और साथ ही भविष्य की आर्थिक वृद्धि को परिभाषित करेगा। उन्होंने कहा कि यूरोजोन के देश आर्थिक मंदी के कगार पर हैं जिसका अंततः ब्रिक्स से लाभ होगा

**ब्रिक्स देशों के साथ भविष्य में संगीत समारोह**

**भारत और रूस फिल्म उद्योग के क्षेत्र में सहयोग करेंगे**

### पीएम मोदी से करेंगे चर्चा

*राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स देशों में अगर हम सिनेमा की बात करें, तो भारतीय फिल्में रूस में सबसे लोकप्रिय हैं। हम ब्रिक्स देशों की फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन करते हैं। भविष्य में भारतीय फिल्मों का रूस में और भी अधिक प्रचार किया जाएगा। दोनों देश फिल्म उद्योग के क्षेत्र में और अधिक सहयोग कर सकते हैं। भारत फिल्मों की रुचि चलते हम कुछ सामान्य आधार तलाशेंगे और उन्हें रूस में बढ़ावा देंगे। वह इस मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी से चर्चा के लिए तैयार हैं।*

**फार्मा क्षेत्र में करेंगे सहयोग**

पुतिन ने भारत और रूस के बीच फार्मास्युटिकल्स क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच एक व्यापक सहयोग का ढांचा तैयार किया जा सकता है। यह बयान दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों की ओर इशारा करता है, जिसमें सिनेमा और दवाओं जैसे क्षेत्रों में सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं।

### दोनों देश वैश्विक मंच पर पकड़ मजबूत कर रहे

पुतिन ने कहा कि रूस और भारत के बीच इन गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों ने ब्रिक्स जैसे मंच को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है, जहां दोनों देश एक साथ आकर वैश्विक मंच पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने मित्र भारत के प्रधानमंत्री से कजान पहुंचने पर बातचीत करने के लिए तैयार हूं। मुझे यकीन है कि हम 100 प्रतिशत एक ही मुद्दे पर आ जाएंगे। कोई परेशानी नहीं है।

**ब्रिक्स किसी के खिलाफ नहीं**

*पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स किसी के खिलाफ नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने सही कहा है कि ब्रिक्स पश्चिम विरोधी समूह नहीं बल्कि पश्चिम विहीन समूह है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स समान मूल्यों, विकास और परस्पर हितों पर ध्यान केंद्रित करता है। ब्रिक्स विश्व में नए विकास केंद्रों के निर्माण का संकेत है और साथ ही भविष्य की आर्थिक वृद्धि को परिभाषित करेगा। उन्होंने कहा कि यूरोजोन के देश आर्थिक मंदी के कगार पर हैं जिसका अंततः ब्रिक्स से लाभ होगा।*

**हिंद महासागर में रूसी नेवी**

## इजराइल से तनाव के बीच 9 देशों की नौसेना पहुंचीं

**नई दिल्ली।** इजराइल और ईरान के बीच तनाव अभी जारी है। रूस तो खुलकर ईरान के समर्थन में आ चुका है। अब रूस और ईरान की नौसेना ने हिंद महासागर में अभ्यास शुरू कर दिया है। हिंद महासागर में आयोजित इमेक्स 2024 नौसैनिक अभ्यास में रूस, ईरान और ओमान की नौसेना हिस्सा ले रही हैं। यह अभ्यास शनिवार यानी 19 अक्टूबर को शुरू हो गया है। नौ देश इस अभ्यास का अवलोकन करेंगे। इसमें सऊदी अरब, कतर, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और थाईलैंड शामिल हैं। इससे पहले मार्च में रूस-चीन और ईरान ने पांचवें संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लिया था। इस अभ्यास का मकसद क्षेत्र में सामूहिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसके अलावा बहुपक्षीय सहयोग का विस्तार करना, शांति व मित्रता और समुद्री सुरक्षा शामिल है। अभ्यास में शामिल देश अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार सुरक्षा, समुद्री मार्गों की रक्षा, राहत एवं बचाव कार्यों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान करने की रणनीति का अभ्यास करेंगे।



### खबर संक्षेप

**भारत ने श्रीलंका को शिक्षा अनुदान दिया**



**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिल समुदाय के बागान क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से अपने अनुदान को दोगुना करके 17 करोड़ 22 लाख 50 रुपए कर दिया है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा और श्रीलंका के शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव जेएम थिलाका जयसुंदरा ने इस अनुदान को औपचारिक रूप देने के लिए राजनयिक पत्रों पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए और उनका आदान-प्रदान किया। श्रीलंका सरकार द्वारा चिह्नित नौ बागान स्कूलों के लिए यह राशि दी।

**2 आंतकी गिरफ्तार, 3 ग्रेनेड, 1 पिस्तौल बरामद**



**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 3 ग्रेनेड और 1 पिस्तौल भी बरामद की गई है। सेना ने बताया ये दोनों जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स नाम के संगठन से जुड़े हाइब्रिड आंतकी हैं। जम्मू पुलिस के एडीजीपी आनंद जैन ने कहा कि दोनों आतंकी ने मंदिर, सेना के ठिकानों और एक अस्पताल पर ग्रेनेड फेंकने की प्लानिंग कर रहे थे।

**दुनिया में 1.1 अरब लोग घोर गरीबी में जी रहे**



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की आक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) की ओर से गुरुवार को बहु आयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) जारी की गई। इसमें कहा गया है कि दुनिया में 1.1 अरब लोग घोर गरीबी में जी रहे हैं, जिनमें से 40 प्रतिशत लोग युद्ध, नाजुक स्थिति या कम शांति वाले देशों में रह रहे हैं। करीब आधे लोग पांच देशों में रहते हैं।

रक्षा मंत्री ने एमफिल दीक्षांत समारोह किया संबोधित

## वर्तमान परिदृश्य में नई प्रौद्योगिकी का लाभ लेने की जरूरत: राजनाथ



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी गंभीर सुरक्षा चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को राजधानी में शीर्ष सैन्य अधिकारियों से लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ लेने के लिए तर्कसंगत ढंग से सोचने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल अपने को ढालने और नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का आह्वान किया। वह 62वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के वर्ष-2022 बैच के एमफिल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में तेजी से हो रही प्रौद्योगिकी प्रगति सबसे महत्वपूर्ण ताकत है। जो भविष्य के लिए तैयार सेना के विकास को गति प्रदान करती है।

युद्ध की लगातार बदलती प्रकृति में साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं। जो बिना एक भी गोली चलाए पूरे देश को अस्थिर कर सकते हैं। ऐसे में सैन्य नेतृत्व के पास जटिल समस्याओं के विश्लेषण के अलावा नए समाधान तैयार करने की क्षमता होनी चाहिए। उन्होंने सैन्य अधिकारियों से रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया। जो भावी संघर्षों का अनुमान लगाने, बुद्धिमत्ता और सहानुभूति के साथ नेतृत्व करने में सक्षम हों।

**तकनीकी रूप से उन्नत होगी सेना**

सिंह ने कहा सरकार तकनीकी रूप से उन्नत और चुस्त सेना के गठन को लेकर संकल्पबद्ध है। ये एक ऐसी सेना होगी जो उभरते हुए खतरों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने में सक्षम हो। सशस्त्र बलों को भविष्य की तैयारी के लिए और लचीला बनाए रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए भविष्य के नेतृत्व में नैतिक ढांचे को स्थापित करने में एनडीसी जैसे संस्थानों की अहम भूमिका है। अधिकारी भू-राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक सुरक्षा गठबंधनों की जटिलताओं पर अच्छी पकड़ रखें। युद्धक्षेत्र से आगे बढ़कर कूटनीति, अर्थशास्त्र और वैश्विक कानून के क्षेत्र तक जाते हैं।

## ईरान ने की हत्या की कोशिश, लेबनान ने दागे 3 ड्रोन

*इजराइल ने लगाया बड़ा आरोप*

# पीएम नेतन्याहू के घर पर किया हमला, बाल-बाल बचे परिवारजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*इजराइल के पीएम कार्यालय ने कहा है कि ईरान ने नेतन्याहू को निशाना बनाने की कोशिश की है। यह घटना कासेरिया में हुई। इजराइल की सेना ने बताया कि ड्रोन लेबनान से लॉन्च किए गए थे और इस हमले के कारणों की जांच की जा रही है*

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर हुए हमले के लिए इजराइल ने ईरान को दोषी ठहराया है। शुक्रवार सुबह हुए इस हमले में हिज्बुल्लाह ने तीन ड्रोन लॉन्च किए थे। इजराइल की सेना (आईडीएफ) के मुताबिक, इन ड्रोन में से दो को मार गिराया गया, जबकि एक ने प्रधानमंत्री आवास के पास की इमारत को निशाना बनाया। पीएम नेतन्याहू के प्रवक्ता ने कहा कि पीएम के घर की तरफ एक यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) लॉन्च किया गया था। पीएम और उनकी पत्नी वहां नहीं थे, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। इजराइली सुरक्षा बलों ने इस हमले की पुष्टि करते हुए कहा है कि ड्रोन एक खुले इलाके में गिरा जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। यह घटना दक्षिणी हाइफ़ा के कासेरिया में हुई। आईडीएफ ने बताया कि ड्रोन लेबनान से लॉन्च किए गए थे और इस हमले के कारणों की जांच की जा रही है। ईरान की तरफ से फिलहाल इजराइल के आरोपों पर कुछ प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ड्रोन हमले के बाद पीएम नेतन्याहू ने कहा कि मेरा और पत्नी की हत्या का प्रयास करने की हिजबुल्ला ने गंभीर गलती की है। उनका यह प्रयास मुझे और इजराइल को उसका भविष्य सुरक्षित रखने को लेकर रोक नहीं सकते।

**खास बातें**

- एक ड्रोन पीएम के पड़ोस के घर पर गिरा
- हमले में कोई हताहत नहीं



**गाजा में 11 लोगों की मौत**

इजराइल द्वारा गाजा में किए गए हमले में तीन बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ घंटे पहले किए गए एक अन्य हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए थे। फिलिस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बलाह स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने बताया कि इजराइल ने शनिवार सुबह मध्य गाजा में मघाजी शरणार्थी शिविर पर हमला किया।

**सुरंगों को निशाना बना रहा इजराइल**

गाजा में हमास के भूमिगत ठिकानों पर पिछले एक साल से हमला कर रही इजराइली सेना अब दक्षिणी लेबनान में चरमपंथी समूह हिजबुल्ला की भी सुरंगों और उसके अन्य ठिकानों को निशाना बना रही है। इजराइली सेना ने पिछले दो हफ्तों से दक्षिण लेबनान के घने जंगलों में तलाश अभियान के दौरान एक सुरंग प्रणाली का पता लगाया, जिसमें हथियारों का जखीरा और रॉकेट लॉन्चर हैं। इजराइल का दावा है कि ये सुरंगें आस-पास के समुदायों के लिए सीधे खतरे का कारण बन सकती हैं।

**दो ड्रोन को रोका**

*आईडीएफ के अनुसार, लेबनान से हाइफ़ा की तरफ तीन ड्रोन आए, जिनमें से केवल दो का पता चल सका और उन्हें रोक दिया गया। तीसरे ड्रोन ने कासेरिया में एक इमारत पर सटीक हमला किया। धमाका बहुत तेज था। ड्रोन लेबनान से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी से उड़ा और सीधे कैसरिया में एक इमारत से टकराया।*

**नहीं मिली कोई वार्निंग**

*बताया जा रहा है कि ड्रोन हमले के बीच लोगों को कोई वार्निंग नहीं मिली। मसलन, इजराइल का सुरक्षा कवच (वार्निंग सिस्टम) आमतौर पर किसी भी हमले को भांप लेता है और साइरन के जरिए लोगों की चेतावनी मिलती है। हालांकि, नेतन्याहू के आवास को निशाना बनाने वाले ड्रोन्स का पता नहीं चला। वहीं एक अन्य ड्रोन को सैन्य हेलिकॉप्टर ने पीछाकर मार गिराया।*

समुद्री गश्ती विमान और पनडुब्बी की एक साथ भागीदारी देखी गई

## संपन्न हुआ भारत और अन्य भागीदार देशों के बीच जारी 'मालाबार' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच विशाखापट्टनम में जारी नौसैन्य युद्धाभ्यास 'मालाबार-2024' समाप्त हो गया है। इसमें भारत के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं अपने जंगी बेड़े के साथ शामिल हुई थीं। नौसेना ने शनिवार को बताया कि 8 अक्टूबर से देश के पूर्वी तट पर इस सैन्य अभ्यास की शुरुआत की गई थी। इसमें बंदरगाह और समुद्री जैसे दो चरण आयोजित किए गए। पहला




बंदरगाह चरण 14 अक्टूबर को समाप्त हो गया था और उसके बाद अब समुद्री चरण भी संपन्न हो गया है। जिसमें चारों नौसेनाओं के युद्धपोत, हेलिकॉप्टर, लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान और पनडुब्बी की एक साथ भागीदारी देखी गई। सभी ने सतह, उप-सतह और वायु युद्ध के क्षेत्र में जटिल और उन्नत अभ्यासों में हिस्सा लिया।

**समुद्री चरण में हुई गतिविधियां**

नौसेना ने बताया कि युद्धाभ्यास के इस चरण में सतह से हथियार फायरिंग, एंटी एयर शूट, वायु रक्षा अभ्यास, पनडुब्बी रोधी युद्धाभ्यास, जहाज से चलने वाले हेलिकॉप्टरों के व्यापक संचालन, टैंकरों से ईंधन भरने और समुद्री मार्गों पर अवैध गतिविधियों को रोकने और नियंत्रित करने वाली कार्रवाईयों सहित समुद्री युद्ध कौशल के विकास से संबंधित अभ्यास शामिल थे। सहयोग और जुड़ाव को बेहतर करने की दिशा में भाग लेने वाले देशों की कटिबद्धता के लिए एक प्रमाण के रूप में काम किया है।

*भारत को आंखें दिखाने लगा बांग्लादेश*

## मंत्री बोले- शेख हसीना को नहीं सौंपा तो जताएंगे 'कड़ा विरोध'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत में शरणार्थी बनकर रह रही बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर बांग्लादेश की तरफ से लगातार बयानबाजी जा रही है। बांग्लादेशी अंतरिम सरकार में कानून मंत्री आसिफ नजरुल ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारत शेख हसीना के प्रत्यर्पण से इनकार करता है तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने गुरुवार को शेख हसीना के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन वाले मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया था। अदालत ने आदेश जारी कर कहा था कि शेख हसीना को 18 नवंबर तक उनके समझ पेश किया जाए। इसके बाद कानून मंत्री की तरफ से यह टिप्पणी की गई थी।नजरुल ने कहा कि शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए हमारे पास कई कानूनी व्यवस्थाएं हैं। भारत और बांग्लादेश के के बीच पहले से ही प्रत्यर्पण संधि है।

*अब केंद्र सरकार करेगी अंतिम फैसला*

## जेके को पूर्ण राज्य का दर्जा एलजी ने प्रस्ताव किया मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीएम उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें केंद्र सरकार से राज्य का दर्ज बहाल करने का अनुरोध किया गया है। केंद्र शासित प्रदेश जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि, गुरुवार को उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य का मूल दर्जा बहाल कराने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।



अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा दिए बिना कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंत्रिमंडल के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अधिकारी ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना सुधार प्रक्रिया की एक शुरुआत होगी, जिससे संवैधानिक अधिकार पुनः बहाल होंगे तथा जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा होगी।

**निर्मला सीतारमण ने निवेश शिखर सम्मेलन में भाग लिया**

## फार्मा, विनिर्माण सहित अन्य क्षेत्र में निवेश के लिए किया आमंत्रित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने मैक्सिको सिटी में 'व्यापार और निवेश सहयोग बढ़ाने' पर भारत मैक्सिको व्यापार और निवेश शिखर सम्मेलन में भाग लिया। शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय व्यापार एवं वाणिज्य परिषद द्वारा किया गया था। इसमें आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य और ऑटोमोटिव क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 250 निवेशकों और व्यावसायिक कर्मियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

*एआई और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बढ़ाएं सहयोग*

*भारत ने डीबीटी से समाज को सशक्त बनाया*



**वित्त मंत्री से की मुलाकात**

निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मैक्सिको के वित्त एवं सार्वजनिक ऋण सचिव डॉ. रोजेलियो रामिरेज से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत ने एक अरब से अधिक बैंक खातों, मोबाइल फोन और डिजिटल पहचान आधार, यूपीआई, अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क और डीबीटी की नींव का लाभ उठाकर एक नई डिजिटल अर्थव्यवस्था बनाने, कमजोर लोगों के साथ समाज को सशक्त बनाने में सफलता प्राप्त की है।

**एक दूसरे के बाजारों को करें प्रोत्साहित**

निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत विकास और निवेश के लिए जबरदस्त अवसर प्रदान करता है, विशेष रूप से फार्मा, विनिर्माण और ऑटोमोटिव क्षेत्र में। यह साझेदारी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं के लिए निवेश प्रोत्साहन के माध्यम से एक-दूसरे के बाजारों में गहरी पैठ को प्रोत्साहित कर सकती है, खासकर 5जी, एआई और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे बढ़ते क्षेत्रों में। वित्त मंत्री ने बैंकिंग, फंड प्रबंधन, वैश्विक इन-हाउस क्षमता केंद्र, विमान पट्टे, जहाज पट्टे, विदेशी विश्वविद्यालयों की स्थापना जैसे क्षेत्रों में सहयोग और निवेश पर बल दिया।

*द्विपक्षीय सहयोग को मिलेगा बढ़ावा*

## सिंगापुर व ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहेंगे केंद्रीय मंत्री प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान रविवार (20 अक्टूबर) से सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया के साप्ताहिक दौरे पर रहेंगे। इसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में भारत के दोनों मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग, आपसी भागीदारी और तालमेल को बढ़ावा देना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि 20 से 26 अक्टूबर तक की धर्मेंद्र प्रधान की इस यात्रा की शुरुआत सिंगापुर से होगी। जिसमें वह रविवार को सिंगापुर में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। इसके बाद 21 अक्टूबर को उनकी सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वांग, उप प्रधानमंत्री गन किम योंग, शिक्षा मंत्री चान चुन सिंग और विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ मुलाकात होगी। भारतीय शिक्षा मंत्री एशिया में पहले पायदान पर मौजूद सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का दौरा भी करेंगे। कृत्रिम मेधा को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम एकीकरण पर चर्चा के लिए वह एक स्थानीय माध्यमिक विद्यालय भी जाएंगे। उनकी शिक्षाविदों, आईआईटी और आईआईएम के पूर्व छात्रों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों से भी मुलाकात तय है।

**23 अक्टूबर से होगा ऑस्ट्रेलिया का दौरा**

मंत्रालय ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में केंद्रीय शिक्षा मंत्री तीन दिनों तक रहेंगे। इसमें 23 अक्टूबर को मेलबर्न में उनकी सांसद और शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर से मुलाकात होगी। ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में प्रधान का भाषण होगा। साथ ही वह साउथ मेलबर्न में मौजूद प्राइमरी स्कूल का दौरा करेंगे। जो सीखने के एकीकृत दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। 25 अक्टूबर को शिक्षा मंत्री ग्रेनविले साउथ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स हाई स्कूल भी जाएंगे। इसके अलावा उनकी ऑस्ट्रेलियाई शोध विवि, ग्रुप ऑफ एट द्वारा आयोजित भारतीय शोध छात्रों के साथ चर्चा का कार्यक्रम भी है।

## क्रिकेट : भारतीय टीम की दूसरी पारी 462 रन पर सिमटी

# भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 107 रन का लक्ष्य, सरफराज का पहला टेस्ट शतक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सरफराज खान (150) और ऋषभ पंत (99) ने चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की। इससे भारत ने न्यूजीलैंड को 107 रनों का टारगेट दिया। भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमट गई। 81वें ओवर में दूसरी नई गेंद आने पर भारतीय टीम ने 54 रन के अंदर अंतिम सात विकेट गंवा दिए। टीम इंडिया की पहली पारी के 46 रन के जवाब में कीवी टीम ने 402 रन बनाए थे। सरफराज ने अपने चौथे टेस्ट में कॅरियर का पहला शतक जड़कर रिकॉर्ड बना दिया। सरफराज ने अपनी 195 गेंद की पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि पंत ने 105 गेंद की पारी में नौ चौके और पांच छक्के जड़े। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया ही था कि पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने मैच को रोक दिया। इसके बाद तेज बारिश होने लगी और दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। टीम अब तक चार गेंद की अपनी दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सकी। क्रीज पर उसके दोनों सलामी बल्लेबाज टॉम लाथम और डेवोन कोन्वे मौजूद हैं।



### पहली पारी में शून्य दूसरी में जड़ा शतक

भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने शनिवार को अपने टेस्ट कॅरियर का पहला शतक जड़ा। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज ने घरेलू क्रिकेट में अपनी शानदार फॉर्म को दूसरी पारी में बरकरार रखा। पहली पारी में सरफराज तीन गेंद खेलकर खाता खोले बिना आउट हुए थे। ऐसा 22वीं बार हुआ है जब कोई भारतीय बल्लेबाज किसी टेस्ट की पहली पारी में खाता खोले बिना आउट होने के बाद दूसरी पारी में शतक लगाने में सफल रहा है। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में गिल ने भी ऐसा किया था।

### 7वें शतक से चूके पंत



ऋषभ पंत और सरफराज खान के बीच चौथे विकेट के लिए 177 रनों की पार्टनरशिप हुई। पंत अपने टेस्ट करियर का 7वां शतक लगाने के बेहद करीब थे, तभी विलियम ओ'रूर्के की गेंद ने उन्हें बोल्ड कर दिया। शानदार फॉर्म में चल रहे ऋषभ पंत ने 94.29 की स्ट्राइक रेट से 105 गेंदों पर 99 रन बनाए।

### भारत के लिए सेंचुरी

| सेंचुरी | खिलाड़ी | वर्ष |
|---|---|---|
| पहली | लाला अमरनाथ | 1933 |
| 50वीं | पोली उमरीगर | 1961 |
| 100वीं | सुनील गावस्कर | 1977 |
| 150वीं | सुनील गावस्कर | 1983 |
| 200वीं | अजहरुद्दीन | 1990 |
| 300वीं | सचिन तेंदुलकर | 2002 |
| 350वीं | वीवीएस लक्ष्मण | 2007 |
| 400वीं | राहुल द्रविड़ | 2010 |
| 450वीं | अजिंक्य रहाणे | 2015 |
| 500वीं | विराट कोहली | 2018 |
| 550वीं | सरफराज खान | 2024* |

### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी स्टं. ब्लंडल बो पटेल | 35 | 52 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा बो पटेल | 52 | 63 | 8 | 1 |
| कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स | 70 | 102 | 8 | 1 |
| सरफराज का पटेल बो साउथी | 150 | 195 | 18 | 3 |
| ऋषभ पंत बो ओ'राउरकी | 99 | 105 | 9 | 5 |
| राहुल का ब्लंडेल बो ओ'राउरकी | 12 | 16 | 2 | 0 |
| जडेजा का यंग बो ओ'राउरकी | 05 | 15 | 1 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा हेनरी | 15 | 24 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 06 | 20 | 0 | 0 |
| बुमराह का ब्लंडेल बो हेनरी | 00 | 04 | 0 | 0 |
| सिराज का साउथी बो हेनरी | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 99.3 ओवर में 462/10
गेंदबाजी : साउथी 15-2-53-1 , हेनरी 24.3-3-102-3 , ओ'राउरकी 21-4-92-3 , पटेल 18-3-100-2, फिलिप्स 15-2-69-1, रविंद्र 6-0-30-0.

## रिचर्ड्स, गावस्कर और पोलॉक आईएमएल में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पूर्व महान खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स, सुनील गावस्कर और शॉन पोलॉक को शनिवार को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) टूर्नामेंट के संचालन परिषद का सदस्य घोषित किया गया। भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा सहित पूर्व खिलाड़ियों की भागीदारी वाले छह देशों के इस टी20 टूर्नामेंट का उद्घाटन सत्र 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। आईएमएल ने कहा, 'यह त्रिमूर्ति आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी।

## महिला विश्व कप में आज मिलेगा नया चैंपियन

एजेंसी ▶▶| दुबई

सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी20 विश्व का नया चैंपियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था।

इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला।



www.dantmani.com • Available at all medical & general stores • 24x7 Helpline:: 8558802222
Madhya Pradesh S.S. : Shayam SevaTelagency Pvt. Ltd. (Indore) : 9827034000, Unique Drug House (Indore) : 2704143, Alirajpur : 7869265252, Ashok Nagar : 7543222430, 9893061622, Balaghat : 7632240277, Barwani : 9926277144, Beena : 223442, Betul : 9425658663, Bhind : 9827151087, Bhopal : 4259772, 9827066742, Bhurhanpur : 251282, 253059, 9827249419, Chhatarpur : 9425144457, Chindwada : 242878, 236280, Damoh : 7812222075, 9752206575, Datia : 9425776003, Dewas : 9425050405, Dhar : 9893442558, Dindori : 9425164169, Guna : 9406579101, 256392, Gwalior : 9425309052, 9425736973, Harda : 222316, Hoshangabad : 9907133093, Indore : 9893898934, 9893047847, 9893058555, 9926923322, Itarsi : 237361, 9425356747, Jabalpur : 9425865646, 9300128605, Jabua : 9425033608, Katni : 223989, 9826760756, 7622297058, Khandwa : 9826213368, 2226275, Khargon : 235387, 9424564560, Mandla : 9425150026, Mandsore : 223242, 2231361, Morena : 250088, Neemach : 9977117733, Panna : 9425167593, Rajgarh : 9424406134, Ratlam : 9425104018, Riva : 2406157, 9425104018, Sagar : 9755449367, Sahadol : 240529, Sanawad : 8109212203, Satna : 235188, Sehore : 9893483940, Shajapur : 8109212203, Sidhi : 9425332006, Singrouli : 9425177070, Seoni : 9329165697, 220502, Tikamgarh : 7983240364, Ujjain : 9425092640, Vidshia : 9425614751, 2236118






Toll Free Number: 1800 266 0018
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
$ADDITIONAL CASH DISCOUNT AVAILABLE ON Flipkart amazon
¯INSTANT CASHBACK AVAILABLE ON HDFC BANK pine labs PAY LATER
Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Offer is for a limited period or till stock lasts. Offer amount may vary for model/variant and states. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ¯The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. @Basis benchmarking of entry segment motorcycles in India. **Festive Ex-showroom price of HF Deluxe Kick including cash bonus in Bhopal. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations.

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूलः खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुनाः गगन हीरो 9289922358, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदाः राहुल हीरो 9289922491, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, इंदौरः पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टाः श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोनाः आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेलीः श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपालः मानिक मोटर्स 8827379110, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंजः जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदाः ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसीः रेवा मोटर्स 9425630406, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरियाः राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़ः गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोरः प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेनः युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़ः बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरीः श्याम हीरो 7748890061, जामनेरः अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंजः प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियारालीः भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी : गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह–उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, इबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावरः नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवालीः श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुनाः गगन हीरो 9289922358, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, भिन्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342
FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930